रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2019



**बीटीआई मैदान में 46वीं जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का हुआ आगाज**

# देशभर के बाल वैज्ञानिकों के मॉडल बने आकर्षण का केन्द्र

## राज्यपाल अनुसुईया उइके, स्कूली शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय ने राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने मंगलवार को बीटीआई मैदान शंकर नगर रायपुर में 46वीं जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में लगे बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों का अवलोकन भी किया।

राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में देश के 27 प्रदेशों के 127 विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं, जो प्रमुख आकर्षण का केन्द्र है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना जिसमें नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी मॉडल को चहुंमुखी कृषि विकास एवं किसान कल्याण हेतु अभिनव पहल के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

यह नयनाभिराम मॉडल बरबस ही लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। इसके अलावा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली छत्तीसगढ़ की कक्षा 11वीं की छात्रा दीपांजलि नामदेव और जूली सोनकर के द्वारा प्रदर्शित मॉडल 'कबाड़ से जुगाड़' (गरीब पम्प) भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है।

इसमें स्थितिज ऊर्जा को गतिज ऊर्जा में फिर गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलकर सायकल से पम्प चलाकर पानी खींचना एवं अल्प मात्रा में बिजली प्राप्त करता है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, महापौर प्रमोद दुबे, प्रमुख सचिव शिक्षा गौरव द्विवेदी,एनसीईआरटी के निदेशक डॉ. ऋषिकेश देवसेनापति, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण (एससीईआरटी) समग्र शिक्षा पी. दयानंद, संचालक स्कूल शिक्षा एस. प्रकाश, कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक आदि उपस्थित थे।

### राज्यपाल एवं शिक्षामंत्री ने वर्चुअल रियालिटी किट से मानव शरीर के संरचनाओं को देखा

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि बच्चों को यह पता चलना चाहिए कि कहाँ और कैसे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और गणित में किए गए नए अनुसंधान हमें जीवन की चुनौतियों के हल प्रदान करते है। इन्हीं मुद्दों पर आधारित है स्कूल शिक्षा विभाग का स्टॉल। इस अवसर पर महापौर प्रमोद दुबे सहित गणमान्य अतिथियों ने स्टाल का अवलोकन किया। स्टॉल में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित TEAMS की सभी योजनाओं की जानकारियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ एस.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न प्रकाशन भी प्रदर्शित किए गए हैं। प्रमुख आकर्षण जिसे अतिथियों ने स्वयं करके देखा वह थर वर्चुअल रियालिटी किट इसके माध्यम से मानव शरीर की सूक्ष्म एवं आंतरिक संरचनाओं को देखा व महसूस किया जा सकता है। मानव शरीर की जिन संरचनाओं के केवल चित्र ही पाठ्यपुस्तकों में देखे गए हों, उनका जीवन्त व क्रियाशील प्रदर्शन देखना अद्भुत व रोमांचकारी रहा। मानव शरीर की अद्वितीय संरचना को क्रियाशील रूप देखना, जानना और समझ पाना शिक्षा के उद्देश्यों को पूरा करता है।

### प्रदर्शनी में 127 मॉडल शामिल

राजधानी रायपुर में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में 127 मॉडलों को बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शित किया है। राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण की थीम 'जीवन की चुनौतियों के लिए वैज्ञानिक समाधान' विषय पर केन्द्रित बाल वैज्ञानिकों ने प्रमुख वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए हैं। उनमें उत्तराखण्ड के बाल वैज्ञानिकों ने सिवरेज सिस्टम, उत्तर प्रदेश के छात्रों ने पेट्रोल गैस बर्नल से खाना बनाने, डिजास्टर मैनेजमेन्ट रोबोट, घर में झाड़ू, पोछा लगाने वाला रोबोट, चण्डीगढ़ की बालिकाओं ने पार्किन्संस के मरीज को खाने का चम्मच (स्मार्ट स्पून), मरीजों के लिए दवाई खाने का एलार्म, बीपी नापने का मशीन, दिल्ली के छात्रों ने मेडिकल एटीएम, मध्यप्रदेश के बालकों ने कोकोनट, लकड़ी का बुरादा एवं पत्ते से बायोगैस का निर्माण, गोवा के बाल वैज्ञानिकों ने बेस्ट मैनेजमेन्ट, बिहार के छात्रों ने फायर फायटिंग रोबोट एवं वेस्ट मटेरियल से कोल्ड ब्रिक्स निर्माण, सीएटी धर्मशाला के बालिकाओं ने भौतिकी के सूत्र को आसान बनाने एवं चारकोल फिल्टर, केरल के बाल वैज्ञानिकों ने न्यूमेरिकल कंट्रोल मशीन, महाराष्ट्र के छात्रों ने बहुउद्देशीय कृषि यंत्र, चण्डीगढ़ के बालकों ने केले के पौधे से रोपमेट (रस्सी, पेपर एवं बैग) बनाने, विन्डटावर तथा गुजरात के छात्रों ने बैटरी लेस इलेक्ट्रानिक कार आदि मॉडल का प्रदर्शन किया।





# राज्य के सभी जिलों में बनेंगे इंडोर स्टेडियम, सरकारी जमीन से आय बढ़ाने के दिए निर्देश

- रायपुर में मंत्री ताम्रध्वज साहू ने ली लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में इंडोर स्टेडियम बनाए जाएंगे। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मंगलवार को रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। इस बैठक में कार्यपालन अभियंता राज्यभर से पहुंचे। उन्होंने संभागवार सड़कों के संधारण तथा वार्षिक बजट में शामिल सड़क और पूल कार्यों के की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य रूप से प्रदेश की सभी मार्गों को गड्ढा मुक्त करने हेतु आवश्यक मरम्मत कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने कहा।

### नाराज हुए मंत्री जी

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में लगभग 6000 किलोमीटर लंबाई की सड़कें वर्तमान में परफॉर्मेंस गारंटी में है। इस जानकारी पर मंत्री ने कड़े रूख अपनाते हुए कहा कि परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत आने वाली सड़कों का निरीक्षण तत्काल करें और यह तय करें कि यदि इन मार्गों में कोई क्षति हुई है तो उनके मरम्मत का कार्य संबंधित ठेकेदारों से उन्हीं की राशि से करवाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में होने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए, निरीक्षण दल का गठन करने के निर्देश दिए। जो निर्माण कार्यों की जांच अचानक मौके पर पहुंचकर करेगा और इसकी रिपोट सरकार को देगा। मंत्री साहू ने कार्यपालन अभियंता स्तर पर 20 लाख रूपए तक के कार्य सामान्य निविदा से करने और पंजीकृत बेरोजगार इंजीनियरों को काम देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यपालन अभियंताओं को जिला स्तर पर नियमित बैठक लेने और विभागीय कार्यों तथा उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया ताकि विभाग की महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंच सके।

# मंत्री रविन्द्र चौबे पहुंचे कांग्रेस मुख्यालय



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मिलिए मंत्री से कार्यक्रम में आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे पहुंचे और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ ही आमजनों से प्रत्यक्ष मुलाकात की। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज प्रदेश के संसदीय कार्य, कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछली, जलसंसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे पहुंचे। दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आमजनों से प्रत्यक्ष मुलाकात की। इस दौरान श्री चौबे ने अपने विभाग से संबंधित शिकायतें और सुझाव भी सुनी। मंत्री श्री चौबे से मिलने पहुंचे आमजनों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्हें समस्या निवारण के लिए निवेदन भी किया। श्री चौबे ने समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा इनके त्वरित निराकरण का आश्वासन भी दिया।

# मैक में इंटरनेशनल आर्ट फेस्टिवल आज से

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



आईपीएएफ भारत की समृद्ध कला और संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने का एक माध्यम है। आईपीएएफ (डब्ल्यू डब्ल्यूडब्ल्यू डॉटआईपीएएफ डॉट ग्लोबल) का मुख्य उद्देश्य लद्दाख से त्रिवेंद्रम और इम्फाल से अहमदाबाद तक आईपीएएफ का आयोजन करके समाज और संस्कृति को एकजुट करने में केंद्रित है, जिससे राष्ट्रीय एकीकरण होता है।

आईपीएएफ की शुरूआत श्याम पाण्डे ने की थी। चार सालों में आईपीएएफ ने विभिन्न राज्यों में 70 से ज्यादा प्रोग्रामों का आयोजन किया है। आज भारत के हर राज्य की राजधानी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहरों में प्रतिवर्ष आर्ट फेस्टिवल का आयोजन करती रही है। आईपीएएफ दिव्यांग कलाकारों, युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने और उन्हें सम्मान और सम्मान के साथ जीवन जीने में मदद करने में गहरी दिलचस्पी लेता है। आईपीएएफ को 23 जुलाई 2015 को अहमदाबाद में लॉन्च किया गया था, तब से आईपीएएफ दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, गुरुग्राम, बैंगलोर, गुवाहाटी, लखनऊ, नागपुर वाराणसी, शिलांग, रायपुर, कोलकाता (आईपीएएफ ने पुनर्जागरण को बढ़ावा देने के लिए नाटक को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया है), भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, भोपाल (आईपीएएफ ने स्पेशल आर्टिस्ट्स को सपोर्ट करने के लिए डीहेट लॉन्च किया), लद्दाख, त्रिवेंद्रम, देहरादून, जयपुर जम्मू और हैदराबाद।


# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई देने कार्यकर्ताओं का लगा हुजुम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मौलश्री विहार स्थित निवास में पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के 68 वे जन्मदिन के अवसर पर उन्हें बधाई देने सुबह से देर रात तक कार्यकर्ताओं का हुजुम लगा रहा। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं ने पूर्व केबिनेट मंत्री राजेश मूणत के नेतृत्व में रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई दी इस अवसर पर छगन मुंदड़ा, राजीव अग्रवाल, अशोक पांडेय, गोवर्धन खंडेलवाल, सत्यम दूबा,नवीन शर्मा, बजरंग खंडेलवाल, अमित मेशरी, पवन केशरवानी, पुरषोत्तम देवांगन, दीनानाथ शर्मा, विनोद अग्रवाल, ओंकार बैस, मीनल चोबे, चन्नी वर्मा, शेलेन्द्री परगनिहा, गोपी साहू, सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने बधाई दी।



### मुख्यमंत्री भूपेश ने दी बधाई



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के जन्मदिन पर मंगलवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बधाई संदेश जारी करते हुए रमन सिंह के दीर्घायु होने की कामना की है। अपने ट्वीटर एकाउंट में बधाई संदेश पोस्ट कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा-भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में मेरे साथी राजनांदगांव विधायक डा. रमन सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर आपको स्वस्थ्य रखें एवं दीर्घायु प्रदान करें।

# पॉवर कंपनी में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर हेतु 18 को कम्प्यूटर टाईपिंग परीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की भर्ती हेतु द्वितीय चरण के लिये चयनित उम्मीदवारों की हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग की कौशल परीक्षा 18 अक्टूबर को आयोजित की गई है।

कौशल परीक्षा केन्द्र रायपुर (सरोना) भिलाई (सिरसाकला) एवं बिलासपुर (लक्ष्मीचंद कालेज) में बनाये गये हैं। इस हेतु अभ्यर्थियों को ई-एडमिट कार्ड उनके ई-मेल पर प्रेषित किये गये है। साथ ही पॉवर कंपनी की वेबसाईड डब्लू डब्लू डॉट सी.एस.पी.सी.डॉट सी.ओ. डॉट आई.एन. से भी ई-एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त जानकारी अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) विजय मिश्रा ने दी।कौषल परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की समस्याओं के निदान के लिये 17 अक्टूबर को रायपुर मुख्यालय (डंगनिया) एवं बिलासपुर मुख्यालय (तिफरा) में सुविधा केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन सुविधा केन्द्रों में प्रातः 11.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक उम्मीदवार ऑन लाईन आवेदन की पॉवती, प्रमाण पत्रों एवं फोटो पहचान पत्र की प्रति के साथ उपस्थित होकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं। परीक्षार्थियों हेतु दिशा-निर्देश- हिन्दी एवं अग्रेजी कम्प्यूटर टाईपिंग परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के लिये जारी दिशा-निर्देश के संबंध में उन्होंने जानकारी दी।

### छत्तीसगढ़ के दोनों पूर्व मुख्यमंत्री जेल जाने की कगार पर : मोहन मरकाम

**जगदलपुर।** जगदलपुर कांग्रेस भवन में आयोजित एक पत्रवार्ता में मोहन मरकाम ने आगामी चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव जीतने का दावा किया है। इसके साथ ही भाजपा शासनकाल में हुए भृष्टाचारों के मामले के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछली सरकार के द्वारा किये गए भृष्टाचारों की जांच चल रही है। फिलहाल, प्रदेश के दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी और रमन सिंह जेल जाने की कगार पर है। पत्रकारवार्ता के दौरान मोहन मरकाम ने कहा, कि दोनों पूर्व मुख्यमंत्री जेल जाने की तैयारी में चल रहे हैं, उनके ऊपर चाहे नान घोटाला हो या टेंडर घोटाला से लेकर जितने भी घोटाले हुए हैं उनकी जांच चल रही है।

# दीपावली के ठीक पहले बाजारों में दिखने लगी त्योहारी रौनक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के बाजारों में अब धीरे-धीरे त्योहारी खुमारी छाने लगी है। 25 अक्टूबर को धनतेरस के साथ ही दीपोत्सव का आगाज हो जाएगा। इस लिहाज से दीपावली जैसे प्रमुख और बड़े पर्व के लिए अब केवल 10 दिन का समय शेष रह गया है। बाजारों में दीपोत्सव की रौनक बढ़नी शुरू हो गई है। दीपोत्सव पर्व के लिए महज 10 दिन का समय शेष रह गया है। राजधानी के बाजारों में त्योहारी खुमारी अभी से दिखने लगी है। शहर के गोलबाजार, मालवीय रोड, पुरानीबस्ती, शास्त्रीबाजार, पंडरी जैसे बड़े इलाकों में ग्राहकी बढ़नी शुरू हो गई है। त्योहारी ग्राहकी के चलते अब बाजारों में देर रात तक रौनक बढ़ती जा रही है। इधर व्यापारी वर्ग भी दीपावली पर्व को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर चुके हैं। रेडिमेड क्लाथ सेक्टर के अलावा, पटाखा व्यापारियों की तैयारी पूरी हो चुकी है और व्यापार के इन सेक्टरों में अभी से ग्राहकी जोर पकड़ने लगी है। इसी तरह डेकोरेशन आयटमों के साथ ही रंग-रोगन की दुकानों में भी भीड़ बढ़ चुकी है। शहर के मालवीय रोड स्थित रंग-रोगन की दुकानों में अच्छी ग्राहकी शुरू हो चुकी है। ऑटोमोबाइल सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल्स सेक्टर में भी त्योहारी ग्राहकी शुरू हो चुकी है। ऑटोमोबाइल सेक्टर में त्योहारी ग्राहकी की बूम शुरू हो चुकी है। शहर के अधिकांश ऑटो मोबाइल शॉप में धनतेरस के लिए दोपहिया-चारपहिया वाहनों की बुकिंग नवरात्रि के समय से ही शुरू हो चुकी है। अधिकांश शॉप में धनतेरस के लिए वाहनें बुक की गई हैं, जिन्हें ग्राहक धनतेरस के शुभ मुर्हूत में अपनी नई गाड़ियां घर लेकर जाएंगे। इधर इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल्स दुकानों में भी ग्राहकी बढ़ने लगी है। घरों में रंग-रोगन के बाद आकर्षक विद्युत सज्जा के लिए लोग रंगीन झालर, डेकोरेटिव लाईट लेने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे हैं। रेडिमेड क्लाथ स्टोर्स में भी दीपावली की खरीददारी नवरात्रि के साथ ही शुरू हो गई थी। विजयादशमी पर्व के बाद त्योहारी ग्राहकी अब बढ़नी शुरू हो गई है। इसी तरह घरों में सजावट के लिए काम आने वाले रंगोली और अन्य सजावटी सामानों की डिमांड भी बढ़ गई है।

श्री बालाजी
हॉस्पिटल मोवा, रायपुर
न्यूरो सर्जरी, अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग
घुटना प्रत्यारोपण
(TOTAL KNEE REPLACEMENT)
₹ 1,50,000/-*
कूल्हा प्रत्यारोपण
(TOTAL HIP REPLACEMENT)
₹ 1,60,000/-*
स्पाईन सर्जरी
₹ 70,000/-*
आयुष्मान से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध
*नियम व शर्तें लागू
दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
9926191294,9340098466

**सत्यापन और पुनरीक्षण पर केन्द्रित 18 नवम्बर तक चलेगा विशेष कार्यक्रम**

# मतदाता सत्यापन और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की बढ़ी अवधि

- मतदाता सूची का 20 जनवरी को होगा अन्तिम प्रकाशन
- एक जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाता को होगी पात्रता

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समयावधि बढ़ा दी है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की समय-सारणी में हुए संशोधन के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 18 नवम्बर 2019 सोमवार तक इस पर केन्द्रित गतिविधियां पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में गहनता से संचालित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को अपने मतदाता होने का सत्यापन कराने के लिए 15 अक्टूबर 2019 तक की तिथि निर्धारित थी। जिसे अब बढ़ा दिया है, वहीं संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि बढ़ने से राज्य के युवा मतदाता को पात्रता होगी। बताया गया कि 01 जनवरी 2020 को 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले मतदाताओं को ध्यान में रखकर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का यह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है।

मुख्य निवार्चन पदाधिकारी ने समय-सारणी के अनुरूप संचालित पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की बढ़ी हुई अवधि के अनुसार मतदाता सूची के एकीकृत प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन 25 नवम्बर 2019 सोमवार को किया जायेगा। प्रारंभिक प्रकाशन के तुरत बाद 25 नवम्बर 2019 से 24 दिसम्बर 2019 मंगलवार तक दावे-आपत्ति किये जा सकेंगे। प्राप्त दावे-आपत्ति का निराकरण करने के लिए 10 जनवरी 2020 शुक्रवार तक की तारीख निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावलियों की अनुपूरक सूची 17 जनवरी 20120 तक तैयार कर ली जाएगी। इसके पश्चात 20 जनवरी 2020 सोमवार को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस संदर्भ में प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग से जारी निर्देश और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

# हर्षित लैंडमार्क से संतुष्ट कस्टमर का बड़ा वर्ग जुड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर्षित लैंडमार्क में दर्जनों परिवार सिंघानिया बिल्डकॉन के संतुष्ट कस्टमर ग्रुप में जुड़ गए संतुष्ट ग्राहको का कहना है कि वे हर्षित लेण्ड मार्क में बुकिंग इसलिए करा रहें है क्योंकि यह प्राजेक्ट प्राइम लोकेशन, परिवार सहित निवाास करने हेतु सुरक्षित केम्पस, विश्व स्तरीय निर्माण की गुणवत्ता, प्रोजेक्ट के समीप स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, मार्केट, पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था, बदले आधुनिक जीवन के अनुरूप प्रोजेक्ट में सुख-सुविधायें जहां निवेश करने पर भविष्य में अच्छा लाभ देगा, सिंघानिया बिल्डकॉन का हर्षित लेण्डमार्क हर कस्टमर की परख के इन मानदण्डों पर पूर्णतः खरा उतरता है। क्योंकि यह सब सिंघानिया बिल्डकॉन सिर्फ बताते नही है कस्टमर को साइट से जुड़ी समस्त अप्रुवल, निर्माण स्टक्चर की वर्तमान स्थिति को साइट में दिखाते भी है। तो फिर क्यों न जुड़े ग्रुप एवं प्रोजेक्ट के साथ । वे इस बात को लेकर खुश थे कि बुकिंग करा ली तो पजेशन तक ईएमआई नहीं देना पड़ेगा और जो कीमत देकर वे फ्लैट ले रहे हैं उसमें जीएसटी के साथ और भी छूट हैं, साथ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाली 2.67 लाख रुपए का निश्चित फायदा भी मिलेगा। हर्षित लैंडमार्क में फ्लैट लेने वालों के लिए वाकई में बचत का सौदा है। कुछ कस्टमर परिवार तो कई जगहों पर प्रापर्टी देख चुके थे, लेकिन आखिर में उन्हे पसंद आया तो केवल हर्षित लैंडमार्क। इसका कारण भी वे बताते हैं कि जिस लोकेशन व जिस बजट पर फ्लैट उन्हे उपलब्ध कराया जा रहा है कुछ साल बाद यहां अपना मकान खरिदना सपने के समान होगा। इसलिए कि उसमें सब कुछ फ्यूचर को देखकर ही तैयार किया जा रहा है। आज यदि 13.75 लाख में फ्लैट ले रहे हैं जिसमें (जीएसटी, ओपन एरिया दोपहिया पार्किंग, बिजली कनेक्शन व पावर बैक अप) पूरी तरह मुफ्त हैं।

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-61 मूल्य 3.00 ₹

# लगभग तय...
# अब छत्तीसगढ़ में पार्षद ही चुनेंगे अध्यक्ष और महापौर

**ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से होगा चुनाव, मंत्रिमंडल समिति ने लिया फैसला**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। महापौर के लिए अप्रत्यक्ष तरीके से चुनाव के मसौदे पर सरकार की मुहर लग गई है। अब मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी पार्षद ही महापौर का चुनाव करेंगे। अब यह कहा जा सकता है कि इस बार स्थानीय निकाय चुनाव में नगरपालिकाओं, निगमों के प्रमुखों का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से किया जाएगा। साथ ही ईवीएम की जगह बैलेट पेपर का प्रयोग किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष और मेयर तय आरक्षण के आधार ही जो पात्र उम्मीदवार ➢शेष पेज 8 पर

**भाजपा विरोध में**

### फैसले के विरोध में भाजपा आज करेंगी धरना-प्रदर्शन

महापौर और अध्यक्ष का अप्रत्यक्ष तरीके से चुनाव कराने के सरकार के फैसला का विरोध शुरु हो गया है. इस संबंध में भाजपा नेताओं ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कांग्रेस सरकार अपनी विफलता से डरी हुई है, इस कारण जनता से सीधे अध्यक्ष व महापौर चुनने का अधिकार मतदाताओ से छीनना चाहती है. जिसका हर स्तर पर विरोध करने का निर्णय भाजपा ने किया है. फैसले के विरोध में भाजपा 16 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी. मोतीबाग के पास आयोजित धरना-प्रदर्शन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल अनुसूईया उइके को सरकार के इस फैसले के विरोध में ज्ञापन सौंपेंगे और उनसे अध्यादेश पर अपनी सहमती न प्रदान करने का आग्रह भी करेंगे।



### खरीद फरोख्त की आशंका

वहीं खरीद फरोख्त की आशंका को लेकर वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा ऐसा कुछ नहीं होगा. निर्वाचन व्यय में कमी को लेकर यह निर्णय लेना आवश्यक था। सीमित साधन में भी पार्षद बन सकते हैं. जनता को उनके वास्तविक अधिकार मिलने चाहिए इसलिए यह फैसला किया गया। बता दें कि बीजेपी इस फैसले का विरोध कर रही है। बीजेपी ने कांग्रेस पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि साल 1994 में अविभाज्य एमपी में महापौर और अध्यक्ष पार्षद करते थे। इसके बाद साल 1999 से इनका चुनाव, विधायक-सासंद की तरह सीधे जनता के द्वारा होता आ रहा है।

## क्विक न्यूज़

### राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को भी ओएसडी हटाए गए

**रायपुर।** शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह के ओएसडी हटाए जाने के बाद से मंत्री जयसिंह अग्रवाल के ओएसडी हटाए गए. आदेश में डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारी प्रकाश चंद्र कोरी का अटैचमेंट समाप्त कर दिया गया है.कोरी मार्कफेड में प्रबंधक के पद पर थे. उन्हें इस साल 6 मार्च को राजस्व आपदा प्रबंधन और वाणिज्यकर मंत्री जयसिंह अग्रवाल का ओएसडी नियुक्त किया गया था जिन्हे प्रशासन के आदेश के बाद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

### मोदी सरकार सुपरसोनिक गति से विकास कर रही : राजनाथ

**ठाणे (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ठाणे में एक रैली में कहा कि कांग्रेस ने जाति, संप्रदाय और धर्म के आधार पर समाज में फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई है। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने समुदायों और जातियों के बीच हर तरह के मतभेदों को खत्म करने की कोशिश की है। महाराष्ट्र के मीरा-भयंदर से भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र मेहता के लिए चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में कोई सांप्रदायिक दंगे नहीं हुए, जबकि कांग्रेस के शासन में ऐसा नहीं था।

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 39,222 | +22 |
| चांदी | 49,100 | -500 |

## इनसाइड स्टोरी

**विधायक रंजना साहू ने एकजुट होकर निर्माण कार्यो...**
पेज-04

### सोना 200 रुपये, चाँदी 450 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** दिवाली और धनतेरस से पहले जेवराती माँग आने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना मंगलवार को 200 रुपये चमककर 39,570 रुपये प्रति 10 ग्राम पर और चाँदी 450 रुपये की छलाँग लगाकर करीब एक सप्ताह के उच्चतम स्तर 47,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही मामूली गिरावट का असर स्थानीय बाजार पर नहीं दिखा। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 0.1 प्रतिशत लुढ़ककर 1,490.70 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### आंध्र में घाटी में बस पलटी, 9 की मौत, 11 घायल

**काकीनाड़ा, (वार्ता)।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी एजेंसी क्षेत्र के मारडुमिली-चिंतूर घाट सड़क पर मंगलवार की दोपहर एक निजी पर्यटक बस के नियंत्रण खो कर 30 मीटर गहरी खाई में गिरने से नौ पर्यटकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बस भद्रचलम मंदिर से राजमुंदरी के रास्ते में थी कि इस बीच में यह हादसा हुआ। घटनास्थल यहां से 85 किलोमीटर दूर स्थित है। पूर्वी गोदावरी जिले के पुलिस अधीक्षक अदनान नईम असमी जो दुर्घटना के घटनास्थल पर रवाना हो रहे थे।

## करवाचौथ की तैयारी



**रायपुर।** राजधानी का बाजार सज धजकर तैयार और खरीदी के लिए ग्राहक भी पूरे उत्साह के दौर में। दीवाली से पहले मनाए जाने वाले करवाचौथ के लिए सुहागिन महिलाएं अपने पूरे शवाब पर है। बाजार में सुहागिन महिलाएं अपनी मन पसंद चूड़ियों की खरीददारी कर रही है। फोटो- राजेश जंघेल

### हमने गांगुली को बीसीसीआई का अध्यक्ष नहीं बनाया, हमारे बीच कोई डील नहीं हुई : शाह

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय है। उन्होंने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। निर्वाचन की घोषणा 23 अक्टूबर को होगी। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि बीसीसीआई अध्यक्ष चुनने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि गांगुली के साथ उनकी किसी प्रकार की कोई डील नहीं हुई।



शाह ने कहा, ''बीसीसीआई का अध्यक्ष कौन होगा, यह सब मैं तय नहीं करता। इसके लिए बीसीसीआई की अपनी चुनाव प्रक्रिया है। ➢शेष पेज 8 पर

### 'म्हारी छोरी छोरों से कम है के', दुनिया बोली हिंदुस्तान की बेटियां धाकड़ हैं : मोदी

एजेंसी ◄ पानीपत
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हरियाणा के चरखी दादरी में चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने बबीता फौगाट के समर्थन में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 'म्हारी छोरी छोरों से कम हैं के' का नारा अभियान बन गया। ऐसी आवाज के आंदोलन बनने पर दुनिया कहने को मजबूर होती है कि हिंदुस्तान की बेटियां धाकड़ हैं। दोपहर में मोदी कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे। यहां वे जीटी रोड बेल्ट के 17 प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे।



मोदी ने कहा, ''आपके बीच आना, आपका दर्शन करना, यह मेरे लिए सौभाग्य होता है। ➢शेष पेज 8 पर

**आरएसएस-भाजपा पर लगाया आरोप**

### मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को नहीं मिली लैंडिंग की इजाजत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हेलीकॉप्टर को लैंडिंग की इजाज़त नहीं दी गई। मामला महाराष्ट्र के सकोली का है। मंगलवार को सीएम का चुनावी कार्यक्रम तय था, लेकिन ऐन मौके पर उन्हें वहां हेलीकॉप्टर से जाने पर जिला प्रशासन ने रोक दिया।



भंडारा में कार्यक्रम के बाद सीएम बघेल को सकोली पहुंचना था। इस पर मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि जिस स्थान पर दो दिन पहले प्रधानमंत्री सभा करके गए, उस स्थान पर एक निर्वाचित मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देना लोकतंत्र की हत्या है। जिला प्रशासन चुनाव को लेकर निष्पक्ष नहीं है। भाजपा और आरएसएस ने आज फिर दिखा दिया कि उनका राष्ट्रवाद हिटलर और मुसोलिनी से प्रेरित है। इससे एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने नागपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया था। उन्होंने नागपुर पूर्व विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पुरुषोत्तम हजारे के लिए प्रचार किया। पुरुषोत्तम नागपुर में एक किराए के मकान में रहते हैं उनकी मां सब्जी बेचने का काम करती हैं। नागपुर उत्तर ➢शेष पेज 8 पर

**जमीन अदला-बदली का मामला**

### भाजपा नेता व पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**बिलासपुर।** भाजपा नेता व पूर्व कलेक्टर ओ पी चौधरी को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है । कोर्ट ने उसके खिलाफचल रही जांच पर रोक लगाते हुए राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है । उल्लेखनीय है कि ओपी चौधरी के खिलाफ दंतेवाड़ा में कलेक्टरी के दौरान जमीन की अदला बदली के एक प्रकरण में नियमों की अवहेलना का मामला बना था। कांग्रेस सरकार आने के बाद सचिव स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में नई जांच समिति बनायी थी। ओपी चौधरी ने हाईकोर्ट में इस नई जांच कमेटी को चुनौती दी थी। जस्टिस पी सैमकोशी ने इसकी सुनवाई की और राज्य सरकार की उस समिति जिसमें सी के खेतान अध्यक्षता कर रहे हैं उसे जाँच करने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब के लिए नोटिस भी जारी किया है। याचिकाकर्ता की ओर से गैरी मुखोपाध्याय और विवेक शर्मा ने पैरवी की है। प्रकरण की अगली तारीख 6 नवंबर ➢शेष पेज 8 पर



**मंत्री अमरजीत के सख्त तेवर**

### राशन कार्ड में हुई गड़बड़ी तो जिम्मेदार होंगे कलेक्टर

**रायपुर/बिलासपुर।** प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने बिलासपुर प्रवास के दौरान मस्तूरी एसडीएम पर राशन कार्ड में गड़बड़ी के आरोप लगने पर कलेक्टर से जवाब तलब कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने की बात कही है..यही नही मंत्री भगत ने गौठानो में हुए मवेशियों की मौतो के लिए कलेक्टर को जिम्मेदार ठहराया है। दरअसल अपने बिलासपुर प्रवास के दौरानो खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बयान दिया है कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में गड़बड़ियां बर्दाश्त नही की जाएगी और ऐसे मामलों में जांच के बाद दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। मंत्री अमरजीत भगत ने कांग्रेस द्वारा मुंगेली में आयोजित गांधी विचार पदयात्रा में प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री के शामिल होने पर भी कहा कि देश के लिये गांधी जी सर्वोपरि है और सभी देशवासियों को गांधी जी का सम्मान करना चाहिए। वही दंतेवाड़ा उपचुनाव ➢शेष पेज 8 पर



**अव्यवस्था देख डाक्टरों को लगाई फटकार**

### राज्यपाल अनुसूईया उईके औचक निरीक्षण पर पहुंची जिला अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसूईया उइके देश के तमाम राज्यपालों से कई मायनों में बेहद विशिष्ट हैं। वे आम जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर बेहद संवेदनशील भी हैं। इस बात का गवाह बना राजधानी का कालीबाड़ी स्थित जिला अस्पताल। राज्यपाल मंगलवार को शासकीय अस्पताल की व्यवस्था और मरीजों का हालचाल जानने के लिए वे औचक निरीक्षण पर कालीबाड़ी स्थित अस्पताल पहुंच गई। उसके बाद नजारा देखने लायक था।



**अस्पताल प्रबंधन सन्न रह गया :** राज्यपाल के औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। इस दौरान वे अस्पताल के हर वार्ड में पहुंची और सुविधाओं से लेकर इलाज तक का जायजा लिया। वार्ड में पहुंचने पर उन्होंने मरीजों से इलाज के बारे में जानकारी ली साथ ही अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर भी पूछताछ किया। औचक निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था को लेकर उन्होंने जमकर अपनी नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान जब से पेयजल स्थल पर पहुंची और उसकी ➢शेष पेज 8 पर


**आयशर मोटर्स के शेयर में 5 प्रतिशत उछाल, वेदांता में 4 प्रतिशत बढ़त**

# सेंसेक्स 292 अंक चढ़कर 38506 पर, निफ्टी 87 प्वाइंट ऊपर 11428 पर बंद

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन फायदे में रहा। सेंसेक्स 291.62 अंक की बढ़त के साथ 38,506.09 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 421 अंक चढ़कर 38,635.19 तक पहुंचा था। निफ्टी की क्लोजिंग 87.15 प्वाइंट ऊपर 11428.30 पर हुई। इंट्रा-डे में 121 अंक की तेजी के साथ 11,462.35 का उच्च स्तर छुआ था।

**भारती एयरटेल का शेयर 3 प्रतिशत लुढ़का, इन्फोसिस में 2 प्रतिशत गिरावट**



### ऑटो इंडेक्स में 2.2 प्रतिशत बढ़त

सेंसेक्स के 30 में से 25 और निफ्टी के 50 में से 41 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। ऑटो, मेटल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में ज्यादा खरीदारी हुई। एनएसई पर 11 में से 10 सेक्टर इंडेक्स फायदे में रहे। ऑटो इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2.2 प्रतिशत तेजी आई। दूसरी ओर आईटी इंडेक्स 0.45 प्रतिशत नुकसान में रहा।

### निफ्टी के टॉप-5 गेनर

| शेयर | बढ़त |
|---|---|
| आयशर मोटर्स | 4.69 |
| वेदांता | 4.03 |
| जी एंटरटेनमेंट | 3.17 |
| ओएनजीसी | 2.70 |
| हीरो मोटोकॉर्प | 2.64 |

### निफ्टी के टॉप-5 लूजर

| शेयर | गिरावट |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.83 |
| इन्फोसिस | 2.18 |
| इन्फ्राटेल | 1.27 |
| टाटा मोटर्स | 1.02 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.88 |

**आईएनएक्स मीडिया केस**

### पी चिदंबरम को झटका, ईडी को मिली गिरफ्तारी की इजाजत

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आईएनएक्स मीडिया केस में कांग्रेस के सीनियर नेता पी चिदंबरम को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली कोर्ट से ईडी को चिदंबरम को गिरफ्तार करने की इजाजत मिल गई है। बता दें कि फिलहाल चिदंबरम इसी केस में सीबीआई की गिरफ्तारी में हैं। उन्हें तिहाड़ जेल में रखा गया है। आज ही चिदंबरम ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी। इसमें सीबीआई पर आरोप लगाया गया था कि एजेंसी उन्हें अपमानित करने के लिए जेल में रखना चाहती है।



दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने ईडी को चिदंबरम से पूछताछ करने की इजाजत दी है। यह पूछताछ अधितकम 30 मिनट तक चल सकती है। इसके अलावा कोर्ट ने ईडी को जरूरत लगने पर चिदंबरम को गिरफ्तार करने की इजाजत दी है। अब ईडी अधिकारी बुधवार को तिहाड़ जेल जाएंगे। स्पेशल कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने वहीं पूछताछ और गिरफ्तारी की इजाजत मांगी थी। इसपर कोर्ट ने ईडी से कहा कि यह इनकी (चिदंबरम) गरिमा के मुताबिक नहीं होगा कि आप यहां सार्वजनिक रूप से उनसे पूछताछ और गिरफ्तार करें।

## क्विक न्यूज

### मगरलोड में तहसीलदार ने अतिक्रमण हटवाया

**धमतरी।** जिले के तहसीलदार मगरलोड की संयुक्त टीम ने तहसील मगरलोड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरझिटी के महेंद्र साहू के द्वारा किये गए अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ने की एक तरफा कार्यवाही की। कार्यवाही होते देख पूरा परिवार हतप्रभ रह गया एवं रोते बिलखते राह गए लेकिन तहसीलदार का हृदय एक न पिघला तथा तहसीलदार के आदेश पर पुलिस बल द्वारा कार्यवाही होते तक बलपूर्वक उसी के ही घर में बंधक बनाए रखा। पहले तो उस परिवार के महिलाओं द्वारा अपनी जीवनलीला समाप्त करने की चेतावनी पर डर गई एवं अपनी टीम को वापस ले गई लेकिन 3.4 घंटे बाद पुलिस जवानों की एवं महिला पुलिस बल बुलाकर पुनः तोड़ने की कार्यवाही शुरू लेकिन फि र भी परिवार इससे सहमत नहीं था एवं रोकने के लिए गिड़गिड़ाते रहा जिसे पुलिस उसी के घर मे ले जाकर बैठा, रखा। दरअसल पूरा मामला पीडब्यूडी विभाग ब्रिज के लापरवाही से जुड़ा है।

### वायुसेना की भर्ती में 13 जिलों के अभ्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**धमतरी।** भारतीय वायु सेना में भर्ती के लिए खुली रैली का आगाज आज अलसुबह से हो गया। इसके पहले चरण में प्रदेश भर के 13 जिलों के अभ्यर्थी रैली में शामिल होकर विभिन्न परीक्षणों के दौर से गुजर रहे हैं। पहले चरण के पहले दिन आज 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी रैली में हिस्सा लेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाने पसीना बहा रहे हैं। स्थानीय आमातालाब रोड स्थित पंढरीराव कृदत्त इनडोर स्टेडियम में आयोजित भर्ती रैली में अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश द्वार बनाया गया है जहां पर उन्हें टोकन वितरित कर परिसर में बैठाकर वायुसेना के अधिकारियों के द्वारा भर्ती प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाती है। इसके उपरांत अभ्यर्थियों की ऊंचाई मापकर सत्यापन किया जाता है। तत्पश्चात् उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र सहित एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण सेना के अधिकारियों के द्वारा किया जाता है।

# विधायक रंजना साहू ने एकजुट होकर निर्माण कार्यों में हाथ बंटाने की अपील की

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत जुनवानी में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण 14ण13 लाखए सीसी रोड 7 लाख, किचन शेड निर्माण 3 लाख का भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रंजना साहू विधायक, अध्यक्षता रघुनंदन साहू अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, विशिष्ट अतिथि कविता योगेश बाबर सदस्य जिला पंचायत, जानकी हीरा साहू सदस्य जनपद पंचायत, अनिता यादव जनपद सदस्य, पार्षद सरिता यादव, गीता पाण्डे, फ लेश साहू, गौकरण साहू, चौथराम साहू सोसायटी सदस्य, राजेंद्र साहू सोसायटी सदस्य, वरिष्ठ नागरिक ईशु राम साहू, सुमरन साहू, सूरजभान साहू, भोजराज साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

जिसमें स्वागत उद्बोधन में सरपंच राकेश साहू ने कहा कि ग्राम जुनवानी के विकास में विधायक रंजना साहू के प्रयास से प्राथमिक शाला के लिए तीन अतिरिक्त कक्ष सीसी रोड, सामुदायिक भवन किचन शेड विधायक मद से एवं स्कूल शिक्षा विभाग से राशि स्वीकृति से ही विकास कार्य हो रहे हैं। जिसके लिए विधायक आभार जताते हैं। जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर का भी ग्राम पंचायत जुनवानी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनका भी आभार व्यक्त किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक रंजना साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांवों के विकास के लिए सभी लोगों की एकजुटता होना अनिवार्य है । सामुदायिक भवनए मंच, नालियों की साफ-सफाई देखरेख सबसे ज्यादा जरूरी है, जिससे उसका निरंतर उपयोग होता रहे। उन्होंने प्रकृति को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करने का और उन्हें बचाने का संकल्प दिया। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता से प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने की अपील की एवं गांव के दिव्यांग जगदीश राम साहू को स्टिक छड़ी भेंट किया। इस कार्यक्रम में विशेष रुप से ग्राम पंचायत के उपसरपंच धनराज साहू, पंच हिंछाराम साहू, गजराज साहू, धनीराम ध्रुव, कुमारी बाई, श्यामा बाई, ताराबाई,ग्रीन आर्मी, भारत माता वाहिनी, महिला कमांडो की सदस्याएं, प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला के शिक्षक, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष महेंद्र साहू, एसएमसी अध्यक्ष दानेश्वर साहू, शिक्षाविद् ज्ञानीराम साहू,महेशराम साहू पूर्व फ ौजी, विष्णु राम बैगाए सुभाष साहू, लोचन साहू, गोपाल दास मानिकपुरी, रामायण यादव,भोजराम साहू,लोमश साहू, पंचायत कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## कबड्डी का खेल मानसिक-शारीरिक दक्षता का खेलः रंजना साहू



ग्राम गुजरा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके समापन समारोह के अवसर पर विधायक रंजना डीपेंद्र साहू प्रमुख रूप से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहीं। विधायक रंजना साहू ने कहा कि कबड्डी का खेल मानसिक एवं शारीरिक दक्षता का खेल हैए जिसमें जो टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एकता का परिचय देती है वही टीम विजयी होती है। कबड्डी हमारा प्राचीनतम खेल है। इस खेल को द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने भी खेला है। यह खेल आज विभिन्न जगह पर प्रतियोगिता के रूप में आयोजित की जा रही है जिससे प्रतिभावान खिलाड़ी निखर कर सामने आ रहे हैं। सफ ल आयोजन के लिए श्री सिद्धि विनायक सेवा संस्थान के समिति के सदस्य एवं ग्रामवासियों को बधाई दी। कार्य म की अध्यक्षता कुंजीलाल साहू उपसरपंच ने किया। इस कार्य म में प्रमुख रुप से उमेश साहू जनपद सदस्य, अवनेंद्र साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज धमतरी, ममता सिन्हा, डीपेंद्र साहू, फलेश साहू, जानकी हीरा सोनकले जनपद सदस्य, लिलेश्वरी पटेल सरपंच, मोतीलाल नागरची सरपंच डोमा, राकेश साहू सरपंच जुनवानी, गोकरण साहू, चितरंजन साहू, धर्मेंद्र साहू, घनश्याम साहू, राकेश साहू, वि म सिंह मंडावी, दसवंत कुंजाम, गुरुगोविंद गोस्वामी, उत्तम साहू,बीरबल यादव, सोहन साहू सहित श्री सिद्धि विनायक सेवा संस्थान के सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### राजनीतिक कैरियर शुरू होने से पहले ही खत्म होने की कगार

# पार्षद चुनेंगे अध्यक्ष, वार्डों में हलचल हुई तेज, राजनीतिक गरगर्मी बढ़ी

दिलीप माहेश्वरी ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आम नागरिक नगर का अध्यक्ष नहीं सुन पाएंगे यह हक अपने वार्ड से जीतने वाले पार्षद को दिया गया है यहां कांग्रेस सरकार का फैसला है इस फैसले को लेकर बवाल मचा हुआ है क्योंकि आरक्षण की घोषणा कर दी गई है राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है दावेदार सक्रिय हो गए हैं ।

अब सरकार के फैसले से इसकी राजनीतिक जमीन खिसकी दिखाई दे रही है कई लोगों की राजनीतिक कैरियर शुरू होने से पहले ही खत्म होने की कगार पर आ गया है अब ऊंट किस करवट बैठता है यह तो समय ही बताएगा प्रतिनिधि भी इस खबर से अक्का बक्का रह गए नगर की राजनीति में पहली बार पार्षद अपने मताधिकार से अध्यक्ष चुनेंगे क्योंकि विगत समय से पार्षद सिर्फ उपाध्यक्ष चुनते हैं थे वहीं जनता भी अचानक लिए इस फैसले को समझ नहीं पा रही अब पार्षदों की पूछपरख ज्यादा होगी क्योंकि वही नगर का मुखिया चुनेंगे वही अध्यक्ष चुनाव में दावेदारी करने वाले का कहना है कि अचानक यह फैसला कहीं ना कहीं जनता के अधिकार को दबाने के बराबर है या फैसला आरक्षण के पहले आना था अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होने की सुगबुगाहट पर संभावित दावेदार अब पार्षद बनने के लिए वार्ड तलाशने लगे हैं, ताकि पहले पार्षद बने फिर अध्यक्ष बन सकें। दावेदारों ने अब तक जमीन नहीं तलाशी थी और सीधे पार्टी से टिकट मिलने का इंतजार कर रहे थे, पर उनके मंसूबे पर पानी फि रता नजर आ रहा है।

प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के मेयर व चेयरमैन का चुनाव अप्रत्यक्ष तौर पर कराने हेतु तीन मंत्रियों की कमेटी गठन करने की घोषणा के बाद ही दावेदारों के होश उड़ गए हैं। जिले में बलौदा बाजार, भाटापारा, सिमगा नगरपालिका है लवन कसडोल, बिलाईगढ़, सरसीवां यहां नगर पंचायत है है। इनमें बलोदा बाजार सामान्य वर्ग से अध्यक्ष होगा।

अब कांग्रेस व भाजपा के वरिष्ठ नेता इस पद के लिए दावेदारी कर रहे थे और प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेताओं से भी लगातार संपर्क साधने लगे थे। हालांकि दोनों पार्टी ने अभी तक इस मसले पर कोई निर्णय नहीं लिया और न ही किसी दावेदार पर सहमति जताई। पिछले कुछ दिनों से अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की अटकलों का बाजार गर्म थाए पर राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट नहीं किए जाने से दावेदारों के मध्य ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। अब लगभग स्थिति स्पष्ट होने के बाद दावेदारों को होश उड़ गए हैं। इन दावेदारों ने पहले वार्ड पार्षद बनने की जुगत भिड़ा रहे हैं और ऐसे वार्ड की तलाश कर रहे हैं, जहां उन्हें जीत हासिल हो सके। इसके लिए अपने समर्थकों के साथ बैठक कर मंथन भी किया जा रहा है और सभी वार्ड की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बाजार वार्ड नंबर 12 से अशोक जैन रुपेश ठाकुर संदीप साहू नरेश घनशानी उम्मीदवार हो सकते हैं वही नगर पालिका अध्यक्ष के दावेदार नंदकुमार साहू 17 नंबर से चुनाव लड़ सकते हैं लक्ष्मी साहू वार्ड नंबर 21 से चुनाव लड़ सकते हैं अनिल तिवारी सिंधी कॉलोनी सिविल लाइन से चुनाव लड़ सकते हैं संकेश शुक्ला भी वार्ड तलाश रहे। नरेश केशरवानी अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदारों में गिना जाता है अध्यक्ष का पद पार्षद द्वारा चुने जाने को लेकर शहर में अलग.अलग लोगों ने अपनी राय व्यक्त करें।



### सरकार का फैसला सराहनीय

विधायक शकुंतला साहू ने कहा हमारी पार्टी ने जो फैसला लिया है वह एकदम सही हैं मुख्यमंत्री का फैसला सबसे अच्छा रहा पहले भी यह प्रक्रिया चली आ रही हैं जिस तरह जनपद जिला और विधायक अपने विधायक दल का नेता चुनते हैं उसी प्रकार पार्षद अपना अध्यक्ष चुनेंगे यह बहुत अच्छी बात है।

### पार्षद से अध्यक्ष चुनने में जनता को नुकसान

मतदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अध्यक्ष ना चुनना कहीं ना कहीं आम जनता की अवहेलना है क्योंकि नगर के लोग स्वच्छ छवि के ईमानदार प्रतिनिधि को चुनकर अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान कराते हैं नगर की आवश्यकता व समस्याओं से अवगत कराते हैं उनको मालूम होता है कि नगर की समस्याओं का कौन समाधान कर सकता है उस हिसाब से जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने नगर विकास में सहयोग प्रदान करते हैं पर यहां हक भी उनसे छीन लिया गया है। आरक्षण के बाद फैसला लेना गलत आरक्षण होने के पूर्व कोई फैसला लेते हैं तब तो समझ में आता लेकिन कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार ने प्रदेश में 9 माह से सर्वे कराया इस बार इनका सूपड़ा साफहोते देख यह निर्णय लिया है यह निर्णय से कुछ हासिल होने वाला नहीं है सरकार का यह फैसला कर धनबल का प्रयोग करना चाहती है।

# गांधी पदयात्रा के चौथे दिन कोरदा से सरखोर रवाना हुए पदयात्री



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश में पूरे प्रदेश के सभी ब्लॉकों में गांधी विचार पदयात्रा प्रारंभ है। क्षेत्र में चौथा दिन रहा । कोरदा से सरखोर तक किये गए गांधी विचार पदयात्रा का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल बार्वे ने किया। प्रताप डहरिया ने गांधी के विचारों, जीवन संदेश पर प्रकाश डाला कोरदा में महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पदयात्रा प्रारंभ किये गए। आगे बस्ती चौक में सभा लैनसिंग वर्मा,गणपत वर्मा, बेशराम वर्मा,पवन वर्मा,लहाराम निराला,नरेंद्र वर्मा लोक राम वर्मा,शूलपाड़ी वर्मा,गेंद लाल वर्मा,गंगाबाई कुर्रे,लालू वर्मा,अमर सिंह वर्मा धनी वर्मा, शिव कुमार निराला सचिव, शैलेंद्र वर्मा उपस्थित थे। उसके बाद पदयात्रा बस्ती भ्रमण किया उसके बाद सरखोर में हनुमान मंदिर,गुरु घासीदास जैतखाम, चंडीमंदिर, महामाया मंदिर में श्रीफल चढ़ाकर प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी । इस पदयात्रा के साथ मोहन बंजारे सरपंच प्रतिनिधि, मनोज घृतलहरे सचिव,रवि पटेल, सुंदर कुर्रे,लखनजांगड़े,संत लाल साहू,मोती लाल पटेलएराजाराम पटेल,मयाराम कुर्रे,गंगाराम पटेल,राजेश पटेल,मीना पटेल, अशोक राम पटेल,गणेश साहू, रामसाय साहु,मावली माता महिला समूह सुखमनी मानिकपुरी,शांति साहू के साथ ही बस्ती भ्रमण किया इस पदयात्रा में प्रताप डहरिया जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मृत्युंजय वर्मा,रूपचंद मनहरे,दयाशंकर कुर्रे बनवारीबार्वे,गज्जू वर्मा,डंकु कात्रे,विनोद अनंत,अशोक कुर्रे आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवा उत्सव दो भाग में होगा, जिला में 15 नवम्बर से

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा युवा उत्सव 2019-20 का आयोजन किया जा रहा है। युवा उत्सव 2019-20 दो भाग में 15 वर्ष से 40 वर्ष प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कलाकारों के लिए होगा। विकासखंड युवा उत्सव 2019-20 का आयोजन 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर 2019 एवं जिला स्तर 16 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2019 के बीच आयोजित किया जायेगा। विकासखंड एवं जिला स्तरीय आयोजन की निर्धारित तिथि एवं स्थान का नाम पृथक से दि जाऐगी। युवा उत्सव 2019-20 आयोजन पर सांस्कृति विधाओं के प्रदर्शन से भारतीय सांस्कृति/छ.ग.संस्कृति विरासत के संदर्भ में आधारभूत मूल्यों का प्रदर्शन अनिवार्य है। विकासंखड स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार जिला स्तर में भाग लेगें एवं जिला स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार राज्य स्तर युवा उत्सव स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव पर 12 जनवरी से 14 जनवरी तक रायपुर में भाग ले सकेंगे। भारतीय सांस्कृति विधा का नाम इस प्रकार है लोकनृत्य,लाकगीत, एकांकी नाटक (हिन्दी/अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा), शास्त्रीय गायन हिन्दुतानी शैली, शास्त्रीय गायन कर्नाटक शैली,सितार वादन (शास्त्रीय वादन),बांसुरी वादन (शास्त्रीय वादन),तबला वादन (शास्त्रीय वादन),वीणा वादन (शास्त्रीय वादन),मृदंगम वादन (शास्त्रीय वादन),हारमोनिय वादन (शास्त्रीय वादन), गिटार वादन (भारतीय), मणीपुरी (शास्त्री नृत्य),उड़ीसी (शास्त्री नृत्य), भरतनाट्य (शास्त्री नृत्य),कत्थक (शास्त्री नृत्य), कुचीपुडी (शास्त्री नृत्य),वक्तृत्व कला ( तात्कालिक भाषण) इसके अतिरिक्त छ.ग. सांस्कृति विधा का नाम इस प्रकार है गेडी नाचा, राउत नाचा, डंडा नाचा, पारम्परिक वेशभूषा, फू ड फेस्टीवल- छ.ग. के व्यंजनों के आधार पर प्रतियोगिता, चित्रकला- छ.ग. के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर,क्विज, निबंध प्रतियोगिता होगा।

## कांति साहू से मिलने विमल साहू अस्पताल पहुंचे

**डोगरीडीह।** बलौदाबाजार जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कांति साहू विगत कुछ दिनों पूर्व स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए रामकृष्ण अस्पताल रायपुर में एडमिट हुए हैं। जिनसे मिलने क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव विमल साहू पहुंचे रहे। विमल साहू ने आगे बताया कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलौदाबाजार का स्वास्थ्य हाल चाल पूछने एवं मिलने गए थे। विमल साहू ने हमारे संवाददाता को बताया कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष का लिवर में इंफेक्शन एवं बॉडी में सूजन की शिकायत रही। जिसके चलते 4 दिनों तक बेहोशी में आई सी यू में भर्ती रहा। वर्तमान में उपाध्यक्ष का स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।



# केसरवानी समाज ने मनाया शरद पूर्णिमा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



केसरवानी समाज बलौदा बाजार द्वारा शरद पूर्णिमा मनाया गया। प्रथम कुलगोत्राचार्य महर्षि कश्यप जी की आरती वन्दन किया गया। उसके बाद सभी पुरुषों से गाने हेतु आमंत्रित किया जिसमें शुरुआत संरक्षकों से हुआ तथा सभी क्रम से गाये हेमचन्द केसरवानी, विजय केसरवानी, विजय नारायण केसरवानी, रामगोपाल केसरवानी, श्याम केसरवानी,नरेश केसरवानी, कृष्ण कुमार केसरवानी(लॉज) कृष्ण कुमार केसरवानी, राजनारायण केसरवानी, विनोद केसरवानी, श्रीगोपल केसरवानी, दुर्गेश केसरवानी, विनय केसरवानी,सोहन केसरवानी,नीष केसरवानी,आशीष केसरवानी,राहुल केसरवानी,राजेश केसरवानी गाना गाया सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मनीषा नरेश केसरवानी, महिला सभा उपाध्यक्ष व विभा केसरवानी महिला सभा अध्यक्ष ने गेम खिलाया। बेलून कलर ड्रा गेम में विजेता रहे श्याम केसरवानी, कृष्ण केसरवानी, सोहन केसरवानी, सुमित्रा केसरवानी,ज्योति केसरवानी,भानु केसरवानी उसके बाद बेलून फोड़ में पुरुषों में कृष्ण केसरवानी; अमित केसरवानी, दुर्गेश केसरवानी, महिलाओं में विनीता केसरवानी, सुमन केसरवानी,रश्मि केसरवानी,बॉलिंग पासिंग विनोद केसरवानी प्रथम,विनय केसरवानी द्वितीय,स्वाति केसरवानी तृतीय आई उसके बाद गरबा हुआ। केसरवानी समाज अध्यक्ष नरेश केसरवानी ने सभी को बताया कि 8 माह में मंगल भवन से कितनी आय हुई आगे क्या योजना है।12 बजे सभी को प्रसाद खीर व चना वितरण किया गया। अध्यक्ष नरेश केसरवानी सभी को शरद पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी व सचिव विनोद केसरवानी ने महिला सभा के द्वारा खेल का आयोजन किया गया जिसके महिलासभा को धन्यवाद व नगर, महिला, तरुण सभा के सभी लोगो को सफ ल बनाने हेतु धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

### किसानों की लिंकिंग में लोन की कटी राशि की वापसी की बात कही थी

# किसानों के बोनस के लिए भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा कसडोल मंडल के कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा कार्यालय में बैंठक रख कर किसानों की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा घोषणा पत्र में प्रदेश के किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी दो वर्षो का बोनस तथा किसानों की लिंकिंग में लोन की कटी राशि की वापसी की बात कही थी।

आज एक साल होने को है लेकिन इस ओर तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा कोई आश की किरणें नजर नहीं आते दिख रही है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों की दिलों में उम्मीद थी कि इस दिवाली हमारे लिए खास रहने वाली है। लेकिन गाँवों के किसानों की दिल की कोने की आवाज आज चौक चौराहों में उनके मुंह पर आने लगी है। प्रदेश के किसानों की समस्याओं के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने चिंता करते हुए गुंगी बहरी सरकार को चीर निद्रा से जगाने के लिए भाजपा कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए जय जवान जय किसान का नारा लगाते हुए अनुविभागीय कार्यालय पहुँच कर एस डी एम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्ज माफी की कुंठित नीति से किसानों की कर्ज माफी का प्रमाण पत्र बांट कर राष्ट्रीय बैंकों के कर्जदार किसानों के जमीर को कुरेदने का काम किया। कांग्रेस सरकार किसानों का हितैषी है तो छत्तीसगढ़ के किसानों को दीपावली के पहले खातों में बोनस की राशि भेजेंएजिससे किसानों का जीवन स्तर ऊंचा हो सके।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार किसानों का कितना हितैषी है ये इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ के किसानों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना से वंचित रखने केन्द्र सरकार को समय पर छत्तीसगढ़ किसानों की जानकारी न उपलब्ध कराकर किया गया है जिससे छत्तीसगढ़ के हजारों किसान योजना से वंचित हो कर सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के किसानों की भल मंशाहत के साथ खिलवाड़ करते हुए नवम्बर माह में बेचे गये धान की राशि कर्ज में काटा गया था लेकिन कर्ज में कटी हुई राशि की वापसी अब नहीं हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यनारायण पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, गणेश शंकर साहू जिला कार्यकारिणी सदस्य, सूजे साहू महामंत्री भाजयुमो, ओमप्रकाश निराला,नारायण सिंह पैकरा, नागेश साहू, पुसाऊ कैवर्त्य, राजेश पठारे, सुनील कैवर्त्य, नरेन्द्र डडसेना, सुनील कैवर्त्य, सुनील राव,जगदीश प्रसाद,गुनीराम साहू, समारू कैवर्त्य, कांशी राम ध्रुव, राम कुमार खुंटे, राजेश कुमार साहू, दिलहरन साहू, पुष्कर पैकरा, मुकेश वर्मा, उमेश पटेल,अजित यदु, दशरथ पैकरा, देवेन्द्र पैकरा, उमेंद वर्मा, थानू वर्मा, हेम दास, संत राम वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार पैकरा, आदि भाजयुमो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# पकड़ा गया पांच साल से फरार स्थाई वारंटी

■ थाना सिटी कोतवाली ने किया 3 स्थाई वारंटी तमिल

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक नीतू कमल ने जिला के थाना प्रभारियों को स्थाई वारंटियों के निकाल के लिए आवश्यक रूप से कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया जिस पर कार्रवाई करते हुए 3 फरार वारंटियों को पकड़ा कर न्यायालय में पेश किया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी बलौदाजार केबी द्विवेदी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार स्थाई वारंटी ओं को अभियान चलाकर धरपकड़ की कार्रवाई की गई। पूर्व के प्रकरण अपराध स्थाई वारंटी 'परसराम पात्रे पूर्व मुक्कू पिता मोहन पात्रे उम्र 25 साल साकिन कोर्स नाला पनगांव' जो 5 वर्ष से फरार था सूचना संकलन कर गिरफ्तार किया गया है। थाना सिटी कोतवाली के प्रकरण स्थाई वारंटी 'टांकेश्वर कुमार साहू पिता तानसेन साहू साहू पारा सोनाडीह' गिरफ्तार किया गया है। थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाजार के स्थाई वारंटी 'हेमंत कुमार बॉस पिता सुखसागर बॉस निवासी डमरु थाना सिटी कोतवाली बलोदा बाजार' को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस प्रकार थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाजार के तीन स्थाई वारंट को अथक लगन एवं मेहनत से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संजय कुमार साहू आरक्षक अनिल कुमार महिलांगे एवं रूपेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा है।

## क्विक न्यूज

### आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़ के जांच प्रतिवेदन /अनुशंसा के आधार पर मृतक ध्रुवा वेक्को के निकटतम वारिस पति कमली वेक्को पति स्व. ध्रुवा वेक्को निवासी ग्राम टिण्डोडी तहसील भैरमगढ़, मृतक मंगलू लेकाम के निकटतम वारिस पत्नि आसमती लेकाम पति स्व मंगलू निवासी ग्राम टिण्डोडी तहसील भैरमगढ़, मृतका बुधनी लेकाम के निकटतम वारिस पति सुखराम लेकाम निवासी ग्राम टिण्डोडी तहसील भैरमगढ़ एवं मृतक सोमारी वेड़ता के निकटतम वारिस पुत्र लालुराम वेडता पिता चैतू वेड़ता निवासी ग्राम टिण्डोड़ी तहसील भैरमगढ़ जिला बीजापुर को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई।

### नेवरा स्कूल में विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया



**तिल्दा नेवरा।** शापूर्वमा शाला नेवरा क्रमांक एक में पालकों की उपस्थिति में 15 अक्टूबर मंगलवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया । जिसमें छात्र छात्राओं को हाथ धुलाई करने पर होने वाले लाभ एवंम साफ सफ ाई रहने से शरीर पर बिमारीयो का डर नहीं रहता है और स्वस्थ्य व स्वच्छ रहता है। एवं सफाई नहीं रहने पर अनेक प्रकार की बीमारी का भय भी बना रहता है। इसी संबध प्रधान पाठक बिनोद वर्मा द्वारा छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। शिक्षका जेहोआश मैडम द्वारा प्रयोग कर दिखाया गया एवं पालकगण में गायत्री, अमरित,सुरती,लछमी, उरवशी,संगीता,मोहर बाई एवं शिक्षिका लक्ष्मी व किरण मैडम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अंतर्विभागीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण 19 को

**कांकेर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत फ्लोरोसिस बीमारी नियंत्रण, बचाव एवं जागरूकता हेतु अंतर्विभागीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन 19 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला में पेयजल गुणवत्ता से स्वास्थ्य पर हो रहे प्रभाव एवं फ्लोरोसिस नियंत्रण, फ्लोरोसिस से संबंधी हड्डी, दंत एवं अन्य बीमारी की जानकारी, फ्लोरोसिस नियंत्रण हेतु आहार संबंधित जानकारी दी जाएगी, इसके अलावा फ्लोरोसिस बीमारी रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में विभाग प्रमुखों की दायित्व के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# शराब दुकान के स्थानान्तरण के लिए महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ दिया धरना

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



नगर में संचालित विवादित अंग्रेजी शराब दुकान की स्थानान्तरण को लेकर स्थानीय महिला स्व सहायता समूह चिकटराज समूह के नेतृत्व में प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया तथा रैली के साथ सैकड़ो लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर नगर के जेलबाड़ा वार्ड में स्थित मदिरा दुकान हटाने की मांग की।

गौरतलब है कि नगर के जेलबाड़ा में जब से अंग्रेजी मदिरा दुकान संचालित हो रहा है तब से ही आज पर्यन्त तक विवादों में रहा है चूंकि यह मदिरा दुकान वार्ड के बीचों-बीच लगा हुआ जिसके चलते जेलबाड़ा के रहवासी हमेशा से शराबियों के निशाने पर होते हैं किसी न किसी मामूली विषय को लेकर गाली-गलौज, छेड़खानी जैसे अन्य घटनाएं होते रहते हैं जिसको लेकर अलग-अलग समय पर लोगों ने दुकान हटाने को लेकर कलेक्टर विधायक से गुहार लगाई थी परंतु इनकी परेशानियों को किसी ने ध्यान नहीं दिया।विरोध में राजनीतिक दलें भी पीछे नहीं रहा है प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस पार्टी इसी अंग्रेजी शराब दुकान की स्थानान्तरण को लेकर कई बार आंदोलन,प्रदर्शन किया था परंतु इनकी मंशा महज राजनीति करना था क्योंकि सत्ता में आने के बाद स्वयं भी इस विषय को भूल गई लोगों के बार-बार हटाने की मांग करने पर भी इनकी मांग को दरकिनार कर दिया।

विरोध इसलिए भी जायज हो जाता है क्योंकि मदिरा दुकान जहां संचालित हो रहा है वहां के आसपास के कृषि खेतों में शराब पीने के पश्चात खाली बोतलों को फोड़ कर छोड़ दिया जाता है।

### मतदाता सत्यापन कार्य की तिथि बढ़ी

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले में मतदाता सत्यापन का कार्य किया जा रहा है, जिसे 15 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना था। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में संशोधित तिथि जारी की गई हैए जिसके अनुसार मतदाता सत्यापन का कार्य 18 नवम्बर 2019 तक पूरा किया जाएगा।इसी प्रकार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2020 की स्थिति में मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 15 अक्टूबर को किया जाना था। जिसमें संशोधन किया गया हैए संशोधित तिथि के अनुसार अब 25 नवम्बर 2019 को मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन किया जाएगा।

# सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के एल चह्हान ने कांकेर स्थित सखी वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया तथा पीड़ित महिलाओं के लिए की जाने वाली व्यवस्था की जानकारी ली। केन्द्र प्रशासक पूनम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टाप सेंटर कांकेर में पीड़ित महिलाओं को आश्रय, मेडिकल एवं विधिक परामर्श की सुविधा प्रदान की जाती हैए अब तक यहां 445 केस रजिस्टर्ड हैं, जिनमें से 245 केस का निराकरण किया जा चुका है। सेंटर में अब तक 178 पीड़ित महिलाओं को आश्रय प्रदान किया गया है। वर्तमान में इस संस्था में 08 कर्मचारी पदस्थ हैंए जिनमें एक केन्द्र प्रशासक पूनम पटेल, तीन



केस वर्कर पुष्पा कूजूर, कुमारी प्रियंका साहू, नूतन साहू, आईटी वर्कर प्रीति निर्मलकर तथा तीन बहुउद्देशीय कार्यकर्ता बंदना नाथ, कुमारी प्रतिभा साहू एवं कुमारी गरिमा सिंग शामिल हैं। कलेक्टर द्वारा सखी वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण के समय महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सीएस मिश्रा भी उपस्थित थे।

### 49 पटाखा दुकानों की लॉटरी पध्दति से किया गया आवंटन

**काँकेर।** मंगलवार को नगरपालिका परिषद के सभाकक्ष में दीपावली के पहले फ्टाका व्यापरियों द्वारा दुकान लगाने समस्त फ्टाका व्यापरियों की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर पार्षद यासीन करानी मीरा सलाम जागेश्वरी साहू की उपस्थिति में लॉटरी पध्दति से दुकानो का आवंटन किया गया । नगरपालिका परिषद की ओर से इस वर्ष पटाखा दुकान न्यू कम्यूनिटी हाल में कुल 49 दुकानो की लॉटरी निकालकर दुकानों का आवंटन की प्रकिया पूरी कर दिया गया है । फ्टाका व्यापारी की उपस्थिति में 1 से पूरे 49 नम्बर की दुकानों का लाटरी से दुकान का आवंटन किया गया है ।

### मृतक की पत्नी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम

# सुरखी गोलीकांड के चारों आरोपी गिरफ्तार, मृतक की पत्नी से संबंध के चलते की हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



6 अक्टूबर को सुरखी रोड बिजली ऑफि स के सामने हुई गोली कांड के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने संत रविदास वार्ड निवासी चंद्रकांत उर्फ कामता पिता ईश्वर बघेल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा ईश्वर बघेल की सूचना पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महानिरीक्षक डॉ आनंद छाबड़ा एवं पुलिस अधीक्षक नीतू कमल के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जेआरठाकुर,निवेदिता पाल, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा केबीद्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजेश जोशी के निर्देशन में मुख्यालय स्तर पर एवं थाना भाटापारा शहर की एक संयुक्त टीम का गठन कर अज्ञात आरोपियों की पता तलाश प्रारंभ किया गया।

प्रकरण के प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा आरोपियों के संबंध में दी गई जानकारी से पता चला कि आरोपियों द्वारा मौके पर अपने चेहरे को छुपा रखा था। ऐसे में आरोपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना पुलिस के लिए अत्यंत चुनौती का विषय था। पुलिस द्वारा घटनाकारित करने वाले मार्ग भाटापारा मंडी, इत्यादि में लगे हुए समस्त सीसीटीवी कैमरे के फु टेज चेक किया तथा मृतक एवं उसके परिवार के सामाजिक पृष्ठभूमि के संबंध में जानकारी प्राप्त करना प्रारंभ किया गया। जिस पर से जानकारी प्राप्त हुआ कि मृतक की पत्नी मंजू बघेल पूर्व में सब्जी मंडी भाटापारा में मजदूरी का काम करती थी जहां उसका संबंध घूम घूमकर आलू प्याज टमाटर बेचने वाले बिटकुली निवासी यदु कुमार नवरंगे से हो गया था। जिसकी जानकारी घटना के करीब 7 माह पूर्व मृतक को होने पर मृतक द्वारा मंजू बघेल को समझाया गया तथा उससे मारपीट भी किया गया। मृतक के पत्नी द्वारा नहीं मानने पर दोनों में वाद विवाद होता रहा। इसी बात पर मृतक की पत्नी मृतक को छोड़कर अपने मायके चली गई थी। सूचना की तस्दीक हेतु यदु कुमार नवरंगे को पूछताछ हेतु लाया गया। जिसने पूछताछ पर बताया कि मृतक की पत्नी का यदु कुमार नवरंगे से संपर्क रहा और दोनों के बीच प्रेम संबंध था। लेकिन मृतक के कारण दोनों का मिल पाना संभव नहीं हो पा रहा था जिस पर मृतक की पत्नी ने यदु नवरंगे के साथ मिलकर चन्द्रकात बघेल उर्फ कामता को रास्ते से हटाने एवं उसके बाद एक साथ आंध्र प्रदेश या अन्य प्रांत भाग जाने का षड्यंत्र रचा। इसके लिए षड्यंत्र कारी यदु कुमार नवरंगे अपने पत्नी एवं बच्चों को भी छोड़ने के लिए तैयार था। उक्त बात को यदु कुमार ने अपने पुत्र रामू यादव से बताया तो रामू यादव द्वारा उसके पास पिस्तौल होने की जानकारी देते हुए चंद्रकांत को मारने में यदू कुमार का साथ देने के लिए हामी भर दी। 5अक्टू. को यदू कुमार नवरंगे द्वारा अपने अन्य दो मित्र रामू यादव और राजा बाबू के साथ चन्द्रकात बघेल की हत्या करने का निश्चय किया । पूर्व नियोजित तरीके से राजा बाबू द्वारा चंद्रकांत बघेल को बुलाकर लाया गया। जहां से मृतक शराब भट्टी सुरखी रोड जाकर वापस आते समय बिजली ऑफिस के सामने रामू यादव एवं यदु कुमार नवरंगे ने गोली मारकर हत्या कर दी और रामू यादव ने उपयोग किए गए पिस्तौल को सुरखी पुल के पास छुपा कर रख दिया था। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं पिस्तौल को आरोपियों के कब्जे से मेमोरेंडम के आधार पर बरामद कर लिया गया है। घटना के आरोपीयान यदु कुमार नवरंगे, रामू यादव, राजा बाबू भारती एवं मृतक की पत्नी मंजू बघेल को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। उक्त आरोपियों की पता तलाश एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक महेश ध्रुव थाना प्रभारी भाटापारा शहर, निरीक्षक नरेश चौहान थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उप निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत थाना प्रभारी सुहेला, सउनि ओम साहू प्रधान आरक्षक यसवंत सिंह, युगल वर्मा, मुकेश दीवान, नरेंद्र निषाद धनंजय यादव, कुलमणि बारिक महिला प.आर पिकी कुर्रे, पुष्पा राठोर आरक्षक भरत भूषण पठारी, प्रदीप सप्रे, रामनारायण वर्मा, चंद्र ,नाथूराम निषाद,विकास सिंह योगदान रहा।

**आरोपियों के नाम -** यदू कुमार नवरंगे,रामू यादव राजा बाबू भारती मंजू बघेल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

# समर्थन मूल्य पर धान-मक्का खरीदी के लिए पंजीयन 31 तक

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन के संबंध में समिति प्रबंधकों, समिति के अध्यक्ष, खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2019.20 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन कार्य 31 अक्टूबर तक होना है। सभी समितियों में आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए। इस संबंध में बैनर, पोस्टर और विभिन्न माध्यमों से किसानों के मध्य व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि ऐसे समिति, जिन्होंने अब तक सूची उपलब्ध नहीं कराये है, वे संबंधित हल्का पटवारियों को खसरा सत्यापन हेतु सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अधिकारी धान खरीदी कार्य को टीम वर्क के रूप में लेंवे।

## शादीशुदा महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार



**विश्रामपुरी।** बांसकोट चौकी क्षेत्र बांसकोट के अन्तर्गत शादीशुदा महिला से सूने मकान में रात को घुस कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड बड़ेराजपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बांसकोट में बीते12 अक्टूबर को रात्रि 10 बजे जब महिला के पति को मछली पकड़ने घर से बाहर निकलते देखकर आरोपी ने फायदा उठाते हुए रात्रि को खिड़की से घुसकर महिला के साथ बदनियती करने का प्रयास किया। जब आरोपी के द्वारा महिला के हाथ बाह को पकड़ा तब महिला के पति घर में अचानक वापस आने पर आरोपी भाग खड़ा हुआ। जब महिला के पति के द्वारा पूछताछ करने पर महिला ने पड़ोसी युवक शत्रुघन नेताम पिता सालिक राम नेताम का होना बताया जिस पर दूसरे दिन पुलिस चौकी बांसकोट में रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

# 28 से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशानुसार एनएमडीसी लिमिटेड, किरन्दुल परियोजना द्वारा 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा। तत्संबंध में जागरूकता हेतु शैक्षणिक संस्थाओं में विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रबंधक एल. विद्यासागर ने जानकारी दी कि इस वर्ष का थीम''integirty the way of life'' (ईमानदारी-जिंदगी का तरीका) है। और इसी विषय पर विविध प्रतियोगितायें आधारित होंगी। शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के क्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरंदुल में प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रुचि दिखाते हुए हिस्सा लिया और भ्रष्टाचार मुक्त देश निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का शपथ लिया। https//pledge.cvc.nic.in वेबसाईट पर जाकर आम नागरिकों, समस्त अधिकारियों,कर्मचारियों को शपथ भी लिया जाना है, इस बाबत जानकारी एल विद्यासागर, वरिष्ठ प्रबंधक(सतर्कता) द्वारा दी गई। 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण हेतु दृढ संकल्पित होकर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों को साकार करने की अपील की गई।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 22.03.2012 को रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा **श्री आशीष गोयल, पिता श्री बृजलाल गोयल, संतोषी नगर, रायपुर** के पक्ष में एक आवासीय प्लाट जिसका प्लाट नंबर ए-137 से ए-141, 141ए, रकबा 2796.50 वर्गमीटर, जो कि वाके मौजा डूंडा पटवारी हल्का नंबर 118/51 रानिम. रायपुर तह व जिला रायपुर को अनुबंध विलेख निष्पादित किया गया था।

यह कि **श्री आशीष गोयल** से अनुबंध विलेख दिनांक 22.03.2012 की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है।

यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर **श्री आशीष गोयल** ने बैंक ऑफ बड़ौदा मेन ब्रान्च रायपुर, से ऋण प्राप्त किया है।

अतः उक्त गुम हुऐ अनुबंध विलेख दिनांक 22.03.2012 एवं उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर आपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा आपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक 15.10.2019**

भवदीय
**विजय राठौर,** अधिवक्ता
ऑफिस-भारत गैस गोडउन के पीछे
लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर छ.ग.
मो. - 9425202167
मुहर

## कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 300, 2019-2020
वार्ड का नाम - रानी दुर्गावती बाई वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **रानी दुर्गावती बाई वार्ड 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/501 पांचवा तल, प्लाश हाईट्स** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती सिमरन मेंधानी पति श्री राकेश मेधानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री मयंक बैरवा पिता स्व. श्री जी.एस. बैरवा** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2 रायपुर (छ.ग.)

## (निविदा आमंत्रण सूचना)

ज्ञाप क्र. 5845/NIT No.-12/2019-20/SAC — दिनांक 14.10.2019

1) निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 01.11.2019 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2) ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 07.11.2019 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3) निविदा खोलने की तिथि - 08.11.2019 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
4) निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रुपये में) - रुपये 380.00
5) निविदा प्रपत्र का प्रकार - प्रपत्र "A"
6) निविदाकारों की श्रेणी - ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' श्रेणी तक
7) कार्य पूर्ण करने की अवधि - Up To /31/03/2020 तक वर्षा ऋतु सहित।

| एन.आई.टी.क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रुपये में) बैंक साल्वेंसी (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 12<br>T0055 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग क्र.4 आरंग हेतु ईट, रेत, 20, एम.एम., 12 एम.एम., 6 एम.एम. गिट्टी प्रदाय का कार्य **(प्रथम आमंत्रण)** | 2.00<br>2000.00<br>30000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-2**
**रायपुर (छ.ग.)**
जी-74130/1

## कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 301, 2019-2020
वार्ड का नाम - मदर टेरेसा वार्ड क्र. 43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **मदर टेरेसा वार्ड 43** वार्ड स्थित भवन / भूमि **43/ जल विहार कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री मनोज चितलांग्या पिता स्व. लक्ष्मीनारायण चिंतलांग्या** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मिरानी इन्फ्रा डेव्हलपर्स भागीदार संस्थान द्वारा भागीदार तुषार मिरानी पिता श्री शशिकांत जमनादास मिरानी** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1

0771-2535780,90 फैक्स 0771227395,
ई-मेल dcrmc2@rediffmail.com
जोन कार्यालय, खमतराई पानी टंकी, परिसर, रायपुर (छ.ग.)

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 143/2019-20
**वार्ड का नाम - यतियतन लाल वार्ड-04**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **यतियतन लाल वार्ड क्र.-04** वार्ड स्थित भवन **4/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री प्रतीक शर्मा S/o श्री सुनील शर्मा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती उषा देवी अग्रवाल W/o श्री गोवर्धन अग्रवाल** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्रमांक - 1
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1

0771-2535780,90 फैक्स 0771227395,
ई-मेल dcrmc2@rediffmail.com
जोन कार्यालय, खमतराई पानी टंकी, परिसर, रायपुर (छ.ग.)

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 144/2019-20
**वार्ड का नाम - यतियतन लाल वार्ड-04**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **यतियतन लाल वार्ड क्र.-04** वार्ड स्थित भवन **दुकान क्र. 30** जो कि निगम अभिलेख में **श्री प्रतीक शर्मा S/o श्री सुनील कुमार शर्मा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री राजीव डालमिया S/o श्री विनोद कुमार डालमिया** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्रमांक - 1
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -1

0771-2535780,90 फैक्स 0771227395,
ई-मेल dcrmc2@rediffmail.com
जोन कार्यालय, खमतराई पानी टंकी, परिसर, रायपुर (छ.ग.)

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 148/2019-20
**वार्ड का नाम - वीर शिवाजी वार्ड-07**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **वीर शिवाजी वार्ड-07** वार्ड स्थित भवन **7/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती प्याली D/o श्री रंजीत कुमार बेनर्जी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री रंजीत कुमार S/o अमरनाथ** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्रमांक - 1
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 248/2019-2020
दिनांक 15.10.2019
**वार्ड का नाम-पं. लक्ष्मीनारायण दास वार्ड-61**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. लक्ष्मीनारायण दास वार्ड-61** वार्ड स्थित भवन/भूमि **61/490 नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती 1. धनमति सोनी पति स्व. सालिक राम 2. राजेश सोनी 3. राकेश सोनी दोनो पिता सालिक राम** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता कंधीलाल अग्रवाल** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 249/2019-2020
दिनांक 15.10.2019
**वार्ड का नाम-पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड-66**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड-66** वार्ड स्थित भवन/भूमि **66/B00089** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती महेन्द्र कुमार धुरन्धर पिता स्व. रामदयाल धुरन्धर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. पुष्पा धुरन्धर पति स्व. महेन्द्र कुमार 2. कुलदीपक धुरन्धर पिता स्व. महेन्द्र कुमार धुरन्धर** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 250/2019-2020
दिनांक 15.10.2019
**वार्ड का नाम-डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-67**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-67** वार्ड स्थित भवन/भूमि **67/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती रनिया नामदेव पति संजय नामदेव** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती चंचल जैन पति संतोष जैन** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 231/2019-2020
दिनांक 01.10.2019
**वार्ड का नाम-माधवराव पटेल वार्ड-68**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **माधवराव पटेल वार्ड-68** वार्ड स्थित भवन **68/नया- B-16** जो कि निगम अभिलेख में **श्री संजयधर बड़गईया S/o मोहनधर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री सौरभ कुमार शर्मा पिता स्व. श्री एम.एल. शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## संपादकीय

# भारत-चीन संबंध, मोदी-शी मुलाकात से बढ़ी उम्मीदें

**हालांकि,** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भारत में असाधारण स्वागत हुआ, पर अपने देश के सर्वोच्च नेता तथा एशियाई शताब्दी में अपने वर्चस्व की इच्छा रखने वाले शी जिनपिंग शायद ही भारत को असाधारण मानें। हालांकि, वूहान की तरह मामल्लपुरम में अनौपचारिक वार्ता ने शी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तिगत समीकरण, पड़ोसी के प्रति समझदारी व सह-अस्तित्व को बढ़ावा दिया है। इनसे पहले डोकलाम और अब कश्मीर पर तनाव दूर करने में सहायता मिली है, पर ये संबंध आकांक्षाओं के बजाय यथार्थ तथा बड़ी-बड़ी बातों के बजाय आवश्यकता आधारित व्यावहारिकता पर निर्भर होंगे। इस प्रकार मोदी के शब्दों में नए 'संबंध' बने हैं और शी ने 'हार्दिक' बातचीत स्वीकारी है। लेकिन भारत यह उम्मीद नहीं कर सकता है कि चीन उसके लिए पाकिस्तान को छोड़ देगा। शी ने अपने सदाबहार दोस्त को उचित संकेत दिए हैं तथा कश्मीर के बदली स्थिति व पाक-अधिकृत कश्मीर को वापस लेने जैसी बातें अनदेखी नहीं कर सकते हैं। उनको अक्साईचिन व शक्सगाम घाटी की चिन्ता है जिसे पाकिस्तान ने चीन को सौंप दिया था। लेकिन अब अमेरिका समेत अधिकांश दुनिया कश्मीर को भारत का आंतरिक मामला मानती है। चीन यह भी जानता है कि सीमा पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की घुसपैठ कारगर नहीं होगी। इसी कारण मोदी ने विश्वासपूर्वक घोषणा की कि विवाद आगे नहीं बढ़ेंगे। भारत अपनी आंतरिक सुरक्षा के प्रति दृढ़ है और उसने चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को अस्वीकार किया है। भारत ने बहुपक्षीय मंचों पर चीनी प्रभुत्व को चुनौती दी है। शी ने अमेरिका में 'हाउडी मोदी' आयोजन पर गौर किया होगा। अमेरिका के साथ जारी व्यापार युद्ध को देखते हुए चीन भारत की बाजार में अपनी स्थिति बनाए रखना चाहता है। उइघर मुसलमानों, हांगकांग व तिब्बत के मामले पर वह वैसे ही दुनिया के निशाने पर है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी गिलगिट-बाल्टिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में है। इसलिए पाकिस्तान के उल्लेख से बच कर मोदी और शी ने आतंकवाद व उग्रवादीकरण से मुकाबले की बात कही है।

अमेरिका के साथ व्यापार विवाद में कुछ राहत के बावजूद व्यापार सबसे बड़ा मुद्दा है। दोनों देशों के बीच लगभग 400 बिलियन डालर का व्यापार घाटा है और राष्ट्रपति ट्रंप चुनाव वर्ष में इस पर कठोर दृष्टिकोण अपनाना चाहते हैं। इसलिए चीन को भारत जैसे बड़े बाजार की आवश्यकता है। शी हमारे बीच व्यापार घाटे से निपटने के बारे में गंभीर हैं जो 87 बिलियन डालर के द्विपक्षीय व्यापार में 53.56 बिलियन डालर है। भारत को व्यापक मुक्त-व्यापार समझौते रीजनल कांप्रीहेंसिव इकोनोमिक पार्टनरशिप-आरसीईपी पर हस्ताक्षर हेतु तैयार करने के लिए चीन ने उच्चस्तरीय व्यापार फैसिलिटेटर व्यवस्था बनाने पर सहमति प्रकट की है। चीन की ओर से इसका नेतृत्व उप-प्रधानमंत्री हू चुनहुआ तथा भारत की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी। वर्तमान समय में द्विपक्षीय व्यापार की स्थिति अच्छी है तथा भारत से चीन में आयात बढ़ सकता है। चीन रक्षा क्षेत्र में सहयोग करना चाहता है। नई दिल्ली को खुले बाजार में चीनी सामान बढ़ने पर चिन्ता करनी होगी। दोनों देशों में सहमति बनी है कि टकराव से उनकी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होगा। मामल्लपुरम में असहमतियां स्वीकार कर 'रणनीतिक संचार' के रूप में इसका समाधान पेश किया गया है जिस पर दोनों पक्ष चलते रहेंगे। लेकिन इन समाधानों का क्रियान्वयन भी होना चाहिए। सीमा विवाद पर विश्वास बहाली आसान नहीं है और इसके लिए नए प्रकार का संवाद आवश्यक होगा।

# मामल्लपुरम में वार्ता के परिणाम

## मामल्लपुरम जैसे अनौपचारिक सम्मेलनों के बावजूद भारत और चीन को कुछ यथार्थ स्वीकारने होंगे। ऐसे अनेक यथार्थ से अविश्वास पैदा होता है, पर इनको समाप्त नहीं किया जा सकता है।



**विवेक मिश्रा**
लेखक इंडियन कौंसिल आफ वर्ड अफेयर्स में रिसर्च फेलो हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हाल में समाप्त अनौपचारिक शिखर सम्मेलन से बहुत उम्मीदें की गईं, पर उसके सुनिश्चित परिणाम बहुत कम हैं। हालांकि, इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय परिवर्तनों की संभावना पैदा हुई है। मामल्लपुरम का चुनाव उसके सुंदर परिदृश्यों, प्राचीन विरासत तथा समुद्र तट के कारण हुआ जिसे युनेस्को ने विरासती स्थल के रूप में स्वीकार किया है। यह चीन व भारत के बीच ऐतिहासिक संपर्क का स्थल भी है। दूसरी ओर व्यापार व सीमा विवाद जैसे द्विपक्षीय मुद्दों तथा अब जम्मू कश्मीर के आंतरिक पुनर्गठन पर चीन द्वारा पाकिस्तान को खुले समर्थन के बाद इससे ज्यादा जमीनी परिणामों की आशा नहीं है। इनके समाधान के लिए जल्दी से निपटने वाली अनौपचारिक बैठक के सिवा कुछ और चाहिए।

मामल्लपुरम सम्मेलन दोनों देशों के बीच 2018 में वूहान सम्मेलन के बाद हुआ है और इसे विश्वास बहाली उपायों-सीबीएम ढांचे का विस्तार कहा जा सकता है। ऐसे सम्मेलनों से उन मुद्दों पर चर्चा की संभावना पैदा होती है जो आमतौर से दोनों देशों को बेचैन करते हैं। अलग-अलग बयान जारी करने के निर्णय ने इस सम्मेलन की 'अनौपचारिक' प्रकृति उजागर की है। इसलिए दोनों देशों ने बैठक के विस्तृत विवरण सार्वजनिक नहीं किए हैं।

हालांकि, भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीनी राष्ट्रपति की यात्रा को 'अत्यधिक उत्पादक' बताया है, पर इस यात्रा के विशिष्ट नतीजों के बारे में संदेह है। मीडिया से बात करते हुए विदेश सचिव विजय गोखले ने कहा कि 2018 में वूहान सम्मेलन तथा 2019 में मामल्लपुरम सम्मेलन से भारत और चीन ने 'स्पष्ट प्रगति' की है। यदि 'प्रगति' के महत्वाकांक्षी संदर्भ का विश्लेषण किया जाए तो व्यापार के क्षेत्र में कोई खास प्रगति नहीं दिखती है, हालांकि राष्ट्रपति शी ने एक 'व्यवस्था' का सुझाव अवश्य दिया है। आतंकवाद और उग्रवाद से संयुक्त संघर्ष की बात चर्चा में सामने आई, जिसमें अतीत में ब्रिक्स व शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ में सहयोग की बात कही गई है। लेकिन इनको अनिवार्य रूप से 'प्रगति' नहीं कहा जा सकता है।

भारत को चीन में ज्यादा बाजार पहुंच तथा अपना व्यापार घाटा कम करने की आवश्यकता है। इसे सम्मेलन में महत्व इस कारण मिला क्योंकि चीन वर्तमान समय में व्यापार मोर्चे पर अमेरिका से जारी विवाद के कारण दबाव में है। ट्रंप प्रशासन पीछे हटने के मूड में नहीं है। इस प्रकार भारत को ज्यादा बाजार पहुंच मिलना इस सम्मेलन की एकमात्र व उल्लेखनीय उपलब्धि हो सकती है। हालांकि, भारत द्वारा क्षेत्रीय समग्र आर्थिक साझेदारी-आरसीईपी में शामिल होने, हुआवेई को 5-जी में शामिल करने तथा कश्मीर पर भी यदि चर्चा हुई तो इसका अनुमान लगाना कठिन है। वूहान सम्मेलन में दोनों देशों ने संयुक्त रूप से दूसरे देशों की परियोजनाओं में सहयोग की बात कही थी। हालांकि, अफगानिस्तान में दोनों पक्षों के बीच सहयोग के ज्यादा नतीजे निकले हैं, पर प्रगति की संभावनायें बढ़ी हैं। पिछले समझौते के अनुसार अफगानिस्तान में ज्यादा प्रगति न होने के कारण शायद इस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई।

इस सम्मेलन में विवादों के समाधान या भारत के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों पर बड़े नतीजों की उम्मीद नहीं थी। चीन या तो ऐसे मामलों में भारत की तुलना में लाभ की स्थिति में है या हमारे मुकाबले उसका दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से अलग है। व्यापार में भी आंकड़े चीन के पक्ष में हैं और भारत को संतुलन बनाना पड़ रहा है। सीमा व्यापार के मामले में बीजिंग द्वारा समाधान की इच्छा बहुत कम है जो दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों द्वारा की जा रही वार्ताओं की प्रगति से स्पष्ट है।

किसी संयुक्त बयान के अभाव से भी संकेत मिलता है कि वस्तुगत यथार्थ की तुलना में कल्पना अधिक है। ऐसा लगता है कि मामल्लपुरम में चीन के घोषित इरादे चीनी राज्य के व्यवहार से एकदम अलग हैं। यह बात मोदी-शी की मुलाकात से कुछ ही घंटों पहले स्पष्ट थी। कश्मीर मुद्दे पर चीन के दृष्टिकोण में अंतर खासतौर से स्पष्ट हुआ था। चीनी व्यवहार में यह अंतर उसके घोषित दृष्टिकोण तथा भारत के संबंध में जमीनी कार्रवाई के बीच विरोधाभास से स्पष्ट है। उदाहरण के लिए, सीमा मुद्दे पर यह विरोधाभास स्पष्ट है। चीनी सेना के कुछ तत्वों का दृष्टिकोण बीजिंग के घोषित दृष्टिकोण से अलग है। इससे चीन को कुछ कारकों के कृत्यों से इनकार करने या उनसे दूरी बनाए रखने का अवसर मिलता है, जबकि राज्य परोक्ष रूप से ऐसे व्यवहार का समर्थन करता है। मामल्लपुरम सम्मेलन ने गौरवपूर्ण ढंग से भारत की सांस्कृतिक राजनय प्रकट की जो 'अतिथि देवो भव' की भावना से काम करती है। लेकिन इसने परोक्ष रूप से भारत के संबंध में संवेदनशील मुद्दों, जैसे कश्मीर पर चीन की विरोधाभासी स्थितियों को समर्थन भी दे दिया। यह चीन के हालिया कदमों, कश्मीर पर लफ्फाजी तथा वर्तमान भू-राजनीतिक मुद्दों को देखते हुए महत्वपूर्ण है जहां राजनय काफी सीमा तक प्रतीकवाद, परिकल्पना एवं संप्रेषण में बदल गई है। पाकिस्तान के साथ चीन के बढ़ते संबंध भारत को लगातार द्विपक्षीय तनाव में घसीट रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन का प्रयोग चीन को पाकिस्तान से उसके संबंधों पर परोक्ष संकेत देने के लिए किया जा सकता था।

इस प्रकार चीन से व्यवहार करते समय भारत को उन सिद्धान्तों पर जोर देना चाहिए जिन पर वह दृढ़ है तथा वैश्विक चिन्ता के विषयों पर अपना दृष्टिकोण पूरी तरह उजागर करना चाहिए। निश्चित रूप से चीन के लिए पाकिस्तान एक रणनीतिक महत्व वाला देश है तथा आर्थिक संबंधों के चलते दोनों के बीच संबंध बहुत मजबूत हैं। लेकिन चीन को अंततः संयुक्त राष्ट्रसंघ में मसूद अजहर को आतंकी घोषित करवाने के मामले पर पीछे हटना पड़ा था। इससे स्पष्ट है कि चीन-पाकिस्तान संबंधों में भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव तथा आलोचना के कारण परिवर्तन की संभावना है।

पाकिस्तान के साथ चीनी संबंधों का इतिहास इस प्रकार संक्षिप्त रूप में यह है कि जब भारत किसी मुद्दे पर दृढ़ता प्रदर्शित करता है तो चीन को पाकिस्तान से अपने संबंधों में लचीलापन लाना पड़ता है जिसका नुकसान इस्लामाबाद को होता है। समृद्ध तथा षडयंत्रकारी महाशक्तियों के साथ विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के संबंध पूरे इतिहास के दौरान इसी प्रकार परिभाषित होते हैं।

ऐसे संबंधों के सकारात्मक व नकारात्मक तत्वों पर प्रमुख शक्तियों के प्रभाव व उनके षडयंत्रकारी इरादों तथा निर्भर राज्य के आर्थिक, राजनीतिक व सैनिक समर्थन पर निर्भर होते हैं। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में चीन के निवेश तथा उसके परिणामों ने पाकिस्तान में चीन के रणनीतिक इरादों तथा आर्थिक लक्ष्यों के बीच सीमा रेखा धुंधली कर दी है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था एक अनिश्चित क्षेत्र में है और वह कम विकसित अर्थव्यवस्था तथा विकासशील अर्थव्यवस्था के बीच में है। इसके कारण चीन के साथ उसके संबंध स्वयं अपने लिए सकारात्मक नहीं हैं।

मामल्लपुरम जैसे अनौपचारिक सम्मेलनों के बावजूद भारत और चीन को कुछ यथार्थ स्वीकारने होंगे। ऐसे अनेक यथार्थ से अविश्वास पैदा होता है, पर इनको समाप्त नहीं किया जा सकता है। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्य के आंतरिक पुनर्गठन का भारतीय निर्णय चीन की चिन्ता का विषय है, पर उसे वह उलटने पर मजबूर नहीं कर सकता है। इसी प्रकार सीपीईसी में चीन का निवेश भारत के लिए समस्या है क्योंकि उसका एक हिस्सा पाक अधिकृत क्षेत्र से होकर गुजरता है। भारत के चीन के साथ संबंध एक ओर लगातार तनाव का कारण हैं, वहीं दूसरी ओर वह लगातार द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना चाहता है। इस स्थिति के कारण दोनों देशों के बीच संदेह के काफी कारण पैदा होते हैं।

ऐसे में चीन के संबंध में भारत की अंतरराष्ट्रीय राजनय को उच्च स्तर पर ले जाना होगा। जहां बीजिंग ने हमारे खिलाफ अपना दांव चलते हुए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं, वहीं भारत कष्टदायक रूप से ऐसी आलोचना झेल रहा है। समय आ गया है कि भारत की क्षेत्रीय व वैश्विक महत्वाकांक्षाओं तथा उसकी भूमिका को अंतरराष्ट्रीय राजनय में ज्यादा महत्वपूर्ण स्थान दिलाया जाए।

# बेहतर स्वास्थ्य के तीन मंत्र

"अनेक वैज्ञानिकों अध्ययनों के अनुसार सफेद चीनी स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। लेकिन यह आधुनिक समाज में एक विभीषिका बन गई है। इसके प्रयोग पर लगाम लगाना जरूरी है।"

**रघुराज राजेंद्रन**
(लेखक आईएएस अधिकारी हैं)



लोगों को चीनी व मीठी चीजों के हानिकारिक प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए समन्वित अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। आधुनिक समाज की मांग ने इस ग्रह पर लगभग सबके जीवन को प्रभावित किया है, जिनमें न केवल नौकरशाह बल्कि सभी लोग शामिल हैं। हालांकि, बाबुओं पर काम से संबंधित बोझ बहुत ज्यादा है, पर उनकी जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए मेरा सुझाव है कि वे स्वास्थ्य पर ध्यान दें। हम सब रोजमर्रा के जीवन में तनाव का शिकार होते हैं, अच्छे स्वास्थ्य की चिंता करते हैं तथा जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों से भयभीत रहते हैं। स्वस्थ जीवन शैली व फिट व छरहरे शरीर के लिए मैंने खोज प्रारम्भ की। दो वर्ष के बाद मेरा वजन 16 किलो घट गया है। मैंने जल्दी उठना प्रारम्भ किया है तथा भारी कामकाज के बावजूद मैं सक्रिय अनुभव करता हूं तथा पूरे दिन उत्पादक कार्यों में ज्यादा ऊर्जा खर्च करता हूं। मुझे अब अच्छी नींद भी आती है।

लेकिन, यह यात्रा आसान नहीं थी। दो साल पहले जब मैं भोपाल में था, तब मेरे एक मित्र की डाक्टर पत्नी ने मुझे एक डाक्टर मित्र का डाइट प्लान बताया जो यूट्यूब पर था। मेरे लिए इस वीडियो की विश्वसनीयता इसलिए थी कि उसमें किसी चीज की बिक्री नहीं हो रही थी। उसमें दो समय भोजन करने की सलाह दी गई थी। एक बार का भोजन 55 मिनट में करना था तथा चीनी से खासकर बचाव करना था। यह इसलिए भी ठीक था कि मुझे मधुमेह था। इसके पीछे बताए गए कारण सरल थे। जब भी आप खाते हैं तब इन्सुलिन निकलता है। इन्सुलिन की अधिकता से इन्सुलिन प्रतिरोध व मधुमेह विकसित हो सकता है।



मसूरी के लालबहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी आफ एडमिनिस्ट्रेशन में पहुंचने पर मैंने इस डाइट प्लान का पालन किया। वहां मेरा परिवार नहीं था और मुझे खाना बनाने का कोई अनुभव नहीं था। ऐसे में, रात्रिभोज न करना आसान था। मधुमेह न होने के कारण मैं लगातार चीनी व मीठी चीजें खाता रहता था। हालांकि, मुझे रात में बहुत भूख लगती थी, पर किसी तरह मैं इससे बचता रहा। समुचित व्यायाम व उचित भोजन योजना ये मेरा वजन कम हुआ। हालांकि, कभी-कभी मेरी इच्छा शक्ति कमजोर हुई और यदि साथी लोग सहायता न करते तो शायद मैं पुराने रास्ते पर लौट जाता। हालांकि, रात का भोजन किए बगैर सोना बहुत कष्टकारी होता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से सबेरे भूख का अनुभव नहीं हुआ। ऐसे में, कोई भी व्यक्ति बैडमिंटन व स्क्वैश खेल सकता है। इस प्रकार, सबेरे तक कोई भी व्यक्ति अपना खाया हुआ भोजन पचा सकता है।

आस्ट्रेलिया के एक मित्र की सलाह पर मैंने दैट सुगर फिल्म देखी जो चीनी को सामाजिक नशे के रूप में पेश करती है, जबकि यह पूरे समाज के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। एक डाक्यूमेंट्री के रूप में तैयार यह मूवी जीवन बदलने वाली थी। सामाजिक नशा शब्द का प्रयोग करते समय मैं संकेत करना चाहता हूं कि यह किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि सारी दुनिया के लिए है जो ये खतरनाक भोजन प्रयोग करती है। इस मूवी ने मुझे चीनी छोड़ने के लिए प्रेरित किया और तब मुझे पता लगा कि भूख के वे झटके समाप्त हो गए जिनका पहले मैं शिकार था। आखिर क्या हो रहा था?

चीनी या कोई अन्य उच्च ग्लाइकेमिक इंडेक्स वाला भोजन रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ाता है जो बाद में घटता है। जब शर्करा का स्तर घटता है तो हमें चीनी खाने की इच्छा होती है। इसका अर्थ है कि यदि हम भोजन में चीनी बिलकुल बंद कर दें तो केवल दो बार भोजन कर काम चल सकता है। इसके लिए यदि आप अपने शरीर की इन्सुलिन निकालने के लिए 12 घंटे की कोटोसिस प्रक्रिया अपनाते हैं जब शरीर को ऊर्जा के लिए ग्लूकोज का आवश्यकता नहीं होती और वो संचित वसा ऊर्जा के लिए खर्च करता है तो इसका परिणाम शरीर में कीटोन अम्ल बनने के रूप में सामने आता है। मैंने अपने शरीर का भार कम करने के लिए यही प्रक्रिया अपनाई। मेरी ऊर्जा का स्तर बहुत अच्छा था, क्योंकि ग्लूकोज का स्तर बढ़ने व घटने के बजाए स्थिर था। सवेरे खेल गतिविधियों में भाग लेने के कारण कोई वसा संचित नहीं होती थी। इसका एक परिणाम यह भी था कि पाचन क्रिया बिलकुल ठीक थी और पूरी नींद आती थी।

लोगों को चीनी व मीठी चीजों के हानिकारिक प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए समन्वित अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। चीनी का व्यापार फिटनेस तथा इलाज आदि जनता को इस समझदारी के बाद समाप्त हो जाएंगे। संक्षेप में कहा जाए तो हमारे लिए तीन एस छोड़ने व तीन एस स्वीकार करने का समय आ गया है। इसका अर्थ है कि हम सुगर, स्नैक्स व सपर छोड़ दें। इसके साथ ही, स्पोर्ट, संगीत व स्लीप को स्वीकार करें। आपके लिए इस यात्रा की शुरुआत चीनी छोड़कर हो सकती है।

## फरमाया




**संदीप** ने मुझे एक पत्र भेजा जिसे मैंने कांग्रेस अध्यक्ष को भेज दिया। इसमें कुछ व्यक्तिगत नहीं है। यह राजनीतिक संवाद है।

– **पी.सी. चाको**
एआईसीसी इन्चार्ज



**यह** विश्वासघात है। हमें पत्र पर चर्चा से आश्चर्य है। हमने उनसे कहा था कि ये टिप्पणियां शीला जी को न भेजें।

– **किरन वालिया**
दिल्ली कांग्रेस नेता



**भारत-चीन** में सार्थक संवाद की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 1988 में चीन यात्रा से हुई थी। उन्होंने चीनी नेताओं से संवाद किया था।

– **आनन्द शर्मा**
कांग्रेस प्रवक्ता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### कश्मीर के लिए अच्छी खबर

सरकार ने लगभग 70 दिन बाद जम्मू कश्मीर में पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल करने की घोषणा की है। यह कश्मीर के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर हैं जहां अनेक निर्दोष लोग अपने प्रियजनों से मोबाइल सुविधा के अभाव में संपर्क नहीं कर पा रहे थे। इनमें खासकर बाहर रह रहे कश्मीरी छात्र-छात्रायें हैं जो अपने परिवारों से संपर्क करना चाहते थे। सरकार इसके पहले ही घाटी में पर्यटकों को जाने की अनुमति दे चुकी थी, लेकिन मोबाइल सेवाओं के अभाव में यह आकर्षक नहीं थी। ऐसे में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए तथा जम्मू कश्मीर, खासकर घाटी में नवजीवन संचार के लिए मोबाइल सेवा की बहाली आवश्यक थी। हालांकि, अभी प्रीपेड सेवा बहाल नहीं हुई है, पर कश्मीर में अन्य स्थानों की तुलना में पोस्टपेड सेवा ज्यादा प्रचलित थी। मोबाइल सेवाओं की बहाली के साथ प्रदेश सरकार व खासकर खुफिया सेवाओं के लिए चुनौती बढ़ेगी क्योंकि निहित स्वार्थी तत्व जनता को भड़काने के लिए इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। मोबाइल सेवा की बहाली के साथ राज्य के नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे फिर अलगाववादी व आतंकवादी तत्वों के प्रभाव में न आयें। जल्द ही यहां स्थिति और सुधरेगी।

– **सुधीर झा**, इलाहाबाद

### अयोध्या पर निर्णय की प्रतीक्षा

आखिरकार दशकों से लंबित अयोध्या में राम मंदिर पर फैसले की घड़ी आ गई है। इस निर्णय की प्रतीक्षा कर रही जनता में उम्मीद के साथ आशंकायें भी हैं। शायद इसीलिए राज्य सरकार ने दिसंबर मध्य तक अयोध्या व निकटवर्ती क्षेत्रों में धारा 144 लगा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क किया है और पुलिस तथा खुफिया मशीनरी पूरी तरह सतर्क है। फैसले के पक्ष-विपक्ष में दावे किए जा रहे हैं। पहले जहां हिंदू संगठन अपने पक्ष में फैसला आने की उम्मीद जता रहे थे, वहीं अब मुस्लिम बुद्धिजीवियों व पूर्व प्रशासकों के एक समूह ने अपने पक्ष में फैसले की उम्मीद की है। उन्होंने एक बार फिर अदालत से बाहर समझौते तथा मुकदमा जीतने पर भी यह स्थान हिंदुओं को देने की पैरवी की है। लेकिन इसके एक दिन बाद ही मामले के पक्षकार आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने अपने पक्ष में फैसले की उम्मीद करते हुए पुराना दृष्टिकोण दुहराया है कि मस्जिद की जमीन किसी अन्य को नहीं दी जा सकती है तथा बाबरी मस्जिद का निर्माण कोई मंदिर तोड़ कर नहीं हुआ था। फैसला चाहे जो हो, परीक्षा केन्द्र और राज्य सरकारों की होनी है।

– **इकबाल अंसारी**, लखनऊ

### प्रदूषण मुक्त दीपावली

मौसम थोड़ा बदलते ही प्रदूषण, खासकर वायु प्रदूषण बढ़ने लगा है। पंजाब व हरियाणा में पराली जलाए जाने की खबरों के साथ देश की राजधानी में प्रदूषण बढ़ने की खबरें आने लगी हैं। कुछ दिनों बाद दीपावली का त्योहार भी आने वाला है और ऐसे में पटाखों का धुंआ भी निश्चित रूप से प्रदूषण में अपना योगदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा प्रदूषण, प्लास्टिक व कचरे के खिलाफ अभियान चलाया है तथा हाल ही में उन्होंने समुद्र तट से कचरा साफ कर व्यक्तिगत उदाहरण भी पेश किया है। ऐसे में यदि प्रधानमंत्री के साथ ही विभिन्न हिंदू संगठन तथा संत महात्मा दीपावली नए तरीके से मनाने का आह्वान करें तो मिट्टी के दीपों से अंधकार तथा इनको बनाने वालों के घरों से भी अंधेरा दूर होगा। आधुनिक सभ्यता की चकाचौंध तथा सस्ते होने के कारण सजावटी झालरों के प्रयोग से किसी का लाभ नहीं होता है। चीनी झालरों और मूर्तियों से भी भारतीय कामगारों को कोई लाभ नहीं है। हमें प्रदूषण मुक्त दीपावली पर जोर देना होगा।

– **कृष्ण कुमार**, कानपुर

## क्विक न्यूज

### फर्जी तरीके से खाते से पैसा निकालने वाला आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार

**बेमेतरा।** 28 मई को ग्राम पदमी निवासी दिलीप पटेल थाना बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम के माध्यम से 40 हजार रूपये एवं अपने खाते में 80 हजार रूपये कुल 1 लाख 20 हजार द्ध आहरण कर लिया गया है कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जांच में जिस खाते मे पैसा ट्रांसफर किया गया था उस खाता धारक के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गयाए जो ग्राम छितपुर थाना लक्सा वारणसी ;उण्प्रण्द्ध निवासी अनुपम कुमार नेवतिया पिता श्रीराम किशोर नेवतिया का होना पाया गया। सायबर अपराध होने तथा आरोपी दूसरे राज्य का होने से पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने हेतु आदेषित किया गया था। जिस पर अतिण् पुलिस अधीक्षक व्ही के बैस एवं अनुविभागीय अधिकारी राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में टीम बनाकर वाराणसी ;उप्र आरोपी के पते पर भेजा गया, जहां आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमाण्ड पर थाना बेमेतरा लाया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्र आर देवनारायण तिवारी आर पुरूषोत्तम कुम्भकार की सराहनीय भूमिका रही।

### अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** भारत सरकार, अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा कक्षा पहली से महाविद्यालयीन स्तर तक के मुस्लिम, इसाई, सिक्ख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों से अल्पसंख्यक प्री.मैट्रिक अंतर्गत 15 अक्टूबर एवं पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट.कम.मीन्स के अंतर्गत 31 अक्टूबर तक नवीन एवं नवीनीकरण विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल डब्लू डब्लू डब्लू डॉट स्कॉलरशिप जीओव्ही डॉट इन पर आमंत्रित किये गये हैं। जो विद्यार्थी प्रथम बार आवेदन करेंगे वे नवीन कहलायेंगे तथा जो विद्यार्थी 2018.19 में आवेदन किये और छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त किये है वे नवीनीकरण कहलायेंगें आवेदित विद्यार्थी नवीन अथवा नवीनीकरण का 2018.19 का परीक्षाफल 50 प्रतिशत या उससे अधिक होए स्वयं का आधार नम्बर हो, स्वयं का बैंक खाता हो जो आधार से लिंक हो, मोबाईल नंबर हो एवं अभिभावक की वार्षिक आय प्री.मैट्रिक के लिये 1 लाखए पोस्ट मैट्रिक के लिये 2 लाख एवं मेरिट.कम.मीन्स के लिये 2ण्50 लाख से कम हो। ऑनलाईन आवेदन फार्म समस्त वेरीफि केशन होने के उपरान्त आवेदन फॉर्म संस्था द्वारा जमा किया जाना है।जिन संस्थाओं में अल्पसंख्यक समुदाय के ऑनलाईन आवेदन किये जावेंगे, वे संस्थायें नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल में अपनी संस्था का लॉगिन कर उक्त आवेदनों का वेरीफि केशन करेंगे।

# राष्ट्रपिता ने जिस भारत का स्वप्न देखा है उसमें तुष्टिकरण की कोई जगह नहीं : विजय

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धान्तों व विचारों का जन-जन तक प्रचार करने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र मे चल रही भारतीय जनता पार्टी की संकल्प पदयात्रा रैली आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। रैली में सांसद विजय बघेल की अगुवाई में पूर्व मंत्री रमशिला साहू, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा व अध्यक्ष जिला पंचायत माया बेलचंदन, भी शामिल हुई । इस अवसर पर बोलते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने समृद्ध, एकजुट व मजबूत भारत का स्वप्न देखा था जिसमें तुष्टिकरण के लिए कोई जगह नहीं थी लेकिन आजादी के बाद 60 सालो में तुश्टिकरण को ही बढ़ावा दिया गया ।

इस तरह देश को संकट में झोंकने की कोशिश की गई । यहॉ क्षेत्र मे गांधी संकल्प यात्रा ग्राम बेलौदी में सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई। इस अवसर पर क्षेत्र में समाज उत्थान तथा स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महान विभूतियों, क्रांतिकारियों, वीर योद्धाओं की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा क्षेत्र मे स्थित विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में जाकर मत्था टेका तथा पूजा अर्चना कर



आशीर्वाद ग्रहण किया । यहां क्षेत्र में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, वीरयोद्धा महाराणा प्रताप, वीरागना रानी लक्ष्मीबाई एवं सामाजिक उत्थान के लिए मिनी माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पितकर उन्हे नमन किया गया । पदयात्रा रैली बेलौदी से षुरू होकर मालूद, नगपुरा, बोरई, दमोदा, खुर्सीडीह, खुरसुल, गनियारी, से होते हुए रसमड़ा सिलोदा, खपरी, से होकर अंजोरा, थनौद, बिरेझर, चंगोरी, महमरा, पिपरछेड़ी, लगभग 18.5 किलो चली। यात्रा के दौरान प्राचीन नागदेवता मंदिर में भी सांसद विजय बघेल व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने कहा कि गांधी जी ने ना सिर्फ देश की स्वतंत्रता के लिए अपना योगदान दिया बल्कि उन्होंने तमाम सामाजिक बुराईयों, भेदभाव को मिटाने के लिए भी संघर्ष किया तथा सामाजिक समरसता एकजुटता को मजबूत करने उन्होने हमेषा जोर दिया । राष्ट्रपिता बापू के ऐसे ही सुविचारों के प्रति आम जनता को जागरूक करने भाजपा ने यह पदयात्रा रैली निकाली है ।

सांसद विजय बघेल ने आमजनों को राष्ट्रपिता बापू के सत्य, अंहिसा, व शांति के साथ सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संदेष देने वाले विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया ।

गांधी संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से यात्रा प्रभारी कांतिलाल बोथरा, ललित चन्द्राकर, दिनेश देशमुख, डॉ. अनिल साहू, मुकेश बेलचंदन, भूपेन्द्र रिगरी, आषीश शर्मा, गिरिश साहू, लालचंद साहू, पोषण वर्मा, सुखदेव यादव, छत्रपाल साहू, बिरेश्वर देशमुख, ओंकार देवांगन, शंकर चौहान, घनश्याम पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, गोरख गोस्वामी, ओमप्रकाश व्यास, उमेश्वर यादव, टिकाराम जोशी, सुखदेव साहू, नेतराम देशमुख, देवेन्द्र राजपूत, आलोकनाथ साहू, बी एन पाण्डेय, जेपी कोसरे, सोहन साहू, त्रिलोक साहू, हरिनारायण देशमुख, जसवंत देशमुख, जमुनेश देशमुख, मोहित यादव, कृष्णा साहू, माखन साहू, शिवकुमारी वैश्णव, शिव निशाद, रेखा यादव, रूपसिंह, चेतन साहू, राजेश्वर यादव, रामचरण सिन्हा, रामखिलावन यादव, नन्दु निर्मलकर, पुरान देशमुख, मनबहल देशमुख, छबिलाल देशमुख, हरिसिन्दुर, तरूण देवांगन, डोमन साहू, राम साहू, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जमीन ब्रिकी के लिए नकल देने के नाम मांगा था 10 हजार रुपए

# एसीबी टीम ने 7 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथों महिला पटवारी को पकड़ा

- मामला मोहभटठा् के पटवारी आकांक्षा मेमन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में एसीबी टीम के द्वारा मोहभटठ् वार्ड के पटवारी हल्का न.47 के महिला पटवारी आकांक्षा मेमन के द्वारा किसान के जमीन के बिक्री के लिये नकल के नाम पर सात हजार रूपये लेते हुये रंगे हाथ पकड़े मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे जिला मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले हल्का पटवारी नंबर 47 मोहभट्ठा पटवारी आकांक्षा मेमन के कार्यालय में मोहभटठ् के कृषक दुकलहा राम वर्मा द्वारा 7 हजार नगद रूपये देने के तत्काल बाद ही एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर द्वारा पटवारी से रकम जब्ती कर पकड़ लिया गया।



एसीबी की यह कार्रवाई जे आर लकड़ा डीएसपी के नेतृत्व में की गई है इस संबंध में 17 डिसमिल जमीन बिक्री करने वाले कृषक दुकलहा राम वर्मा ने बताया कि उन्हें जमीन सम्बन्धी नकल के लिये पटवारी के द्वारा 1 माह से घुमाया जा रहा था और नकल देने के लिए पटवारी आकांक्षा मेमन के द्वारा 10 हजार की मांग की जा रही थी। बाद में सौदा बाजी करने के बाद किसान से मामला 7 हजार में तय हुआ।

इसके बाद पीड़ित किसान दुकलहा राम वर्मा के द्वारा 23 सिंतबर को पटवारी के द्वारा घुस मांगने की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर कार्यालय में जाकर किया गया। जिसका सत्यापन एसीबी द्वारा कराया गया। जहां कृषक की षिकायत सही पाया गया। पटवारी की शिकायत एसीबी कार्यालय रायपुर में की इस संबंध में जानकारी देते हुए दुकलहा राम से 17 डिसमिल जमीन खरीदने वाले कृषक गंगाराम ने बताया कि एक करीब 1 महीने से लगातार जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए पटवारी से लगातार जमीन की नकल की मांग कर रहे थे किंतु उनके द्वारा किसानों को घुमाया जा रहा था और नकल समय पर नहीं दिया गया। इससे परेशान होकर मजबूरी में एसीबी कार्यालय रायपुर में शिकायत की गई।

# 19.88 करोड़ रुपए की लागत से शहर के बाहर लिंक रोड बनेगा

## शहरवासियों को भारी भरकम वाहनों से मिलेगी मुक्ति

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे में चैबीस घंटे भारी मरकम वाहनों की लगातार आवा जाही से कई वर्षो से परेशान शहरवासियों को शीघ्र ही मुक्ति मिलने की उम्मीद एक बार फिर जाग गई है। 19 करोड़ 88 लाख 75 हजार की लागत से शहर के बारह करीब 12.60 किलोमीटर का लिंक रोड निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा ग्राम गुनरबोड़ भूमि पूजा मंगलवार को किया गया।

इस बहुप्रतिक्षित लिंक रोड बनने से शहरवासियो को जहां भीड़.भाड़ वाहनों से मुक्ति मिलेगी। वही रायपुर से आने वाले वाहनों को कवर्धाए जबलपुर एवं नवागढ़ मुगेली जाने के लिये शहर के भीतर नही आना पड़ेगा। बल्कि शहर के बाहर ही बाहर लिंक रोड के माध्यम से कवर्धा रोड तथा नवागढ़ रोड के माध्यम से कर्वधा रोड तथा नवागढ़ रोड पहुंचेंगे। इसके लिए



शहरवासियों के द्वारा वर्षो से समय पर विभिन्न माध्यमों से जनप्रतिनिधियों से लेकर उच्च अधिकारियों को लिखित एवं मौखित रूप से आग्रह किया जा चुका है। विधानसभा बेमेतरा के ग्राम गुनरबोड़ में विकास कार्यो के भूमि पूजन के दौरान प्रमुख अतिथि ताम्रध्वज साहू गृह मंत्री एवं अध्यक्ष आशीष छाब?ा विधायक के द्वारा गुरनबोड़ में जिला मुख्यालय की बहुप्रतिक्षित मांग लिंक रोड ग्राम लोलेसरा, ढोलिया, बिलई, भोईनाभाठा, पिपरभट्ठा से ग्राम चोरभट्टी तक राजमार्ग को जोड़ने वाली लम्बाई 12.60 कि मी से निर्माण की जाने वाली सड़क के लिये कुल राशि 19 करोड़ 88 लाख 75 हजार का भूमि पूजन किये। अब लिंक रोड के निर्माण होने से बेमेतरा से होकर गुजरने वाली नवागढ़, कवर्धा मार्ग के वाहनों को शहर के बाहर से जाने का रास्ता मिलेगा। जिससे शहर को भारी यातायात के दबाव से जहां निजात मिलेगी। वही होने वानी गंभीर दुर्घटनाओं से नागरिको को भी काफ ी हद तक राहत मिलेगी।

# फर्जी भूमि पट्टा वितरण करने वाला सरपंच गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

27 सितंबर को थाना बेरला में प्रार्थी मेघनाथ वर्मा निवासी ग्राम मुड़पारकला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पंचायत तेलगा के सरपंच मेहतरू लहरी द्वारा प्रार्थी एवं उनके साथी, लम्क्षीनारायण वर्मा, दौवा पटेल निवासी मुड़पारकला को आबादी भूमि का पट्टा दिलाने के नाम पर प्रति व्यक्ति 10 हजार रू लिया गया।

उक्त तीनों ग्रामीणों से लेकर फर्जी पट्टा जारी किया गया कि रिपोर्ट पर थाना बेरला में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि ग्राम पंचायत बेरला के सरपंच मेहतरू लहरी के द्वारा प्रार्थीगण को फर्जी पट्टा प्रदाय किया। सरपंच मेहतरू लहरी घटना दिनांक से फरार हो गया थाए जिसकी पता साजी की जा रही थी कि आरोपी सरपंच मेहतरू लहरी ग्राम तेलगा में छिपा हुआ है कि सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया किया गयाए जिनके निर्देशन में मौके पर जाकर घेरा.बंदी कर आरोपी सरपंच मेहतरू लहरी पिता भुकलू लहरी को विधिवत गिरुफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरी. विपीन रंगारी. सउनि भरत चौधरी.ए प्रआर नोहर यादव, आर तारकेश्वर, कुलेश्वर गायकवाड़ की सराहनीय भूमिका रही है।

# अधिकारी ने सुनी 134 लोगों की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनचैपाल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे जिले के 134 आमजनों की मॉगों एवं समस्याओं को अपर कलेक्टर ए.के.वाजपेयी ने एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचैपाल कार्यक्रम में ग्राम मोहलाई की परनिया ने विधवा पेंशन दिलाने, ग्राम मुड़पार की फुलेश्वरी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम हीरापुर के श्यामलाल ने बैटरी चलित ई-रिक्शा दिलाने, ग्राम पेंडरवानी के ईश्वर लाल ने आबादी जमीन दिलाने, ग्राम पेरपार के राम दयाल ने पेंशन दिलाने, ग्राम बकलीटोला की शबाना बानो ने गरीबी रेखा श्रेणी का राशन कार्ड बनाने, ग्राम चन्दनबिरही की परबत बाई ने वृद्धापेंशन दिलाने, ग्राम चिचबोड़ के चुन्नीलाल ने दिव्यांग प्रमाण पत्र का नवीनीकरण कराने, ग्राम खोरदो की सोमिन बाई ने सहायता राशि दिलाने, ग्राम बरबसपुर के ग्रामीणों ने बरबसपुर से पेण्ड्री पहुॅच मार्ग को मुरमीकरण कराने, ग्राम जुन्नापानी के तिलक राम ने पशु शेड निर्माण की राशि दिलाने, ग्राम परना के भंवर सिंह ने पेंशन राशि स्वीकृत करने, ग्राम भीमकन्हार की ज्योति ने विधवा पेंशन दिलाने, ग्राम घुमका के शिवभजन ने पशु शेड बनाने और ग्राम खर्रा के धनीराम ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने संबंधी आवेदन अपर कलेक्टर को सौंपे।

इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी मॉगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन अपर कलेक्टर वाजपेयी को सौंपे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, प्रेमलता चंदेल, सुब्रत प्रधान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित



पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना से अब साप्ताहिक हाट बाजारों में साग सब्जी और दैनिक उपयोग की वस्तुएॅ खरीदने आने वाले ग्रामीण अपना इलाज कराकर लाभान्वित हो रहे हैं। कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में लगाए जा रहे हाट-बाजार क्लीनिक में ग्रामीणों का रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, सिकलसेल, कुष्ठरोग, मलेरिया आदि रोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाईयां दी जा रही है। बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ के साप्ताहिक बाजार में आज साग सब्जी खरीदने पहुंचे रामसाय ने मधुमेह और रक्तचाप की जॉच कराकर निःशुल्क दवाईयां प्राप्त किया। इसी प्रकार भूषण लाल ने घुटने का दर्द और राजू लाल ने जोड़ों के दर्द का जांच कराकर निःशुल्क दवाईयां प्राप्त किया। दयालु राम और नूतन ने सर्दी, खांसी व बुखार का इलाज कराया। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्हें मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना की जानकारी मिली तब उन्होंने यहां पहुंचकर इलाज कराया। ग्राम झलमला के बाजार में आज ग्राम चरोटा के विष्णुराम ने मधुमेह और रक्तचाप का जांच कराया। इसी प्रकार ग्राम सिवनी के भारतलाल ने रक्तचाप और नेत्र का जांच कराया। ग्रामीणों ने कहा कि शासन की यह योजना बहुत ही उपयोगी है।

## कांग्रेस के सत्ता आते ही विकास कार्यों की लगी झड़ी

# बालोद के विकास के लिए चोपड़ा की मेहनत लाई रंग

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

- नपाध्यक्ष की मांग पर नगरीय प्रशासन मंत्री ने 1 करोड़ 70 लाख रुपये की दी स्वीकृति



कांग्रेस की सत्ता छत्तीसगढ़ में आने के बाद एक के बाद एक विकास कार्यो की स्वीकृति मिल रही है। बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा द्वारा नगर के विकास के लिए किये जा रहे प्रयास को अमल में लाने मुख्यमंत्री सहित छत्तीसगढ़ शासन के सभी मंत्री साथ खड़े दिखाई पड़ रहे हैं। नपाध्यक्ष चोपड़ा ने बताया कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया से मुलाकात कर बालोद नगर के विकास कार्यों के लिए चर्चा कर राशि स्वीकृति की मांग की थी। चोपड़ा की मांग पर मंगलवार को मंत्री डहरिया ने विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 70 लाख रुपये स्वीकृत कर दिया है।छत्तीसगढ़ में कांग्रेसी सत्ता आए एक वर्ष भी पूरे नहीं हुए और बालोद नगर के विकास में चारचांद लगने जा रहा हैं। नपाध्यक्ष चोपड़ा नगरवासियों की मूलभूत समस्याओं व सुविधाओं को देखते हुए पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से नगर के विकास के लिए विभिन्न कार्यो की सूची तैयार कर 2 करोड़ 70 लाख रुपये कार्य स्वीकृति की मांग की थी। उसके बाद जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत से चर्चा कर पत्र सौपते हुए उन्हें 34 लाख 50 हज़ार विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृति मांगी थी जो कुछ दिनों पहले ही स्वीकृत हुई है। अब एक और बड़ी स्वीकृति से एक ओर जहां बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा के द्वारा नगर के विकास लिए किए जा रहे प्रयासों की ढेरों प्रशंसा हो रही है तो वहीं दूसरी ओर लोगों की सुविधाओं के लिए लगातार विकास कार्यों की झड़ियां लगती जा रही है।

### स्कूल की बढ़ेगी रौनकता

नगर में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चेकर टाइल्स लगाने के लिए 10 लाख 71 हजार रुपये की स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्री ने दी है। कन्या स्कूल में चेकर टाइल्स लगने से स्कूल की रौनकता बढ़ेंगी। इसके अलावा पांडे पारा में सभाकक्ष निर्माण के लिए 17 लाख 65 हज़ार, झुर्रीपारा, रोशन नगर, जवाहर पारा में सांस्कृतिक मंच निर्माण 6 लाख 9 हजार स्वीकृत हुए हैं।

### वार्डों में होगा सीसी रोड व पुलिया निर्माण

नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा ने पायनियर को बताया कि स्वीकृति राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, नाली व पुलिया निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जितने भी विकास कार्यों की स्वीकृति हमारे कांग्रेस सरकार के मंत्रियों ने की है उनके लिए नगरवासियों में काफी हर्ष हैं। उन्होंने कहा कि नगर के हर एक व्यक्ति यों की समस्या को सुलझाने मेरा हमेशा प्रयास रहेगा। अभी मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री की ओर से जो विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। उसे जितनी जल्दी हो सके पूरा करने का प्रयास करूंगा। मेरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में कुछ और स्वीकृति अभी बालोद नगर को प्राप्त होंगी।

### युवा महोत्सव के लिए प्रतियोगिता 18 को

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शसन के गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के थीम पर आधारित होगा। इस बार का युवा महोत्सव युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभावों को निखारने के उद्देश्य से तथा छत्तीसगढ़ की पांरपरिक लोकनृत्य, खानपान, वेशभूषा विलुप्त होने के कगार पर है इसे ध्यान में रखकर किया जा रहा है होगा इसमें सम्मिलित गायन वादन के 18 विधाओं के अतिरिक्त सुआ नृत्य, करमा नृत्य, डंडा नाचा, राऊत नाचा, गैड़ी नाच, फू गड़ी के साथ.साथ पारंपरिक वेशभूषा, फु ड फेस्टिवल (छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के आधार पर प्रतियोगिता) शमिल किया गया है। स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए आज के युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ी के परम्पराओं की ओर आकर्षित करना है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का रूपरेखा तय कर आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है,।

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
797-II, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR
RC 119/2019
UCO Bank ..........Certificate Holder
VS
Smt. Seema Soni & Others .......Certificate Debtors

NOTICE FOR DEMAND TO CERTIFICATE DEBTOR

(01) Smt. Seema Soni W/o. Shri Sateesh Soni
(02) Shri Sateesh Soni S/o. Shri Ramadhar Soni
1 & 2 R/o Street No. 2, Behind Pragya Vidya Mandir School, Karan Nagar, (Mahadev Nagar) Changorabhata, Raipur (C.G.)

In View of the Recovery Certificate issued by the Hon'ble Presiding Officer, in **OA No. 202/18** amount of **Rs. 95,51,342.14** along-with pendentitle with interest @ 8.50% p.a. Simple from the date of filing of the Original Application i.e. **19/02/2018**, with cost till date of realization is full, is due against Defendants.

You are hereby called upon to the deposit the above sum within 15 days of the receipt of the notice, failing which the recovery shall be made as per rules.

In addition to the sum aforesaid you will be liable to Pay:

1. Such interest as payable for the period commencing immediately after this notice of the execution proceedings.
2. All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and other process that may be taken for recovery the amount due.

Give under my hand and the seal of the Tribunal this day 23rd September 2019. Next date of hearing is **27-11-2019.**

23-09-2019

(Manish Shrivastava)
Recovery Officer

## क्विक न्यूज

### कलेक्टर ने ली रोजगार योजनाओं के संबंध में बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना वर्ष 2019-20 के अंतर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजनान्तर्गत प्राप्त 53 ऋण आवेदनों को विभिन्न बैंक शाखाओं को अग्रेषित किये जाने के लिए अनुमोदित किया गया तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ के 94 तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, रायगढ़ के 34 ऋण आवेदनों को विभिन्न बैंक शाखाओं को अग्रेषित किए जाने के लिए अनुमोदित किया गया।

### बिगड़ी खड़ी ट्रेक्टर से टकराई बाइक, सवार गंभीर

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में सड़क हादसे है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। आए दिन किसी न किसी सड़क पर कोई न कोई अपनी जान गंवा रहा है। ताजा घटनाक्रम में तमनार क्षेत्र में सड़क हादसे में खडे ट्रेक्टर से टकरा जाने के कारण बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तमनार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के तमनार थाना क्षेत्र के हुंकारडीपा चौक से झिकाबहाल जाने वाली मार्ग पर एक बाइक सवार युवक बीच सड़क पर बिगड़ी खड़ी ट्रेक्टर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना ग्रामीणों द्वारा दिए जाने पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल भेजवाया और आगे की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि उक्त बिगड़ी खड़ी ट्रेक्टर में रेत लोड था।

### सरकारी अस्पताल में ऐन्टीरेबीज इंजेक्शन नहीं

**रायगढ़।** सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में बड़े लंबे समय से एंटीरेबीज का इंजेक्शन नहीं मिलने से गरीब मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में इन दिनों आवार कुत्तों का आंतक फैला हुआ है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों को जब कुत्ता काटता है तो उनको आर्थिक रूप से भारी परेशानी झेलना पड़ता है। एंटीरेबीज का इंजेक्शन सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में मिलता था, लेकिन धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में लगभग साल भर होने को है कि एंटीरेबीज नहीं मिल रहा है। जब इस संबंध में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. एसएस भगत से बात करने पर उन्होंने बताये कि लंबे समय से सरकारी सप्लाई बंद हो गया है।

# स्थानांतरण के बाद भी लिपिक को रिलीव नहीं कर रहे हैं अधिकारी

## कलेक्टर अपने ही आदेश का कर रहे हैं खण्डन

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




अभी कुछ दिन पहले स्थानांतरण का अभियान चला था जिसमें यदि समय सीमा के अंदर यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अपने स्थान पर बना रहेगा तो स्वतः उस स्थान से रिलिभ माना जावेगा यह आदेश कलेक्टर जॉजगीर ने आदेश जारी किया था उसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य का आदेश का क्रियान्यवयन हुआ। उसी से किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण नहीं रूका। शैक्षणिक जिला सक्ती में भी रोशन कुमार पटेल लिपिप वर्ग 02 एवं उपेन्द्र कुमार कुशवाहा दोनो का विकास खण्ड डभरा में स्थानांतरण कलेक्टर महोदय के आदेश पर किया गया ।

लेकिन उस वक्त शैक्षणिक जिला सक्ती के जिला शिक्षा अधिकारी एन कुजूर रहे उनका भी स्थानांतरण पहले ही हो गया था। इस संबंध मे समाचार प्रकाशित किया गया उसके उपरांत वहॉ से उपेन्द्र कुमार कुशवाहा को सक्ती से रिलीभ किया गया जो कि अभी वर्तमान मे उनका स्थानांतरण डभरा विकास खण्ड के एक विद्यालय में हुआ है । लेकिन मजेदार बात यह है कि रोशन कुमार पटेल ने जिस अधिकारी ने स्थानांतरण का आदेश जारी किया वही पर रोक लगाने के लिए आवेदन देने की बात आयी है। जबकि छत्तीसगढ़ शासन के आदेश मे यह स्पष्ट उल्लेख था कि यदि जिस स्थान पर स्थानांतरण हो गया है यदि अमुक नही जाता तो स्वतः ही उस संस्थान से रिलीव माना जावेगा । लेकिन सूत्रो ने यह बताया कि अभी भी रोशन कुमार पटेल का मोह भंग नही हुआ जिन्होन कलेक्टर से स्थानांतरण की गुहार लगाई है। उसी के वजह से अभी तक विकास खण्ड डभरा में अपना पद भार नहीं लिया है।

ऐसी क्या वजह से कि जॉजगीर चांपा के कलेक्टर जनक पाठक रोशन कुमार पटेल को जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती लिपिक वर्ग 02 में अभी भी पद में बने है। कलेक्टर अपने ही आदेश का खंडन कर रहे हैं। इससे अन्य स्थान पर स्थानांतरित होकर गये है उनके लिए खुशी की बात यह है कि न्यायालय से अपने दिये गये लिखित स्थानांतरण को रद्द करा सकते हैं, कलेक्टर से बड़ा न्यायालय का आदेश होता है। यदि स्वंय कलेक्टर अपने आदेश का पालन नही कराना चाहते तो उनके नीचे के अधिनस्थ अधिकारी पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनके न्याय में दुजा व्यवहार करना दिख रहा है कलेक्टर जॉजगीर को न्याय की दृष्टि को देखते हुए यथा शीध्र जिला शिक्षा सक्ती से डभरा विकास खण्ड में रोशन कुमार पटेल को यथा शीध्र भेजना उचित होगा जो यही सही न्याय का मार्ग दर्शाता है।

जबकि जिला शिक्षा विभाग में रोशन कुमार पटेल एवं उपेन्द्र कुमार कुशवाहा के स्थान पर दो कर्मचारी अपना डयूटी ज्वाइन कर चुके हैं जिसे जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती के पास अपने पूर्व कर्मचारी का कोटा यथावत दिखाई दे रहा है।

> रोशन कुमार पटेल ने कलेक्टर जॉजगीर को स्थानांतरण रूकवाने का आवेदन दिया है । कलेक्टर ही बता पायेंगे की उन्हें क्यों रिलीव नहीं कर रहा है मेरे ज्वाइनिंग से पूर्व उपेन्द्र कुमार कुशवाहा का रिलीव हो गया है। हमारे यहॉ स्टाफ की कमी के वजह से में उनका रिलीव नहीं कर सकती, कलेक्टर ही इसके बारे में बता पायेंगे।
>
> **-मीता मुखर्जी,** जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती

# धरमजयगढ़ के कमरई गांव में डायरिया का प्रकोप

## एक महिला की जान गई, आधे दर्जन बीमार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले के धर्मजयगढ़ अंचल में डायरिया फैलने की खबर आ रही है। जिसमें एक गांव के करीब आधे दर्जन लोग डायरिया के चपेट में है। वहीं डायरिया से एक ग्रामीण की मौत के बाद वहां उपचार के लिए स्वास्थ्य अमला पहुंचा हुआ है और शिविर लगाकर जांच की जा रही है।

धरमजयगढ़ के कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कमरई में डायरिया का प्रकोप बताया जा रहा है बीमारी से ग्रसित एक महिला की मौत भी हो गई है। मृतिका का नाम सुखमेत यादव बताया जा रहा है, जो काफी दिनों से डायरिया से जूझ रही थी, जानकारी अनुसार गांव में करीब 05 से 06 लोग डायरिया के शिकार हैं। वहीं खबर है बिमारी से ग्रसित तीन ग्रामीण पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती भी हैं। फिलहाल कापू क्षेत्र के कमराई गांव डायरिया के शिकंजे में है। हालांकि बिमारी की खबर फैलते ही स्वास्थ्य अमला सक्रीय हो गया है और गाँव में कैम्प भी लग गया है।

बीएमओ बीएल भगत की टीम बीती रात ही मौके पर पहुंची और मरीजों का उपचार जारी कर दिया गया है। डॉक्टर का कहना है कि गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाया जा चुका है। मरीजों की पहचान कर डोर टू डोर इलाज जारी है। वर्तमान स्थिति में गांव में पीड़ितों के स्वास्थ में काफी सुधार आ गया है। हालांकि गांववासियों का आरोप है कि काफी दिनों बाद स्वास्थ्य अमले के कानो में जूं रेंगी है और गांव में हेल्थ कैम्प लगाया गया है। यही काम पहले भी किया जा सकता था पर क्यों विलम्ब हुआ है इस सवाल का जवाब अब तक गांववासियों को नहीं मिला है।

# शौचालय निर्माण की राशि अब तक ग्रामीणों को नहीं मिला

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटराबोड़ का मामला है, जहां के ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव के ऊपर जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत शासन के द्वारा जनता को शौचालय निर्माण हेतु दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि में से 27 लाख रुपये को सरपंच-सचिव ने गबन कर लिया है। ग्रामीणभुगतान के लिए 3 माह से भटक रहे है। ग्रामीण कलेक्टर के आश्वासन पर शांत थे, अब तीन माह बाद उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इसी के चलते ग्रामीणों ने अनेकों बार सरपंच-सचिव को भुगतान करने के लिए बोले, लेकिन उनके बातों के ऊपर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया । इसी समस्या को लेकर जनपद सीईओ के पास गुहार लगाई। उनके द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो क्षुद्ध होकर ग्रामीणों व महिलाओं ने जिला कार्यालय कलेक्टर के पास जाकर गुहार लगाई। तत्पश्चात कलेक्टर जांजगीर.चांपा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 1 माह के अंतर्गत आप लोगों के समस्याओं का निदान हो जाएगा । लेकिन आज लगभग 3 माह व्यतीत होने के बावजूद भी ग्रामीणों का स्वयं के द्वारा निर्मित शौचालय की राशि नहीं मिल पाई जिससे क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन करने का विचार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है की हमारे ग्राम पंचायत कुटराबोड़ मे ग्राम सभा का बैठक भी नहीं होता है, केवल ग्रामसभा के नाम पर घर.घर जाकर मात्र कुछ लोगों के हस्ताक्षर करा कर खानापूर्ति कर ली जाती है।

> ■ **शौचालय का प्रोत्साहित राशि नहीं मिला, आंदोलन की चेतावनी**

### मोनेट फैक्ट्री में हादसा, गर्म राख की पाइप फटने से इंजीनियर की मौत

**रायगढ़।** मोनेट के एक कर्मचारी की काम के दौरान कल हादसे की वजह से मौत हो गई है। हादसा दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे की बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब पावर प्लांट के एक पाइप जाम होने की वजह से मरम्मत किया जा रहा था।

बताया जा रहा है कि पावर प्लांट से निकलने वाला गर्म राख की पाइप कहीं से जाम हो गई थी। जिसे ठीक करने सीनियर इंजीनियर रामचन्द्र साह पाइप को खोल कर चेक कर रहे थे। इसी दौरान गर्म राख तेजी से बाहर निकला। बताया जा रहा है कि इससे सीनियर इंजीनियर चपेट में आ गया और बुरी तरह से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिंदल फोर्टिज में इलाज के दौरान शाम करीब साढ़े 4 बजे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मोनेट प्रबंधने बताया कि मृतक के परिजनों को इस घटना की इत्तला दे दी गई है। मोनेट इस्पात अपना पॉवर प्लांट शुरू करने की तैयारी में है और इसी संबंध में मशीनों की साफ सफाई हो रही थी।

# ओडिशा में रायगढ़ के ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों में तोड़फोड़

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ की बड़ी गाड़ियों को उड़ीसा के माइंस में दहशतगर्दी और आतंक का शिकार होना पड़ रहा है। पिछले कई महीनों से ऐसा लगातार चल रहा है, लेकिन पानी जब सर के ऊपर चला गया तब रायगढ़ के ट्रक मालिक कल्याण समिति ने रायगढ़ ओड़िसा रोड पर उड़ीसा की गाड़ियों की नाकेबंदी कर दी। नाकेबंदी कल रविवार से शुरू है और अब यह आंदोलन का रूप लेती जा रही है। इसी बीच खबर आ रही है कि रायगढ़ की गाड़ियों में कल ओड़िसा के माइंस में तोड़फोड़ भी की गई है साथ ही ड्राइवरों से भी मारपीट की बात सामने आ रही है। ट्रक मालिक कल्याण समिति के धरने के बारे में हमने उनसे विस्तृत में जानकारी ली। तब उन्होंने जो बताया उसके हिसाब से स्थिति वाकई गंभीर है। ट्रक मालिक कल्याण समिति के अध्यक्ष चिंतामणि शर्मा ने बताया कि ओड़िसा तालचर अंगुल के भुनेश्वरी माइंस और हिंगुला माइंस में कोयले के लिए रायगढ़ की करीब 35 से 40 गाड़ियां जाती हैं। जिसकी सप्लाई यहां के बड़े प्लांटों में होती है, लेकिन वहां पर लोकल गुंडई और प्रशासन की सरपरस्ती में यहां की गाड़ियों में कोयला लोड होने नहीं दिया जाता।

### सट्टा-जुआ, गांजा व अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का हल्ला बोल

**रायगढ़।** भूपदेवपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बिलासपुर की महिलाओं ने सट्टा, जुआ, गांजा और अवैध शराब की रोकथाम के लिए सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में बिलासपुर गांव की महिलाओं ने इन बुराईयों के खिलाफ एकजुट होकर रैली निकाली और थानेदार को ज्ञापन सौंपा। भूपदेवपुर थाना प्रभारी उत्तम साहू स्वयं अपनी टीम के साथ पूरे क्षेत्र में इन अवैध धंधों की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाईयां कर रहे हैं। ऐसे में अब महिलाओं की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों से जब आवाज उठने लगी तो उन्होंने महिलाओं को इस बात का भरोसा दिलाया कि उनकी ओर से दी जाने वाली हर जानकारी को वह काफी संजीदगी से लेते हुए उस पर कार्रवाई करेंगे।

# सक्ती विस में निकली गांधी संकल्प यात्रा

## महामाई मंदिर से पूजा अर्चना के साथ यात्रा का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर.चांपा लोकसभा सांसद गुहाराम अजगले के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर को गांधी संकल्प पदयात्रा सक्ती शहर के मां महामाया देवी मंदिर से पूजा अर्चना कर शुभारंभ हुई । इस अवसर पर भाजपा नेता नंदकिशोर तंबोली के निवास से पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर मां महामाया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की तत्पश्चात यात्रा हटरी. हॉस्पिटल रोड, बुधवारी बाजार, सोसायटी चौक, कोरबा बस स्टैंड, कंचनपुरए बोरदा, सकरेली, अमापाली,भेड़ापाली होते हुए ग्राम पंचायत जुड़गा में सभा के रूप में इस यात्रा का समापन हुआ। यात्रा मार्ग में जगह.जगह कौशिल्या अग्रवाल वार्ड नं 07,गजल साहू,कंचनपुर पंचायत एवं महिलाओं द्वारा तथा ग्राम वासियों द्वारा आतिशबाजी एवं कर्मा के साथ यात्रा का नेतृत्व कर रहे सांसद गुहाराम अजगले एवं अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। जगह.जगह रंगोली एवं दीप जलाकर भी लोगों ने इस गांधी संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया । यात्रा में चल रहे सांसद गुहाराम अजगले ने विभिन्न गांव में आयोजित सभाओं में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी राज्यों में आज विकास के कार्य हो रहे हैं तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर भारत की सरकार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है तथा प्रत्येक सांसद अपने अपने संसदीय क्षेत्रों में गांधी संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगों तक जानकारी दे रहे हैं। गांधी संकल्प पदयात्रा के दौरान शक्ति विधानसभा के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू, मनोज सोनी,रीना गेवाडिन, रीता पटेल, शालिनी क्षत्रिय, सुषमा कसेर,गौतम शर्मा,आशा जगत,आशीष गोयल सहित विभिन्न पार्टी कार्यकर्ता साथ रहे।

# गाय पालन अनिवार्य करें, मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पूरा देश गौ को अपनी माता मानती है और दीपावली के एक दिन पहले गोवर्धन पूजा कि जाती है । ग्रामीण क्षेत्रों में कोई-कोई कृषक दीपावली के दिन भी गोवर्धन पूजा करते है, उसी दिन गौ माता की पूजा को गोवर्धन पूजा के नाम से जानते है। आज देखने में यह आ रहा है कि गौ को हम माता मानते है, लेकिन गांव में भी गाय नहीं के बराबर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नया बाराद्वार के निवासी देवेन्द्र यादव ने पत्र प्रषित कर कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में गौवंश पालने के लिए प्रत्येक एपीएल राशन कार्ड धारक को कम से कम एक गाय पालना चाहिए। आज छत्तीसगढ़ में देखने को यह मिल रहा है कि घरों से अब गाय गायब हो गई है । गाय रखना नहीं चाह रहे है । छत्तीसगढ़ सरकार ने नरवा, गरवा, घुरवा, एवं बाड़ी योजनाए बनायी है, लेकिन गाय नहीं होने से यह सभी निरर्थक दिखाई दे रहा है । आज के परिवेश में जहां पा रहे हैं वहीं पर मवेशी को आवारा छोड़ दिया जा रहा है। जिनकी वजह से वाहनों से की टक्कर से अकालमौत हो रही है। वही पर कृषकों के खड़ी फसल चौपट हो रही है। यदि एपीएल राशन कार्ड धारक को एक मवेशी पालना इनवार्य कर दिया जाए तो हमें गोबर की प्राप्ति होगी और गोबर से हमें खाद मिलेगा । नरवा गरवा घुरवा एवं बाड़ी की कामयाबी गौवंश से ही है। यदि इस तरह से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यह कानून लागू कर दे तो छत्तीसगढ़ राज्य का अनुसरण पूरा देश करेगा।

## प्रथम पेज का शेष...

### लगभग तय... अब छत्तीसगढ़ ...

होंगे, वही बनेंगे। मंगलवार को मंत्रीमंडलीय उपसमिति की बैठक के बाद मंत्रियों ने यह ऐलान किया। बैठक के बाद समिति में शामिल केबिनेट मंत्री शिव डहरिया, मोहम्मद अकबर और रविन्द्र चौबे ने मंत्रालय में प्रेस कांफ्रेंस कर ये जानकारी दी। मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि समिति की उप समिति की बैठक में सरकार के निर्णय को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें समिति ने निर्णय लिया है कि अप्रत्यक्ष प्रणाली से ही नगरीय निकाय में चुनाव होंगे। इसके लिए मसौदा तैयार है, कैबिनेट में इसके लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। मतपत्रों से ही नगरीय निकायों का चुनाव होगा। आरक्षण रोस्टर के आधार पर जो पात्र है वहीं महापौर बन सकता है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव दलगत राजनीति से ही होगा।

### हमने गांगुली को बीसीसीआई का...

गांगुली के साथ मेरी इस बारे में कोई डील या मीटिंग नहीं हुई।'' शाह से पूछा गया कि गांगुली बीसीसीआई अध्यक्ष पद के बदले पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव 2021 में भाजपा का चेहरा होंगे? इस पर गृह मंत्री ने कहा, ''यह सिर्फ सौरव गांगुली के खिलाफ गलत बातें कही जा रही हैं। वैसे भी हमें बंगाल में किसी चेहरे की जरूरत नहीं। बगैर चेहरे के भी हमने लोकसभा चुनाव में 18 सीटें जीती थीं। इसका मतलब यह नहीं कि चेहरों की जरूरत ही नहीं, लेकिन हम किसी एक के बगैर भी चुनाव जीत सकते हैं।''

### 'म्हारी छोरी छोरों से कम है के', दुनिया बोली ...

सिर्फ विकास और राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर दिए गए आपके वोट ने बांटने वाली शक्तियों को खत्म कर दिया है। हमने बीते 5 सालों में विकास की बुनियाद रखी। उस पर सशक्त भारत के निर्माण का काम शुरू हो चुका है। भारत के निर्माण का यह असर गरीब के घरों और गांवों में दिख रहा है। केवल हरियाणा ने नहीं बल्कि पूरे देश के गांवों ने खुले में शौच से मुक्ति का संकल्प सच कर दिखाया है। हर घर जल पहुंचाने के मिशन में सरकार अहम भूमिका निभा रही है।''

### मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को नहीं ...

से प्रत्याशी डॉ. नितिन राउत के प्रचार में उन्होंने कहा कि हास्यास्पद यह है कि महाराष्ट्र में गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है जो नागपुर की ही एक सीट से विधायक हैं, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी भी इसी शहर से सांसद हैं। फिर भी नागपुर कानून व्यवस्था, बदहाल सड़कों जैसी कई समस्याओं से गुजर रहा है।

### भाजपा नेता व पूर्व कलेक्टर ...

घोषित की गई है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने इस मामले में पूर्व दायर रिट 53/2014 की सुनवाई करते हुए 15 सितंबर 2016 को आदेशित किया था किए राज्य सरकार जाँच करे। इस आदेश के परिपालन में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया और जस्टिस टी पी शर्मा को जाँच की जवाबदेही सौंप दी गई थी ।

### राशन कार्ड में हुई गड़बड़ी तो ...

में विजयी हुई देवती कर्मा के बाद अब भूपेश सरकार में उन्हें मंत्री बनाये जाने की अटकलें तेज हो गई है..ऐसे में प्रदेश के किसी एक मंत्री को बैक टू पवेलियन होना पड़ेगा..जिस पर मंत्री भगत का कहना था..की यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है..की वे किस मंत्री को हटाएंगे है.।

### राज्यपाल अनुसूईया उईके औचक ...

व्यवस्था देखी तो उन्होंने डॉक्टरों को जमकर फटकार लगाते हुए सवाल किया कि मरीजों को क्या यही पानी पिलाते हैं? राज्यपाल की फटकार के बाद अस्पताल के डाक्टर घबरा गए और उन्होंने अस्पताल की तमाम व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त करने के साथ ही मरीजों का अच्छा इलाज करने के साथ ही और सुविधाओं को बेहतर करने का आश्वासन दिया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : केआरएम टावर्स, ८वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई - 600031. फोन: +91 44 4564 4000 फैक्स: +91 44 4564 4022.

IDFC FIRST Bank

(वित्तीय परिसम्पत्तियां तथा सुरक्षा राशि ब्याज अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना)

निम्नलिखित ऋणप्राप्तकर्ता तथा सह-ऋणप्राप्तकर्ताओं ने पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** से निम्नलिखित सुरक्षित ऋण सुविधाएं उपलब्ध की है। तथा निम्नलिखित ऋणप्राप्तकर्ताओं तथा सह-ऋणप्राप्तकर्ताओं हेतु उनकी संबंधित सम्पत्तियों के रेहन प्रस्तुत तथा गिरवी कार्य के माध्यम द्वारा सुरक्षित प्राप्त हैं तथा जैसा कि सम्बंधित ऋण समझौता पत्र की नियम तथा शर्तों के पालन हेतु असफल तथा त्रुटिपूर्ण है तथा अनियमित भी हो गए हैं तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुख्य मार्ग दर्शिकाओं के अनुसार उनकी राशि NPA अनुसार वर्गीकृत है तथा पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** हेतु उनके द्वारा देय राशियां निम्नलिखित सारणी में विवरण अधिक विशिष्ट रुप में जारी है तथा संबंधित सूचनाओं के अनुसार अंकित है तथा आगे कथित राशि में आगे ब्याज राशि, उनकी संबंधित तिथियों से प्रभाव से साथ समझौता पूर्ण दर के अनुसार उक्त को वसूल किया जाएगा तथा कथित राशिओं मे आगे ब्याज लागू योग्य अनुसार होगा ।

| क्र. सं. | ऋण राशि क्रमांक | ऋण का प्रकार | ऋण प्राप्तकर्ताओं का नाम | धारा १३(२) सूचना के अनुसार शेष बकाया राशि | सूचना तिथि | सुरक्षित प्राप्त सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15019615 | होम लोन | 1. जसविंदर सिंह 2. परमजीत कौर | रु. 28,52,343.74/- | 27.09.2019 | प्लॉट नं.-60,61,62, केएच नं. 844/18,पी.एच.नं.14/19,मौजा खुर्द,तहसील और जिल्हा दुर्ग सी.जी. -491001. |

एतद्द्वारा प्रतिवादी हेतु इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अन्दर उनकी संबंधित तिथियों तथा अन्य लागतों, मूल्यों इत्यादि से इनके अन्तर्गत ब्याज दर की ठेकादर के साथ उपरोक्त सरणी में दर्शाए गए अनुसार पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** हेतु देय है तथा जिसमें असफल तथा त्रुटि में कार्यालय, अधोहस्ताक्षरी (सरफाईसी) अधिनियम की धारा 14 तथा धारा 13(4) अन्तर्गत प्रारम्भिक विधिक प्रक्रिया हेतु बाध्य होगा तथा पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** हेतु देय राशि की वसूली हेतु यहां उपरोक्त अंकित अनुसार रेहन प्रस्तुत तथा गिरवी कार्य सम्पत्तियों के सम्मुख है तथा आगे प्रतिवादी कथित अधिनियम की धारा 13(13) के अन्तर्गत बिक्री कार्य प्रक्रिया/पट्टा कार्य अन्यथा के माध्यम द्वारा या तो कथित सुरक्षित परिसम्पति के हस्तांतरण कार्य से प्रबंधित तथा निषेध हैं।

हस्ताक्षर/-
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)

तिथि : 16.10.2019
स्थान : छत्तीसगढ़



**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

क्र./2853/सं.अधि./19, राजनांदगांव दिनांक 15.10.2019

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजनांदगांव द्वारा दीनदयाल आवास योजना कौरिनभाठा राजनांदगांव में मण्डल द्वारा निर्मित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 398 (प्रथम तल) का आबंटन श्रीमती गीता भौतेकर पति श्री राधेलाल भौतेकर के नाम से किया गया है। जिसका पंजीयन निष्पादन नहीं हुआ है। आबंटन श्रीमती गीता भौतेकर कि दिनांक 12.05.2018 को मृत्यु हो चुकी है। मृतक आबंटी के पुत्री श्रीमती वीणा रामटेके द्वारा संदर्भित आवेदन प्रस्तुत कर नामांतरण करवाने का अनुरोध किया गया है जिसके लिए मृतक आबंटी पति राधेलाल भौतेकर पिता सक्टू भौतेकर एवं मृतक आबंटी के भाई श्री अनिल भौतेकर पिता श्री राधेलाल भोतेकर तथा बहने श्रीमती अंजु ताभाने पिता श्री राधेलाल भौतेकर, श्रीमती संध्या बंसोड़ पिता श्री राधेलाल भौतेकर, कु. नीरू भौतेकर पिता श्री राधेलाल भौतेकर के माध्यम से शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदिका द्वारा आबंटी की मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र संलग्न किया है।

अतः आवेदक के पक्ष में उनके अनुरोध पर मण्डल द्वारा नामांतरण की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधी में आपत्ति प्राप्त न होने पर मण्डल द्वारा आवेदक के पक्ष में नामंतरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जावेंगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**



**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

क्र./2854/सं.अधि./19, राजनांदगांव दिनांक 15.10.2019

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा निर्मित अटल आवास मनकी जिला राजनांदगांव में अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्रमांक 58, आबंटन श्रीमती गीता सोनी पति स्व. श्री माखन सोनी जिला राजनांदगांव को किया गया है। मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 01.07.2018 को हो चुकी है। श्रीमती नीता सोनी द्वारा जीवित काल में भवन का उत्तराधिकारी अपने नाति श्री अनुरोग सोनी पिता श्री भरत लाल सोनी को बनाया है। परन्तु नोमिनी श्री अनुराग सोनी के द्वारा 50 रु. के स्टेम्प में सहमति देते हुए अपनी माता श्रीमती सुधारानी सोनी पति श्री भरत लाल सोनी के नाम पर नामांतरण करने का अनुरोध किया है। मूल आबंटी की मृत्य होने के पश्चात् श्रीमती सुधारानी सोनी द्वारा संदर्भित पत्र एवं सहमति पत्र प्रस्तुत पत्र नामांतरण करने का अनुरोध किया है।

अतः आवेदक के पत्र में उनके अनुरोध पर मण्डल द्वारा नामांतरण की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर सह प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले कोई भी आपत्ति आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगी तथा कार्यालय द्वारा नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

## क्विक न्यूज

### प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिस के लिए 12 लाख रूपये की राशि मंजूर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में मृत के वारिस के लिए 12 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। उन्होंने विकासखंड बैकुण्ठपुर के ग्राम गढ़ेलपारा के ओमकार विश्वकर्मा की झुमका बांध में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस शकुन्तला विश्वकर्मा, ग्राम चारपारा की सपना कुमारी की कुआं में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस चन्द्रिका प्रसाद एवं ग्राम कोरिया कालरी के विजय सिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस गंगा सिंह के लिए 4-4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। उन्होंने इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी है।

### समस्त अधिकारी, कर्मचारी के मूल्यांकन पारिश्रमिक की राशि का वितरण आज

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर के प्राचार्य ने आज यहां बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2019 के केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर से संलग्न जिले के समस्त अधिकारी, कर्मचारी के मूल्यांकन पारिश्रमिक की राशि का वितरण 16 अक्टूबर को मूल्यांकन केंद्र से किया जायेगा।

### भाजपा का धरना प्रदर्शन आज

**गरियाबंद।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस सरकार के गलत नीति के विरोध में 16 अक्टूबर को बस स्टैण्ड गरियाबंद में 12 बजे से 5 बजे तक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रखा गया है। धरना में जिले के समस्त वरिष्ठ नेता जनप्रतिनिधि मंडल एवं जिला संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# बीहड़ जंगल पहाड़ी पर शरद पूर्णिमा की रात मेला में पहुंचे हजारों लोग





## देवी देवताओं की शोभायात्रा निकालकर पहाड़ी का भ्रमण, लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किमी दूर बम्हनीझोला से कच्ची मार्ग व पहाड़ी वाले दुर्गम मार्ग से होते हुए हजारो लोग पैदल, ट्रैक्टर, जीप व अन्य साधनों से बड़ी संख्या में चौकसील मेला में शामिल होने शरद पूर्णिमा की रात तक पहुंचे । सोमवार को समापन अवसर पर चौकसील पहाड़ी के उपर गढ़िया माता के दरबार मे तीन दिवसीय मेला का देवी देवताओं को विधिवत पान सुपारी नारियल भेंटकर देर शाम तक विदाई समारोह आयोजित किया गया। चौकसील मेले के समापन के अवसर पर 52 गढ़ बारहपाली सहित प्रदेश के कोने कोने से पहुंचे हजारों लोगों ने क्षेत्र की खुशहाली की कामना लिये पहाड़ी के उपर गढहिया माता, गादी मां, माता कुलेश्वरी, बारह पाली के देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना श्रृंगार कर देवी देवताओं की शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा पहाड़ी के उपर देव स्थल का भ्रमण किया देवी देवताओ की आकर्षक, हैरत अंगेज कर देने वाले नृत्य व शौर्य प्रदर्शन को देखने व उनसे आशीर्वाद लेने हजारों की संख्या मे लोग पहुंचे थे। इस दौरान कार्य म में अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष मैनपुर पुस्तम कपिल, जनपद सदस्य परमेश्वर यादव, नंगल्दी सरपंच रासेन्द्र पुजारी, गोविन्द रेंगे प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, आदिवासी नेत्री शीला ठाकुर जिला उपाध्यक्ष आदिवासी समाज, कन्हैया मांझी विस उपाध्यक्ष बिन्द्रानवागढ़, खमेश्वर मांझी मालपड़ा उड़ीसा, पूरन मेश्राम जिला मीडिया प्रभारी जस निप्र कांग्रेस, जगदीश दास, चेतन मरही गोड़वाना अध्यक्ष मैनपुर, सुबास, इन्दर सिंह नेताम पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, अजित बेहरा, रोहित कुमार तिवारी शामिल हुए।

### डांग, डोली, बाना सांगा लिये पहुंचे बस्तर, उड़ीसा के देवी देवता

चौक सील गढ़हिया माता स्थल पर तीन दिवसीय मेला मे शामिल होने क्षेत्र के साथ साथ बस्तरए उड़ीसा से बड़ी संख्या मे देवी देवता डांग, डोली, बाना, सांगा आंगा के साथ पहुंचे देवी देवताओं की आज दोपहर को विशेष पूजा अर्चना व सभी देवताओं की एक साथ शोभा यात्रा निकाली गई, इस शोभा यात्रा को देखने व देवी देवताओं से आशीर्वाद लेने हजारों की संख्या मे लोग उमड़ पड़े साथ ही रातभर गोण्डी धर्म संस्कृति से संबंधित झाखर पुजारी बैगा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं व धर्म से संबंधित चर्चा किया गया और शरद पूर्णिमा की रात इस पहाड़ी के ऊपर यहां लगभग 20 हजार श्रद्धालु ग्रामीण पहुंचे थे जिनके लिए समिति द्वारा महाभण्डारा भोजन की व्यवस्था किया गया थाए चौकसील पहाड़ी मे बिजली की व्यवस्था नहीं है लेकिन शरद पूर्णिमा की रात यहां चंद्रमा की रौशनी मे पूरी रात विभिन्न कार्य म आयोजित किये जाते है जो अपने आप में एक मिशाल है।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रातभर बांधे रखा दर्शकों को

चौकसील पहाड़ी के ऊपर शरद पूर्णिमा की रात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उड़ीसा प्रांत से भी रंगारंग नृत्य का आयोजन किया गया, पूरी रात बिखरती चांदनी में यह रंगारंग कार्यक्रम हजारों दर्शकों को बांधे रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग तरंग केकराखोली धमतरी, पाहाड़ीपारी कूपार लिंगो कर्मादल कोयबा, काली कर्मा नर्तक दल देवठाना शक्ति पीठ मंदागमुड़ा, कोयावंशी डांस ग्रुप गोना द्वारा सुबह तक समा बांधे रखा। गौरतलब है कि क्षेत्र के लोगों के लिए चौकसील मेला किसी त्यौहार से कम नहीं है हर गांव से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते है और साल दरसाल यहां लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है, सोमवार को दोपहर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

# युवा मंच-बाबूजी फाउंडेशन ने शरद पूर्णिमा पर बांटा प्रसाद



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कबीर युवा जागरण मंच व बाबूजी फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से शरद पूर्णिमा में भजन व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। शीत ऋतु के आगमन के मधुर बेला पर कबीर युवा जागरण मंच व बाबूजी फाउंडेशन द्वारा समय समय पर धार्मिक आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में शरद पूर्णिमा के पावन सुअवसर पर भजन गायक धन्नू रजक देवरी व उनके साथी के द्वारा सद्गुरु व प्रभु रामचंद्र की महिमा का बखान किया गया। सभी आनंद रस में मंत्रमुग्ध होकर भजनामृत रसपान किए तत्पश्चात कार्यक्रम में आरती पूजा कर खुले आसमान में शीत अमृत के बूंदों के बाद खीर पुरी का प्रसाद वितरण किया गया। जीवन में शीतलता व आनंद की सुख समृद्धि सभी को सदगुरु कबीर साहेब की कृपा से भक्ति व अध्यात्म दया प्रत्येक मानव के मन में भाईचारा हो उनसे यही कामना किया गया। उपस्थित सदस्य मुकेश साहू, संतोष साहू, विवेक साहेब, तिलक साहूए अमृत साहू, प्रेम साहू, जितेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, दिलीप साहू, आर्यन साहू व बाबूजी फाउंडेशन से तोरण साहू, तेज प्रकाश जैन, गोपाल शर्मा, आकाश अग्रवाल, कन्हैया साहू, अमितए जीत नारायण साव आदि थे।

# कृषि महाविद्यालय में मित्र फफूंद मेटाराइजियम घोल उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया में मित्र फ फूं द मेटाराइजियम अब उपलब्ध है। इस फ फूंद की खास बात के अनुसार मित्र फ फूं दी के अंदर फ ल.फू ल एवं अनाज वाले फ सलों को नुकसान पहुंचाने वाले विभिन्न कीटों की लगभग 200 प्रजातियों को खत्म करने की क्षमता है। महाविद्यालय के डीन डॉ केपी वर्मा ने बताया कि किसान भाई इसका प्रयोग धान, गेहूं, मक्का, गन्ना, कपास, बाजरा, सोयाबीन, आलू, टमाटर,गोभी, भिण्डी, मिर्च, मूंगफली, मूली, प्याज, सरसों, विभिन्न प्रकार की फसलों में कर सकते है। इस मित्र फ फूं द को मुख्यतः कद्दू के लाल कीट, दीमक, मिली बग, माइट, भूरा भूदका, हरा भूदका, सफेद लटए भूरा माहों एवं थ्रिप्स जैसे चुशक कीटों को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह मित्र फ फूं द कीट की किसी भी अवस्था जैसे, अंडा, इल्ली, प्यापा एवं प्रौ सभी को खत्म करने की क्षमता रखता है। इसके प्रयोग के बाद 4 से 10 दिन के अंदर कीट के ऊपर एक सफेद सतह के रूप में फैलकर एक जाल बनाकर इसे खत्म करता है। इस फ फूं दी का प्रयोग पानी में घोल बनाकर छिड़काव करके अथवा मिट्टी में खाद के साथ मिलाकर किया जा सकता है।

# सैकड़ों की तादाद में लोग उमड़े गांधी विचार पद यात्रा में

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर/पखांजूर
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी जी के विचारों उनके आदर्शों को जन जन तक पहुचने के लिए, क्षेत्र में बृहद स्तर पर गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन कियाजा रहा है। जिसमें सभी वर्गो के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इस यात्रा की सराहना हो रही है। कोयलीबेड़ा ब्लॉक के पखांजूर में मंगलवार को भी यात्रा निकालकर लोगो को गांधी जी के आदर्शों को उनके सिद्धान्तों को अपनाकर
सफलताओं की बुलंदियों को प्राप्त करने की बात कही। इस विचार पद यात्रा के दरमियान अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने आम लोगो से मुखातिब होकर उन्हें गांधी जी के पदचिन्हों पर चलने की अपील की।उन्होंने कहा कि गांधीवादी विचारधारा से ही समाज तथा राष्ट्र की सकारात्मक विकास सुदृण होती है। महात्मा गांधी जी जैसे राष्ट्र निर्माता दुनिया में बिरले ही होते है। नाग ने लोगों को गांधीजी के सत्य, प्रेम अहिंसा की की सिद्धान्तों को चरितार्थ करने की अपील किी। उन्होंने गांधी के जीवन चरित्र, उनके सादगीपूर्ण जीवन शैली, उनके त्याग समर्पण आदि का भी जिक्र किया गया।



**समाजसेवी संस्थाओं का योगदानः** इस प्रकार के उद्देश्यमूलक राष्ट्रहित और जनहित कार्यो का काफी प्रशंसा कर समाजसेवी संस्था छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मानव संसाधन विकास समिति द्वारा इस पदयात्रा में हिस्सा लिया गया।उक्त पदयात्रा कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक अनूप नाग जी वरिष्ठ कांग्रेसी बप्पा गांगुली, ब्लॉक कोंग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत, पंकज शाह सोमेन मंडल,अमर मंडल, राजदीप हालदार, सुप्रकाश मल्लिक, रामु राय, मनीष स्वपन माली आदि सभी कांग्रेसी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग हिस्सा लिया।

# विशेष ग्राम सभा का आयोजन

### जनपद पंचायत खड़गवां के 20 ग्राम पंचायतों में होगा

**बैकुण्ठपुर।** पंचायत खड़गवां के अंतर्गत 20 ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु दो चरणों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को संबंधित सरपंच अथवा सचिव को इसकी सूचना देने एवं पर्याप्त मुनादी कराकर ग्राम सभा के सदस्यों और ग्रामीणों को सूचित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रथम चरण की ग्राम सभा 16.10.2019 को संपन्न होगी जिसमें सकरिया, पैनारी, सलका, शिवपुर, कदरेवां, पेण्ड्री, जिलीबांध, रतनपुर, पोड़ीडीह और मंगोरा ग्राम पंचायतें शामिल हैं। द्वितीय चरण की ग्राम सभा 22.10.2019 को संपन्न होगी जिसमें भरदा, जिल्दा, कटकोना, मुगुम, पटमा, सैंदा, तामडांड़, टेडमा, तालगा और उधनापुर ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

# टमाटर-प्याज के बाद अब लहसून में आई तेजी, 180 रुपए किलो

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

टमाटर और प्याज़ के बाद अब लहसून में तेज़ी आने लगी है। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन से जो लहसून 120 से 180 रुपए किलो पर मिल रहा था वह दूसरे दिन 140 से 200 रुपए किलो पर बिकने लगा है। इधर मध्यप्रदेश और राजस्थान जैसे उत्पादक राज्यों में बोनी के समय में बारिश से बाज़ार का पूरा समीकरण बिगाड़ दिया है। अब नई फ़सल दिसंबर के बजाय जनवरी तक आने की संभावना है इसलिए बाज़ार तेज़ी लेने लगा है। देश के प्रमुख उत्पादक राज्य मध्यप्रदेश और राजस्थान से बाज़ार तक तेज़ी की ख़बरें आने लगी है। इन दोनों राज्यों में मॉनसून का विलंब और एन बोनी के समय हुई बारिश ने किसानों को एक माह आगे बोनी करने के लिए मजबूर कर दिया है। इससे बाज़ार में अब लहसून की माँग पूरी करने के लिए शेष बचे स्टाफ़ पर निर्भर होना पड़ गया है। त्योहारी सीज़न की मांग निकालने के बाद माँग और आपूर्ति में बड़ा अंतर आते ही लहसून अब तेज़ी की राह पकड़ चुका है। इससे थोक व चिल्हर बाज़ार में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। बाज़ार सूत्रों की मानें तो लहसून क़ीमतों की तेज़ी के मामले में प्याज़ को पीछे छोड़ सकता है।

### उत्पादन से मांग ज़्यादा

देश में राजस्थान और मध्यप्रदेश ही ऐसा राज्य है जिसके दम पर देश को लहसून की आपूर्ति होती है। इन दोनों राज्यों में ऐन बोनी के समय हुई



बारिश ने किसानों की पूरी तैयारी फ़ेल कर दी है। वैसे तो सितम्बर तक बोनी का काम पूरा कर लिया जाता है और दिसंबर में नई फ़सल की आवक शुरू हो जाती है लेकिन ठीक बोनी के समय हुई बारिश के बाद इन दोनों राज्यों में लहसून की बोनी अब तक शुरू नहीं हो पाई है क्योंकि खेतों में जल भराव पूरी तरह ख़त्म नहीं किया जा सका है। बता दें कि बीते साल इन दोनों राज्यों ने मिलकर 16 लाख 11 हज़ार टन लहसून का उत्पादन किया था रक़बा बढ़ने के बाद इस बरस 28 लाख 36 हज़ार टन लहसून उत्पादन का अनुमान है। मांग का हाल यह है कि पुरानी फ़सल के स्टाफ़ अंतिम दौर में है और नई फ़सल मे अभी दो माह समय हैं।

# राज्य स्तरीय सॉफ्ट बॉल ग्यारह खिलाड़ियों का हुआ चयन

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय सॉफ्ट बॉल खेल के लिए शिवरीनारायण नगर से ग्यारह (11)खिलाड़ियों का हुआ चयन । नगर के खिलाड़ियों ने जांजगीर में हुए

सॉफ्टबाल वर्ग (बालक.बालिका) 17 वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । पहले मैच में बालक वर्ग ने कोरबा जिला को 15 . 00 के अंतर से हराया और अपने दूसरे मैच में जांजगीर जिले सक्ती को 10 . 00 के बड़े अंतर से हरा कर फ ाइनल मुकाबला अपने नाम किबालिका वर्ग में कोरबा जिला को 10. 00 से हरा कर

फ ाइनल में प्रवेश किया और फ ाइनल मैच में सकती से 07.00 के अंतर से हराकर फाइनल अपने नाम किया। शिवरीनारायण की



टीम में (बालक वर्ग) में अंकित पटेल,कान्हा आदित्य,एदुपांशु कैवर्त्य,राजेश यादव,खेमेन्द्र कैवर्त्य (अमित) हर्षवर्धन कैवत्य,ताहिर खान, राहुल मिश्रा और अतरिक्त खिलाड़ी के तौर पर भूपेश प्रजापति बालिका वर्ग में योगिता कैवर्त्य, जिज्ञासा यादव, मीनाक्षी कष को16 अक्टूबर से डोंगरगढ़ में होने जा रहे राज्यस्तरीय सॉफ्टबाल 17 वर्ष (बालक.बालिका) प्रतियोगिता में जांजगीर चाम्पा टीम में शामिल किया गया है।

# आदर्श गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन और विक्रय शुरू



पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में जिले के आदर्श गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन और विक्रय शुरू हो गया है। कलेक्टर ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट एक अच्छी किस्म की खाद है। यह साधारण कम्पोस्ट खाद से ज्यादा लाभदायक है। जैविक खेती करने वाले किसानों तथा उद्यानिकी फसलों के लिए वर्मी कम्पोस्ट लाभकारी है।

कृषि विभाग के सहायक संचालक एस.एन.ताम्रकार ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हेतु तकनीकी अमलों, स्वसहायता समूहों के सदस्यों व गौठान समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आदर्श गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय शुरू हो गया है तथा वर्मी कम्पोस्ट की मॉग भी आने लगी है।

### कांग्रेस सरकार का अपनी साख बचाने के लिए लिया निर्णय

# अप्रत्यक्ष चुनाव, कांग्रेस सरकार को अस्तित्व का डरः मनीष

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनावों को अप्रत्यक्ष रूप से कराने का यह निर्णय कांग्रेस सरकार का अपनी साख बचाने के लिए लिया गया निर्णय है। अपनी गिरती लोकप्रियता और अस्तित्व का डर उसे यह करने के लिए मजबूर कर रही है। दस महिने में ही कांग्रेस सरकार को अपनी जमीनी हकीकत का अंदाजा हो गया है वह भली भॉति जान चुकी है कि अगर वह प्रत्यक्ष रूप से मतदान कराती है तो इससे नगरीय निकाय चुनाव में उसे बुरी तरह हार का सामना करना



पड़ेगा जो कि वह कतई नही चाहती है। इसी कारण वह धनबल, बाहुबल, छल कपट की राजनीति कर काबिज होना चाहती है, जो कि उसकी पैदाइशी बीमारी है। उक्त बाते भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष मनीष हरित ने कही है। उन्होंने कहा कि आज अपनी साख बचाने यह झूठी, लबरी सरकार जनता का हक उससे छीनकर अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने का निर्णय ले रही है। वास्तव में लोकसभा चुनावों में जो करारी शिकस्त कॉग्रेस को मिली है उससे कांग्रेस घबरा गई है। पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा की लोकप्रियता की वजह से वह डरी सहमी है, उसे अपनी स्थिति का पता लग चुका है कि वह प्रत्यक्ष रूप से मतदान करा कर यह नगरीय निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ नहीं हो सकती। इसलिए वह प्रशासन का दुरुपयोग कर साम, दाम, दण्ड, भेद की तर्ज पर अपने चिरपरिचित अंदाज में छद्म बाहुबल, अलोकतांत्रिक तरीके से डर भय पैदा कर यह चुनाव में जितने का हर सम्भव प्रयास करना चाहती है। उन्होने कहा कि जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस को निकाय चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं से कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा। पार्टी हर मोर्चे में इस कायराना निर्णय का विरोध करते हुए लड़ने को तैयार है।

# हाउसिंग बोर्ड में आवास दिलाने के नाम 3.60 लाख की ठगी

### पीड़ितों ने की थाने में शिकायत

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के आवास देने के नाम पर विभिन्न लोगों से 50.50 हजार रूपये कुल 3 लाख 60 हजार रूपये लेने वाले के खिलाफसिटी कोतवाली ने पीड़ितों के द्वारा रिपोर्ट किया गया। इस संबंध में जानकारी के अनुसार अजय उमरे के खिलाफसतीश दुबे निवासी पंडरिया जिला कवर्धा के द्वारा हाउसिंग बोर्ड बेमेतरा बीजाभाट में आवास दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये ठग लिए जाने का मामले की शिकायत पर कोतवाली थाने में एफ आरआई दर्ज कराया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बेमेतरा थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि अजय उमरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया गया है और जांच कार्य में लिया गया है इस संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से सतीश दुबे ने आगे बताया कि बेमेतरा के ग्राम बीजाभाट में निर्मित होने वाले हाउसिंग बोर्ड के आवास दिलाने के नाम पर 8 लोगों से 50.50 हजार रुपये की राशि ली गई और फर्जी तौर पर रेरा के नाम रसीद दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### एसएम चौधरी ने निदेशक वित्त का पदभार ग्रहण किया

**बिलासपुर।** निदेशक (वित्त) एस.एम. चौधरी ने एसईसीएल के नए निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण किया। लगभग तीन दशकों से अधिक समय से कोयला उद्योग में विभिन्न पदों पर चौधरी ने अपनी सेवाएं प्रदान की है। एसईसीएल में निदेशक (वित्त) का प्रभार ग्रहण करने के पूर्व वे डब्ल्यूसीएल, नागपुर के निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे। इसी दौरान उन्होंने 28 दिसंबर 2018 से 04 अप्रैल 2019 तक एसईसीएल के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। पूर्व में वे कोलइण्डिया लिमिटेड, कोलकाता में महाप्रबंधक (वित्त) रहे हैं। चौधरी एक क्वालिफ इड चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट एण्ड मैनेजमेंट अकाउंटेंट एवं कंपनी सेक्रेटरी हैं। उन्होंने भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान से आईएफ आरएस और अप्रत्यक्ष कर पर प्रमाणित पाठ्यक्रम भी पूरा किया है। सेन्ट्रल कोलफ ील्ड्स लिमिटेड से खनन उद्योग में उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत की। चौधरी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

### ब्लॉक कांग्रेस की गांधी विचार यात्रा

# बिलासपुर में कुपोषण खत्म करने का अभियान चलाएगी कांग्रेस




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस बिलासपुर की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एक बिलासपुर ने गांधी विचार यात्रा आज मध्यनगरी चौक से ब्लॉक अध्यक्ष एवं पार्षद तैय्यब हुसैन के नेतृत्व में प्रारंभ की गयी।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नरेन्द्र बोलर नेता प्रतिपक्ष शेख नजरूद्दीन, प्रदेश सचिव महेश दुबे, टाटा, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव जावेद मेमन विशेष रूप से उपस्थित थे यात्रा मध्यनगरी चौक से पार्षद प्रत्याशी मंजू त्रिपाठी निवास होते हुए इदगाह चौक, मिशन हास्पिटल, सिम्स चौक, जूनी लाइन सदर बाजार, किशन चौक, खपरगंज, कालीमंदिर चौक होते हुए मध्यनगरी चौक में समाप्त हुई।

पार्षद एवं ब्लाक अध्यक्ष तैय्यब हुसैन ने कहा कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह यात्रा गांधी जी का संदेश लेकर जनता के बीच पहुंचने का माध्यम बन रही है। महात्मा गांधी के विचार आज के समय में सामयिक है। लोगों को गांधी के चरित्र और गांधी के संदेश के बारे में जागृत करना ही इस यात्रा का उद्देश्य है। यात्रा के दौरान जनता से सीधा संवाद करवाया है। गांधी का जीवन परिचय भी बांटा जा रहा है। यात्रा के साथ रघुपति राघव राजा राम का रामधुन भी बजता रहा। गली और घर से लोग यात्रा में शामिल होकर गांधी का स्वागत भी करते रहे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों, विचारों को जीवन में उतारने का लिया संकल्प



वर्तमान समय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों एवं विचारों को अपने जीवन में उतारने संकल्प लेना होगा। उक्त बाते बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरूण साव ने भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर आज विश्व प्रसिद्ध देवी महामाया मंदिर रतनपुर पहुंचकर देवी जी की पूजा-अर्चना तथा आर्शीवाद प्राप्त कर गांधी संकल्प यात्रा का शुभारंभ करते हुए कही। साव ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ रतनपुर मंडल एवं कोटा मंडल के विभिन्न वार्डों में पदयात्रा के माध्यम से आमजनों से रूबरू होकर गांधी जी के आदर्शों विचारों एवं भारत के भविष्य के नवनिर्माण की योजना की जानकारी देते हुए गांधी जी के आदर्शों एवं उनके बताए मार्गों पर चलने का आव्हान करते हुए कहा कि केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने देश के सर्वांगिण विकास हेतु कार्य कर रही है।

# खेती की जमीन की खरीदी-बिक्री, अवैध प्लाटिंग का फल-फूल रहा है कारोबार

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला बनने के बाद बाहरी लोगों के साथ नगर के लोगों में जमीन की खरीद बिक्री के साथ प्लाटिंग कर कालोनी बसाने का धंधा जोरों से फ लने फूलने लगा, किसानों की जमीनों का सौदा कर ये जमीन बिक्री करने वाले लोगों के सपनों से खिलवाड़ करने लगे हैं, देखते-देखते किसानों की जमीनों को कम दाम में अनुबंध करा कर ये लोग मोटी कमाई करने में लगे हैं वही किसानों को उनके हक का मूल्य भी नहीं मिल पाता है, प्रशासन के निर्देश के बाद भी अवैध कालोनियों को वैध किया जाना था किंतु प्रशासनिक उदासीनता के चलते ये कार्य भी लगभग ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है।

**अवैध कालोनी पर कसा शिकंजा** – कलेक्टर ने पद भार ग्रहण करते ही ऐसे कालोनियों पर कड़ाई से नियमों का पालन करने के लिए ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रारंभ की, जिसमें ऐसे लगभग 22 कालोनियों को अवैध की श्रेणी में रखा जिन्होंने टाउन एन्ड कन्ट्ररी प्लानिंग के नियमों का पालन नहीं किया था, लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाने वाले इन कालोनाइजरों के बोर्ड, होडिंग आदि को निकलवाने की मुहिम शुरू कराई, कुछ ऐसे कालोनी जिन्होंने कॉलोनाइजर एक्ट का पालन नहीं किया है ऐसे को अवैध घोषित कर दिया। नगर और आस पास में ऐसे की कालोनियां बनती जा रही हैं जिस पर लगाम लगाने की अत्यंत आवश्यकता है,, ताकि मासूम लोगो के सपनो से खिलवाड़ बन्द किया जा सके।

**अवैध नहीं हो सके वैध -** कुछ समय पूर्व शासन द्वारा निर्देश जारी किया गया था जिसके तहत नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अवैध कालोनियों पर प्रथम दौर में कार्यवाही प्रारंभ भी की गई थी जिसके तहत निर्धारित शुल्क वसूल कर अवैध कालोनियों को वैध किया जाना था परंतु समयानुसार कार्यवाही के अभाव में अवैध कालोनिया वैध नहीं हो पाई है।

**लोगों के सपनों से खेलते कॉलोनाइजर -** बिना बुनियादी सुविधा दिए ये कॉलोनाइजर लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाकर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हैं, जिसके चलते ऐसे लोगो के चंगुल में फंसने के बाद सिवाय पछतावे के कुछ नहीं रह जाता है, न सड़क की सुविधा, न बिजली की उचित व्यवस्था, न ही पानी निकासी के लिए नाली की व्यवस्था, बरसात में ऐसे कालोनियो में रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो जाता है।

# यात्री गाड़ियों की समयबद्धता, संरक्षा में बढ़ोत्तरी की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

संरक्षित रेल परिचालन एवं यात्री गाड़ियों की समयबद्धता को निरंतर सुनिश्चित करने के लिए जोनल मुख्यालय में संरक्षा एवं समयबद्धता बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में नियमित रूप से तीनों रेल मडलों में सुरक्षित एवं समयबद्वता से रेल परिचालन से संबंधित सभी मुददो का आंकलन किया जाता है ताकि रेल परिचालन सुरक्षित ढंग से लगातार किया जा सके।

इस बैठक में गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अपर महाप्रबंधक, समस्त विभागाध्यक्ष तथा विडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से बिलासपुर, रायपुर, नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक अन्य अधिकारीगण सम्मिलित हुए। इस बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनो मंडलों बिलासपुर, रायपुर तथा नागपुर में यात्री गाड़ियों की समयबद्धता का मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनो मंडलों बिलासपुर, रायपुर तथा नागपुर में संरक्षा को ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित करनें तथा यात्री गाड़ियों की समयबद्वता में उतरोत्तर सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये गए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में यात्री गाड़ियों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चलानें का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है एवं जोनल स्तर पर भी इसकी सतत् मानिटरिंग की जाती रहती है। क्षमता आवर्धन के लिए किए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के बीच यात्री गाड़ियों को समयबद्ध तरीके से चलाने के लिए किए जा रहे, सकारात्मक प्रयासों के परिणाम भी लगातार देखने को मिल रहे है।

# प्रतिभावान कान्यकुब्ज विद्यार्थियों का सम्मान


**मुंगेली।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा 10 नवम्बर रविवार को आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार रायपुर में कान्यकुब्ज ब्राह्मण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा । समाज के पं. सुशील शुक्ल ने बताया कि इस समारोह में गुजरात विधान सभा के अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर विभिन्न वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान किया जायेगा ।10 वीं और 12 वीं कक्षा में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा तथा 10वीं एवं 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा । इसी प्रकार कोर्स के सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद, कला, साहित्य, सांस्कृतिक (नृत्य, गायन) एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान सिल्वर मेडल एवं प्रोत्साहन राशि से किया जायेगा। सर्वोच्च अंक के निर्धारण के लिए पाँच विषय (जो कि अंक सूची में प्रथम लिखे होंगे) को ही मान्यता दी जायेगी । मुंगेली जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान उनके गृह जिले में होगा।

# जल्द ही शुरू होने जा रहा ई-चालान अब मैन्युअल सिस्टम होगा खत्म

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सड़कों पर लापरवाही पूर्वक और फर्राटेदार वाहन चलाने के दिन अब लदने वाले है । क्योंकि पुलिस अब ऐसे चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है मगर चालान मैन्युअल नहीं कटेगा जिसमे मोलभाव करने और पहुंच का फायदा उठाने की गुंजाइश रहती है बल्कि अब से चालान की कार्रवाई इलेक्ट्रॉनिक होगी तथा स्वाइप और बायोमेट्रिक मशीन के द्वारा चालान की राशि वाहन चालकों के बैक खाते से काटी जाएगी जो सीधे राज्य शासन के खाते में जमा होगी यानि नकद लेनदेन की गुंजाइश खत्म और निचले स्तर पर पुलिस कर्मियों के द्वारा किए जाने वाले भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकेगा ।

यातायात पुलिस और जिला पुलिस बल द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर के चौक चौराहों और शहर सीमा के बाहर भी बिना लाइसेंस ए बगैर हेलमेट के सड़कों पर बेधड़क धूमने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालान की करवाई की जाती रही है जिससे कुछ समय के लिए लापरवाह वाहन चालकों पर अंकुश के साथ ही जुर्माने की राशि से सरकार के खजाने में बड़ी राजस्व राशि जमा हो जाती थी मगर चालान कार्रवाई के दौरान अवैध वसूली और दुर्व्यवहार की भी लगातार शिकायते मिलती थी। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से अवैध वसूली तथा दुर्व्यवहार की शिकायतें की गई जिस पर गृहमंत्री ने तत्कालिक तौर पर व्यवस्था में बदलाव करते हुए सिर्फ पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को ही वाहनों की जांच करने का अधिकार दिया । जिसके बाद वाहनों की जांच में अघोषित रूप से रोक लगा दी गई थी ।

# स्वच्छता अभियान की बड़ी-बड़ी बात करने वाले जिला कार्यालय में अधिकारियों के नाक के नीचे की बोलती तस्वीरें


कलेक्टोरेट के पुरुष प्रसाधन की थूक से सनी तस्वीर, आम जनता को भी इन सब से बचना चाहिए।


कलेक्टोरेट के पुरुष प्रसाधन की ही यह दूसरी तस्वीर लेकिन अधिकारियों के केबिन में बने प्रसाधन की वजह से वो शायद इसे कभी देख नहीं पाए।


कलेक्टोरेट के पीछे के इस नाले को भी अधिकारियों ने शायद कभी नहीं देखा। बोतलों से सा? जाहिर है की रात को शराबखोरी भी जमकर चलती होगी।

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जहाँ एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया पर खुद कचरा उठाते नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राजनांदगांव जिले के कलेक्टोरेट में आला अधिकारियों के नाक के नीचे की ऐसी तस्वीरें शर्मिन्दा करने वाली हैं। रोज इस गंदगी को देखने के बाद भी सफाई पर ध्यान नहीं देने वाले ये वही अधिकारी हैं जो स्वच्छता के नाम पर ना केवल बड़े-बड़े आयोजनों में जाते हैं बल्कि आम जनता पर सफाई के नाम पर बड़े बड़े जुर्माने करने का प्रावधान भी इन्हीं लोगों ने बना रखा है।


कलेक्टोरेट परिसर में भसक चुके इस कुएं को शायद डेंगु के मच्छरों को पनपने के लिए ऐसा छोड़ दिया गया है।


कलेक्टोरेट परिसर में बने गार्डन में पानी पर तैरती काई भी अधिकारियों की आँखें खोलने में नाकाम है।

# फेडरेशन में आक्रोश, आज से रोज घेरेंगे कलेक्टोरेट

## जिलेभर के 12 हजार शिक्षक कल से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शिक्षक फेडरेशन अपनी मांगों को लेकर उग्र हो गया है। फेडरेशन ने बुधवार से अनिश्चितकालिन प्रदर्शन की तैयारियां पूरी कर ली है। आज से रोजाना लगातार कलेक?टोरेट का घेराव किया जाएगा। जिन मुद्दों को लेकर शिक्षकों के संघ में आक्रोश है उनमें अतिशेष शिक्षकों को वनांचल के स्कूलों में संलग्न किए जाने का मुद्दा भी शामिल है। इसके अलावा भी शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगें पूरी न होने के चलते आंदोलन का रुख किया है। 12 हजार शिक्षक एवँ शिक्षाकर्मी 16 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाएंगे।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन की ओर से आए बयान में कहा गया कि जबरिया ट्रांसफर व नियम विरुद्ध अध्यापन व्यवस्था को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने वर्षो से लंबित एरियर्स राशि भुगतान, समयमान वेतन सहित पुनरीक्षित वेतनमान का लम्बित एरियर्स भुगतान, मृत शिक्षकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति देने की मांग की है। इसके अलावा अतिशेष शिक्षकों को संकुल स्तर पर समायोजित करन, सीपीएस कटौती की राशि संबंधित शिक्षकों के खातों में जमा करने, जिलास्तर व ब्लाक स्तर पर प्रत्येक तीन माह में परामर्शदात्री शिक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने, विभिन्न शिक्षकों पर समय समय मे प्रशासन द्वारा दुर्भावना पूर्ण की गई कार्रवाईयों को रद्द करने सहित 22 सूत्रीय मांगों को पूरा किए जाने की मांग की है।



### उच्चाधिकारियों को दी गई हड़ताल की सूचना

विकासखण्ड मानपुर, मोहला, अम्बागढ़ चौकी, छुरियाए राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं छुईखदान सहित सभी 09 विकासखण्ड के बीईओ, सीईओ, तहसीलदार,एसडीएम व थानेदार सहित सभी सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को 16 अक्टूबर से अनिश्चिकालीन आंदोलन की सूचना दे दी गई है।

### जिला कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर घेरेंगे

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिला अध्यक्ष शंकर साहू, फेडरेशन के संस्थापक सदस्य व शिक्षक नेता जाकेश साहू और शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेश जैन ने संयुक्त तौर पर बताया कि 16 अक्टूबर से जिलेभर के स्कूलों में अनिश्चितकालीन तालेबंदी हो जाएगी। जिलेभर के 12 हजार शिक्षक एवं शिक्षाकर्मी जिला कलेक्टोरेट के सामने ओवरब्रिज के नीच, 11 बजे से 3 बजे तक एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर तीन बजे सभी शिक्षक हजारों की संख्या में जिला कलेक्टोरेट का 22 सूत्रीय मांगों की पूर्ति होते तक अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे।

### लगातार धरना पर बैठे हुए है शिक्षक

शिक्षकों ने बताया कि जिले के लगभग पौने दो सौ शिक्षक व शिक्षाकर्मियों को नियमविरुद्ध तरीके से उनके मूल पदस्थ शालाओ से लगभग 150 से 200 किलोमीटर दूर अध्यापन व्यवस्था के तहत पदस्थ करने से आक्रोशित शिक्षक 3 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक लगातार जिला कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। दशहरा अवकाश तक उक्त नियम विरुद्ध अध्यापन व्यवस्था रद्द करने सहित 22 सूत्रीय मांगों की पूर्ति हेतु जिला प्रशासन को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन एवं शिक्षक कांग्रेस द्वारा अल्टीमेटम दिया गया था। लेकिन अभी तक जिला प्रशासन द्वारा मांग पूरी नहीं होने से आक्रोशित पीड़ित शिक्षक विगत शनिवार 12 अक्टूबर से लगातार जिला कलेक्ट्रेड के सामने धरने पर बैठे हुए हैं।

## बाइक एक्सीडेन्ट में युवक की मौत




**डोंगरगांव नगर।** नगर सहित अंचल में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार इजाफे हो रहे हैं। बादराटोला करेठी तालाब समीप बाईक की भिडंत में एक बाईक चालक की मौत हो गई है। घटना सोमवार सुबह 8 बजे की बताई जाती है। बाइक चालक दिनेश चौधरी आत्मज स्वग्रामधीन चौधरी उम्र 40 वर्ष केरेगांव निवासी बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दिनेश अपने साथी देवानंद के साथ बादराटोला से अपने घर केरेगांव लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाईक क्रमांक सीजी 08 एएच 4325 से भिडंत हो गई। घटना में दिनेश चौधरी की गंभीर चोट की वजह से दर्दनाक मौत हो गई। डोंगरगांव पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

# मुख्यमंत्री की खैरागढ़ में 50 बिस्तर अस्पताल खोलने की घोषणा

■ प्रशासनिक तैयारियां शुरू

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की खैरागढ़ में 50 बिस्तर अस्पताल खोलने की घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के निर्देश पर खैरागढ़ एसडीएम निष्ठा पाण्डेय ने सोमवार सुबह खैरागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने केन्द्र के विभिन्न वार्डों में मरीजों से चर्चा कर इलाज की सुविधाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने केन्द्र के डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों से भी वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोषण पुनर्वास केन्द्र भवन का निर्माण तेजी से चल रहा है। पाण्डेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में ही नए 50 बिस्तर अस्पताल के लिए जगह भी देखी। इस जगह पर नए अस्पताल के लिए बहुमंजिला भवन बनाया



जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी के तीसरे प्रसारण में कल खैरागढ़ के एक जागरूक नागरिक की फीडबैक के आधार पर खैरागढ़ में 50 बिस्तर अस्पताल खोलने की घोषणा की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोषण पुनर्वास केन्द्र को भी जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही।

# विहिप ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में निर्दोष हिंदुओं की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूं का। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सत्ता घुसपैठियों को शरण दिए हुए है जिसके चलते उक्त राज्य के अंदरुनी हिस्से में आतंक पसरा हुआ है। उन्होंने बीत 10 अक्टूबर को मुर्शिदाबाद बंधु प्रकाश पाल और उनके परिवार की हत्या की भर्त्सना की। दोनों ही दलों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर



पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने का अनुरोध किया है। इसके अलावा उक्त हत्याकांड की सीबीआई जांच और दोषी को कड़ी सजा दिए जाने की मांग भी उन्होंने की है। पश्चिम बंगाल में एनआरसी लागू किए जाने की मांग रखते हुए हिंदुओं को संरक्षण दिए जाने की मांग भी विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेताओं ने की है।

## नगर निगम चुनाव मे कांग्रेस को हार का डर : शिव वर्मा

राजनांदगांव। नगर निगम सभापति एवं भाजपा नेता षिव वर्मा ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को हार का भय सताने लगा है इस लिए अपने लिए फैसले जल्दी.जल्दी बदलने लगी है आलम यह है कि अब तो गैर दलीय आधार पर नगरीय निकाय चुनाव करने को मजबूर हो ना पड़ रहा है ताकि भाजपा का जादू लोग के सिर चढ़ कर बोल न सके व प्रधानमंत्री का देश भक्ति पूर्ण काम के रौ में बह कर जनता भाजपा को थोक के भाव में वोट न दे सके। सभापति वर्मा ने कहा कि सत्य को कितने ही तालों में बंद कर के रखा जाए उसमें इतनी ताकत है कि वह लोहे को भी भेद कर सामने आ जाता है।

# विधायक के गांव आलीवारा में बनेगा मिनी स्टेडियम

■ सीसीरोड व सामुदायिक भवन के लिए स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ⮜ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए विधायक दलेश्वर साहू की अनुशंसा पर राज्य शासन से मुखयमंत्री समग्र विकास योजना व ग्रामीण विकास अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से करोड़ों रू की स्वीकृति के उपरांत 87 लाख रू मुखयमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत हुआ है। वहीं विधायक के गृहग्राम आलीवारा में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए 51.24 लाख रू स्वीकृत हुए है।

उक्त स्वीकृति अंतर्गत सामुदायिक भवन साहू पारा अर्जुनी 6.50 लाख रूए सामुदायिक भवन ढीमरा पारा टप्पा 6.50 लाख रूए सामुदायिक भवन आदिवासी पारा सोनेसरार 6.50 लाख रूए सामुदायिक भवन मोहभट्ठा 6,50 लाख रू शामिल हैं। इसी तरह गुंगेरी नवागांव, केदार गली नाथूनवागांव व सुदर्शन गली तेंदूनाला, आदिवासी पारा आसरा में सीसी रोड के लिए प्रत्येक गांव के लिए 2.60 लाख रू की राशि स्वीकृत हुई है। विकास कार्यो की स्वीकृति दिलाने पर मुखयमंत्री भूपेश बघेल, पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव,प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर व विधायक दलेश्वर साहू के प्रति कांग्रेसजनों ने आभार व्यक्त किया है।

## संस्कारधानी के वयोवृद्ध जोहन यादव गौ सेवा के लिए सम्मानित



**राजनांदगांव ।** शहर की सेवा भावी संस्था गौ सेवा रथ दो रोटी बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग द्वारा संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के 80 वर्षीय जोहन यादव का संस्था द्वारा गौ सेवा में अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मान किया गया। उन्हे संस्था अध्यक्ष राहुल अग्रवाल व समस्त अतिथियों द्वारा सम्मान स्वरूप शालए श्रीफल व नगद 500 रूपए एवं प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। जोहन यादव गौशाला पिंजरा पोल में विगत् 75 वर्षो से गौ सेवा हेतु जीवन समर्पित कर दिया है। उक्त जानकारी सचिव सौरभी खण्डेलवाल एवं कोषाध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा ने दी ।

जनप्रतिनिधियों के साथ आम नागरिक भी हो रहे पदयात्रा में शामिल

# गांधी विचार पदयात्रा : चार दिनों में 164 गांवों में पहुंचे पदयात्री

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गांधी विचार पदयात्रा जिले के शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह पूर्वक चल रही है। जिले के गांवों और शहरों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संदेश गूंज रहे हैं। पदयात्रा के दौरान जगह.जगह सभा आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संदेशों को जन.जन तक पहुंचाया जा रहा है। पदयात्रियों का पदयात्रा मार्गों में गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया जा रहा है। गांधी विचार पदयात्रा के लिए जिले के हर विकासखंड के लिए अलग.अलग रूट बनाए गए हैं। विकासखंडों में पदयात्रा हर दिन निर्धारित स्थानों से सुबह साढ़े 10 बजे शुरू हो रही है। पदयात्रा के दौरान प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार.प्रसार भी चल रहा है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी नरवाए गरवाए घुरवा और बाड़ी योजना के संबंध में विशेष रूप से आम लोगों को पदयात्रा में



जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी जा रही है। स्कूलों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शोंए विचारोंए संदेशों और उनकी जीवनी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

गांधी विचार पदयात्रा में 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक 9 विकासखंडों में 164 गांवों की यात्रा पूरी हो चुकी है। पदयात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ आम नागरिक और स्कूली बच्चे बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जिले में 11 अक्टूबर को 39, 12 अक्टूबर को 41, 13 अक्टूबर को 39 तथा 14 अक्टूबर को 45 गांवों में गांधी विचार पदयात्रा की गई।

# नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष पद चुनने का अधिकार पार्षदों को मिला

## राज्य सरकार के फैसले का कांग्रेस ने किया स्वागत

**भारत में प्रधानमंत्री इसी प्रणाली से चुना जाता है, खरीद फरोख्त की संभावना के आधार बना कर विरोध करने वाली भाजपा यह ना भूले कि मोदी दो बार इसी प्रणाली से चुने गए हैं।**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पार्षदों द्वारा नगरीय निकाय में महापौर और अध्यक्ष पद का चुनाव किए जाने के राज्य सरकार के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भारत की संसदीय प्रणाली में प्रधानमंत्री का चुनाव जनता द्वारा निर्वाचित सांसद और मुख्यमंत्री का चुनाव विधायक करते है तो पार्षदों द्वारा महापौर के चुने जाने पर भाजपा को आपत्ति क्यों है? भारतीय जनता पार्टी जान चुकी है कि उसके पार्षद जीतकर नहीं आने वाले हैं इसीलिए वह विरोध कर रही है। राजनीति में सक्रिय छोटे और आम कार्यकर्ता प्रत्यक्ष प्रणाली में महापौर हेतु चुनाव क्षेत्र बड़ा होने और खर्चीली चुनाव प्रि या के चलते सीधे तौर पर महापौर का चुनाव नहीं लड़ पाते और इस प्रकार से सि य प्रतिभावान कार्यकर्ता पीछे रह जाते हैं! पार्षदों के माध्यम से महापौर के निर्वाचन में ऐसे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को अपनी काबिलियत को साबित करने का मौका मिलेगा जो स्वागत योग्य है। खरीद फरोख्त की संभावना के आधार पर विरोध करने वाली भाजपा यह ना भूले कि मोदी दो बार इसी प्रणाली से तो चुने गये है। नगरीय निकाय के अध्यक्ष पदों का चुनाव अब पार्षद करेंगें। अब पार्षद अपने नगर निगम या नगर पालिका, नगर पंचायत के प्रमुख का चुनाव करेगी। नई प्रणाली से बहुत सारी विसंगतियां दूर होगी। पूर्व में इस प्रणाली में कई बार महापौर एक दल के होते थे, पार्षदों में दूसरे दल का बहुमत हो जाता था। दूसरे परिणामस्वरूप लगातार टकराव की स्थिति देखने को मिलती थी, कई बार तो बजट तक पास करवा पाना महापौर के लिए मुश्किल होता था, अगर पार्षद और नगरीय निकाय का प्रमुख एक ही दल के होंगे तो काम करने में भी आसानी होगी।

**भाजपा का वास्तविक चरित्र उजागर :** भाजपा द्वारा इस लोकहितकारी फैसले का विरोध किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव होता है लोग सीधे वोट देते है। भारत में प्रधानमंत्री का चुनाव सांसदो के द्वारा किया जाता है। भारत की लोकतंत्र प्रणाली अप्रत्यक्ष रूप



निर्वाचन प्रणाली है। क्या ये लोकतंत्र की हत्या है? ऐसा विरोध करके भाजपा अपने ही देश की शासन प्रणाली का उपहास उड़ाने का काम, विरोध करने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के इस लोकहितकारी फैसले का विरोध भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक चरित्र को उजागर करती है।

**ईवीएम शुरू से ही संदिग्ध रही :** प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि ईवीएम शुरू से ही संदिग्ध रही है। देश के भाजपा को छोड़ कर बाकी सारे राजनैतिक दल ईवीएम का विरोध कर रही है। ऐसी स्थिति में मतपत्र से चुनाव होता है तो कांग्रेस पार्टी इसका स्वागत करती है। मतदाताओं में इसका व्यापक स्वागत हो रहा है। ईवीएम पर छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से निगरानी रखी गयी थी और ईवीएम टेम्परिंग की घटनायें सामने आयी लोग लैपटॉप लेकर स्टांग रूम में घुसते थे और सिर्फ कोण्डागांव में ही नहीं हुआ बल्कि बेमेतरा और अनेक जिलों में ऐसी घटनायें सामने आयी। इन घटनाओं से बचने के लिये मतपत्र से चुनाव होना चाहिये।

## अप्रत्यक्ष महापौर चुनाव, लोकतंत्र पर कब्जे का षड़यंत्र: कौशिक



विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने निकाय चुनाव में अप्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर-अध्यक्ष चुनाव पर मंत्रिमंडलीय उपसमिति की सिफारिश को लोकतांत्रिक मूल्यों से खिलवाड़ बताया है। कौशिक ने कहा कि ईवीएम के बजाय मतपत्र और महापौर-अध्यक्ष चुनाव पार्षदों से कराकर प्रदेश सरकार और कांग्रेस लोकतंत्र पर कब्जा करने का षड्यंत्र रच रही हैं। धरमलाल कौशिक ने एक बयान जारी कर कहा कि अपनी विफलताओं से घबराए और गत लोकसभा चुनाव के नतीजों में अपना सूपड़ा साफ होने से भयभीत कांग्रेस नेता और प्रदेश सरकार ने अपने कर्मों पर पर्दा डालने के लिए यह निर्णय लिया है। ऐसा करके कांग्रेस ने प्रदेश के लोकतांत्रिक वातावरण को प्रदूषित करने और चुनाव बाद पवित्र जनादेश के साथ मनमाना खिलवाड़ करने का अपना मंसूबा जाहिर किया है। प्रदेश सरकार की यह कवायद साफ करती है कि वह जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों कुचलकर अपनी राजनीतिक मनमानी करने पर आमादा है और लोकतंत्र कांग्रेस के लिए कोई मायने नहीं रखता। अपने कर्मों और विफलताओं के बोझ से छटपटाती कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार को नगरीय निकाय चुनाव में अपनी हार का साफ संकेत मिल चुका है और इसीलिए उसने इस तरह का अलोकतांत्रिक कदम उठाया है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
हड्डी रोग विभाग
- आर्थोपैडिक सर्जरी
- ट्रामा ◆ फ्रेक्चर
- हाथ व पैर की जन्मजात विकृतियां
- घुटने व कूल्हे का प्रत्यारोपण
- आर्थोस्कोपिक सर्जरी
- इमरजेंसी ट्रामा केयर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

16 October PIONEER BAZAAR 2019

15 वर्षो से विश्वसनीय अब तक हजारों संतुष्ट ग्राहक
गंजापन से आजादी मात्र 1 घंटे में
लेटेस्ट सिलिकान बॉडिंग
Free Demo
बिना सर्जरी के अमेरिकन, (ट्रांसपेरेंट पैच) तकनीक से
मनचाहा हेयर स्टाईल पायें
Man & Woman
हेयर एण्ड केयर® विविंग प्वांइट
Before After
रायपुर शॉप नं.-19, प्रथमतल समवेत शिखर परिसर, एकात्म परिसर के सामने रजबंधा मैदान, रायपुर, मो.: 98271-03630, फोन: 0771-6451630
बिलासपुर ए-214, सी.-1 श्रीनारायण प्लाजा, दूसरी मंजिल, श्रीकांत वर्मा मार्ग के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर, मो.: 93006-60864, 98271-03630
Nice Pub.98271 78536

ITR TDS GST
इनकम टैक्स रिटर्न फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिटर्न फाईल- TDS रिफंड
संपर्क करें शेखर गुप्ता → 9300755544 9425165464
हमारे Tax Expert आपकी मदद करनें हेतु तैयार हैं।
देवेन्द्र नगर, रायपुर
WWW.ONLYTDS.COM

लोन लोन लोन लोन
50 हजार से 50 करोड़ तक के होम, मोर्टगेज एवं इंडस्ट्रियल लोन, प्रॉपर्टी टेकओवर, कंस्ट्रक्शन, सीसी लिमिट, पशुपालन, पोल्ट्रीफार्म, डेयरीफार्म, एग्रीकल्चर एवं बड़े-छोटे व्यापारों के लिए बिज़नेस व पर्सनल लोन आदि नेशनल एवं प्राइवेट बैंकों द्वारा फाइनेंस कराया जाता है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क- 8770775909, रायपुर। शर्तें लागू


होमलोन व मार्डगेजलोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रियकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होमलोन ब्याज दर मात्र 8.85 %*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 10 %*
*शर्तें लागू
- कोई छुपा खर्च नही
- कोई कमीशन नहीं
- फास्ट प्रोसेसिंग
- घर बैठे सुविधा
वर्तमान होम लोन, मार्डगेज लोन एवं सी सी लिमिट को ट्रांसफर कराएँ कम ब्याज दर पर कोई प्रोसेसिंग शुल्क नही लिया जायेगा।
Shri Siddhi Vinayak Finance
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, RAIPUR (C.G.)
Mo.9329002356

दोना पत्तल मशीन
सेमी आटोमेटिक मशीन में दोना पत्तल बनाओ और बना हुआ माल हमे वापस देकर एक निश्चित आय का साधन बनावें। पिछले 11 वर्षों का विश्वनीय संस्थान
नोटः- कोर्ट एग्रीमेन्ट वालो से सावधान रहे। कादम्बरी ट्रेडर्स हिरापुर रोड, महोबा बाजार अंडर ब्रिज के पास रायपुर
मो:8982606073, 9424215173

Toner Toner Toner Toner Toner Toner
12a Cartridge@400/-*
(Compatible)
12a Refilling @200/-*
12a Refilled Cartridge @300/-*
On spot refilling also available
*Condition Apply
Callaway
Ajit Tower, Ramsagarpara, Raipur
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध
9827146567, 7723917757, 9329846567, 9303903469

Contact for Advertisement- 7723917757, 9827146567, 9329846567, 9303903469




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित
संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403